

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 41 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 20 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## पीएम मोदी ने साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025 को किया संबोधित, कहा- प्राकृतिक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर भारत

पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कोयंबटूर को संस्कृति, दया और रचनात्मकता की धरती बताया और इसे दक्षिण भारत की उद्यमिता का शक्ति केन्द्र के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहर का वस्त्र सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान देता है। पीएम ने कहा कि कोयंबटूर ने अब और नाम कमाया है, क्योंकि इसके पूर्व सांसद सी.पी. राधाकृष्णन अब उपराष्ट्रपति के तौर पर देश का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

यह बताते हुए कि प्राकृतिक खेती उनके दिल के बहुत करीब का विषय है, पीएम मोदी ने साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट के आयोजन के लिए तमिलनाडु के सभी किसान भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा कि आने वाले सालों में, वे भारतीय खेती में बड़े बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। "भारत प्राकृतिक खेती का ग्लोबल हब बनने की राह पर है।" उन्होंने कहा कि देश की जैव-विविधता बदल रही है और युवा अब खेती को एक आधुनिक, बड़े पैमाने पर बढ़ने वाले अवसर के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती देगा।

पिछले ग्यारह सालों में पूरे कृषि क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों पर जोर देते हुए, पीएम मोदी ने बताया कि भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है और सरकार ने कृषि को मॉडर्न बनाने में किसानों की मदद के लिए हर मुमकिन रास्ता खोला है। यह बताते हुए कि अकेले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्कीम के जरिए, इस साल किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की मदद मिली है। श्री मोदी ने कहा कि सात साल पहले जब से पशुधन और मछली पालन




सेक्टर को केसीसी का फायदा दिया गया है, तब से इन एरिया में काम करने वाले लोग भी इसका बड़े पैमाने पर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैविक खाद पर जीएसटी में कमी लाने से किसानों को और भी अधिक लाभ हुआ है।

पीएम ने कहा कि कुछ देर पहले ही, इसी मंच से, प्रधानमंत्री-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की गई, जिससे देश भर के किसानों को 18,000 करोड़ रुपये उनके खाते में ट्रांसफर किए गए। उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि तमिलनाडु के लाखों किसानों को भी उनके खाते में पैसे मिल गए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस स्कीम के तहत, अब तक छोटे किसानों के बैंक खाते में सीधे 4 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं, जिससे वे खेती-बाड़ी की अपनी अलग-अलग जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। उन्होंने इस पहल से फायदा उठाने वाले करोड़ों किसानों को शुभकामनाएं दीं।

21वीं सदी की खेती के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ाने पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में, बढ़ती मांग की वजह से खेतों और खेती से जुड़े अलग-अलग सेक्टर में केमिकल का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। श्री मोदी ने कहा कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है, मिट्टी की नमी पर असर पड़ रहा है और हर साल खेती की लागत बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका हल फसल विविधता और प्राकृतिक खेती में है।

मिट्टी की उर्वरा शक्ति को फिर से बढ़ाने और फसलों की न्यूट्रशनल वैल्यू बढ़ाने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को प्राकृतिक खेती के रास्ते पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि यह एक विजन और जरूरत दोनों है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी जैव-विविधता को बचाकर रख सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्राकृतिक खेती हमें जलवायु परिवर्तन और मौसम के उतार-चढ़ाव का सामना करने में मदद करती है, हमारी मिट्टी को स्वस्थ रखती है और लोगों को नुकसानदायक रसायनों से बचाती है। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन इस जरूरी मिशन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस बात पर जोर देते हुए कि भारत सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है, पीएम मोदी ने बताया कि एक साल पहले, केंद्र सरकार ने प्राकृतिक खेती पर एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया था, जिससे लाखों किसान पहले ही जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का अच्छा असर खासकर दक्षिण भारत में दिख रहा है। अकेले तमिलनाडु में लगभग 35,000 हेक्टेयर जमीन पर अब जैविक और प्राकृतिक खेती हो रही है।

### मुम्बई: समुद्र मंथन अवॉर्ड्स समुद्री उद्योग को नई पहचान देने का माध्यम – मिजोरम के राज्यपाल वी.के. सिंह

मुंबई, महाराष्ट्र। मिजोरम के राज्यपाल और भारतीय सेना के



पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने वाले समुद्र मंथन अवॉर्ड्स की सराहना की।

**कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा—**

"समुद्र मंथन फाउंडेशन द्वारा दिए जाने वाले अवॉर्ड न केवल इस उद्योग से जुड़े लोगों को प्रेरित करते हैं, बल्कि यह संदेश भी देते हैं कि देश में एक ऐसा सेक्टर है जिसे अधिक ध्यान, अपनाने और आगे बढ़ाने की जरूरत है।"

उन्होंने फाउंडेशन को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समुद्री उद्योग के महत्व और संभावनाओं को सामने लाते हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु बोलीं: प्रगति आविष्कार से नहीं, उसके समाजहितकारी उपयोग से मापी जाती है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने कहा कि एनआईटी दिल्ली ने बहुत कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान आधुनिक अवसंरचना और शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**बहुविषयी शिक्षा और कौशल आधारित नवाचार से यह संस्थान छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है**

उन्होंने कहा कि बहु-विषयी शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल-जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर, यह संस्थान छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं के लिए सक्षम बना रहा है।राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि एनआईटी दिल्ली ने उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए एक स्टार्ट-अप केंद्र स्थापित किया है, जिससे विद्यार्थियों और



शिक्षकों को उनके नए स्टार्ट-अप के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। यहां एक इनक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है, जो नवीन विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

**राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर पूरे विश्वास के साथ अग्रसर हैं**

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर पूरे विश्वास के साथ अग्रसर हैं। यह प्रतिबद्धता आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास भी इसमें शामिल हैं। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, सुगम्य भारत अभियान और उन्नत भारत अभियान जैसी सरकार की पहल दर्शाती है कि जनभागीदारी के साथ भारत अपने लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

## बिहार में नीतीश कुमार ने सीएम पद से दिया इस्तीफा, 10वीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, राज्यपाल से नई सरकार बनाने का पेश किया दावा

समाज जागरण

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली जीत के बाद अब नई सरकार बनाने की औपचारिकता की जा रही है। इस बीच, एनडीए विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार बुधवार को राजभवन पहुंचे और सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही उन्होंने राज्यपाल से सरकार बनाने का भी दावा पेश किया।

नीतीश कुमार एनडीए के नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद उन्होंने एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपकर सरकार बनाने का



दावा पेश किया। इससे पहले विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें सभी नवनिर्वाचित विधायक और कई बड़े नेता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नेता चुनने पर बधाई दी।

नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस समारोह में आम आदमी से लेकर वीआईपी के जुटने की संभावना को देखते हुए उसी तरह की तैयारी की जा रही है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है।

एक दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को गांधी मैदान पहुंचकर नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंच पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था एवं अन्य उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को कुल 202 सीटें मिली हैं। भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ है। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति (आर) ने 19 पर जीत दर्ज की, जो एनडीए में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी और पूरे बिहार में चौथे नंबर की पार्टी रही। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटों पर जीत मिली है।

## ईडी ने रोतमैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड मामले में लगभग 380 करोड़ रुपए की संपत्ति लिक्विडेटर को लौटाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली जोनल कार्यालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रोतमैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग 380 करोड़ मूल्य की संपत्तियाँ लिक्विडेटर को वापस कर दी हैं। यह कदम पीड़ितों, सुरक्षित ऋणदाताओं और अन्य वैध दावेदारों के हित में उठाया गया है ताकि कंपनी की संपत्तियों के लिक्विडेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

ईडी ने कहा कि यह कार्रवाई एजेंसी की इस प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि अपराध से प्राप्त संपत्तियों को सही हकदारों और पीड़ितों तक पहुंचाया जाए। एजेंसी ने अपनी जांच के दौरान रोतमैक ग्लोबल से जुड़ी कई संपत्तियों को चिन्हित और जब्त किया था, जिन्हें अब कानूनन प्रक्रिया के तहत लिक्विडेटर को सौंप दिया गया है।

रोतमैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड पर बैंकों से हजारों करोड़ रुपये के कथित ऋण घोटाले का मामला दर्ज है, जिसकी जांच विभिन्न एजेंसियां कर रही हैं। ईडी द्वारा संपत्तियों की यह वापसी मामले में एक महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है।

## मुत्ताकी के बाद अफगानिस्तान से अजीजी पहुंचे भारत, अब दो दोस्त मिलकर घोंटेंगे पाकिस्तान का गला

समाज जागरण

काबुलः पाकिस्तान की तबाही की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है. आतंकवाद को पालने वाला ये देश पहले ही भारत के हाथों पीटा जा रहा था. अब जिन्ना के देश ने अफगानिस्तान से भी दुश्मनी मोल ले ली और अब टू-फ्रंट वॉर लड़ रहा है. इस बीच अफगानिस्तान ने भारत के साथ नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं. पिछले 2 महीनों में अफगान सरकार के दो बड़े मंत्री भारत आ चुके हैं. अक्टूबर में तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी भारत आए थे और अब अफगानिस्तान के वाणिज्य मंत्री 5 दिनों की भारत यात्रा पर पहुंचे हैं. जिसके बाद पाकिस्तान का



दो तरफ से गला घोंटने की तैयारी शुरू हो गई है.

**पाकिस्तान के मुंह पर बंद हो जाएगा ट्रेड दरवाजा**

अफगानिस्तान ने अपने व्यापारियों को पाकिस्तान से सारे ट्रेड रिलेशन खत्म करने के लिए 3 महीने का अल्टीमेटम जारी कर दिया है. इसके तुरंत बाद ही अफगानिस्तान के वाणिज्य मंत्री हजरत अलहाज नूरुद्दीन अजीजी भारत दौरे पर आए हैं. जाहिर है कि कंगाल पाकिस्तान के मुंह पर ये बहुत झन्नाटेदार थप्पड़ है.

भारत को लेकर क्या है अफगानिस्तान का प्लान?

अजीजी के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड 2025 का दौरा किया. उनकी यह पांच दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित है. आईटीपीओ के प्रबंध निदेशक नीरज खरवाल ने मंत्री का स्वागत किया और मेले की गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य में अफगानिस्तान की भागीदारी के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. मंत्री ने भारत में मौजूद अफगान व्यापारियों से मुलाकात की और बाजार पहुंच एवं व्यापार विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की.

### कर्नाटक सरकार का बड़ा फैसला: कुत्तों के हमले में मौत पर 5 लाख रुपये मुआवजा, घायलों को भी आर्थिक सहायता

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब कुत्तों के काटने से हुई मृत्यु पर पीड़ितों के आश्रितों को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। सरकार ने घायल पीड़ितों के लिए भी अलग-अलग श्रेणियों में वित्तीय सहायता तय की है: आवारा कुत्तों द्वारा त्वचा पर हल्के छेद (punctures) होने पर गहरे काले निशान व चीर-फाड़ जैसी चोटें लगने पर, कई बार काटने की स्थिति में इन सभी श्रेणियों में पीड़ित को कुल 5000 रुपये की सहायता दी जाएगी

## राष्ट्रपति भवन की परेड तैयारियाँ शुरू — प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड ने बताया 26 जनवरी के लिए घोड़ों के चयन की प्रक्रिया

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड के कमांडेंट कर्नल अमित बेरवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 की तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं और इस समय रेजिमेंट 26 जनवरी की परेड के लिए घोड़ों के चयन की प्रक्रिया में लगी है।

कर्नल बेरवाल ने कहा, "हम राष्ट्रपति के अंगरक्षक हैं और हमारी दोहरी अनिवार्य भूमिका है—युद्ध के समय पैराशूट फॉर्मेशन के तहत ऑपरेशन करना और शांति काल में राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित करना।"

उन्होंने बताया कि प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड की टुकड़ी हर वर्ष मध्य-दिसंबर से लगभग 40-45 दिन का गहन रिहर्सल करती है, जिसमें गणतंत्र दिवस परेड, बीटिंग द रिट्रीट और संसद के उद्घाटन की तैयारियाँ शामिल रहती हैं।

घोड़ों के चयन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि परेड में शामिल किए जाने वाले घोड़ों का स्वास्थ्य, चाल (gait), और स्वभाव अत्यंत महत्वपूर्ण मानकों पर परखा जाता है।

## लोनी में जल संकट व वायु प्रदूषण पर चल रहा धरना विधायक नंदकिशोर गुर्जर के आश्वासन के बाद समाप्त

समाज जागरण

लोनी। टीला क्षेत्र में आर्य समाजी श्री सतेंद्र भगत तथा विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं द्वारा जल संकट और बढ़ते वायु प्रदूषण के विरोध में जारी धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। धरनास्थल पर पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित किया, उनका ज्ञापन प्राप्त किया और समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। विधायक गुर्जर और आंदोलनकारियों के बीच सकारात्मक एवं गंभीर बातचीत के बाद धरना खत्म करने की घोषणा की गई।

विधायक ने कहा कि जल संकट और वायु प्रदूषण जैसी समस्याएँ बेहद गंभीर और संवेदनशील हैं। टीला क्षेत्र के आर्य समाजी साथियों द्वारा उठाई गई चिंताएँ पूरी तरह उचित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के सहयोग से इन मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाइयाँ कर रही है।




उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोनी में संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को निर्देश दिए जा चुके हैं कि इस दिशा में ठोस कार्रवाई करें। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा, "मैं अपने लोनी परिवार को आश्वस्त करता हूँ कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। जनता की भावनाओं और हितों की रक्षा करना ही मेरी पहली जिम्मेदारी है।"

# आम चुनाव में बिहार की विनिंग टीम के साथ ही उतरेगी बीजेपी

संजय सक्सेना,लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय जनता पार्टी बिहार में भले ही नंबर एक की पार्टी उभरी हो, लेकिन दूसरे नंबर की पार्टी जतना दल युनाइटेड के नेता नीतीश कुमार को ही वह वायदे के अनुसार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा रही है तो इसके पीछे तमाम किंतु-परंतु हैं। दरअसल, नीतीश के साथ सरकार बनाते समय बीजेपे इस लिये कोई नया प्रयोग नहीं करेगी क्योंकि उसकी नजर 2029 के लोकसभा चुनाव पर टिकी हुई है। बिहार में सत्ता समीकरण को लेकर पार्टी का रुख यह बताता है कि वह यहां किसी बड़े प्रयोग से बचना चाहती है और स्थिरता पर जोर दे रही है। पिछली सरकार के दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी के दो उपमुख्यमंत्रियों के संतुलन ने गठबंधन को कार्यात्मक बनाए रखा था। अब जब विधानसभा में बीजेपी की स्थिति मजबूत है, तब भी आलाकमान का यही फैसला कि वही पुरानी टीम बनी रहेगी, एक सोची-समझी रणनीति का परिणाम है।

बीजेपी समझती है कि बिहार का सामाजिक और राजनीतिक ताना-बाना बेहद संवेदनशील है। यहां सत्ता चलाने से ज्यादा मुश्किल उसमें निरंतरता बनाए रखना होता है। ऐसे में अगर पार्टी किसी नए चेहरे या ढांचे के साथ प्रयोग करती, तो पुराने गठबंधन समीकरणों में हलचल हो सकती थी। मुख्यमंत्री पद पर नीतीश कुमार को यथावत बनाए रखने और दोनों पुराने डिप्टी सीएम को फिर से दोहराने का निर्णय उसी स्थिरता की गारंटी देता है, जो जनता दल (यू) और बीजेपी के रिश्तों को सहज बनाती रही है। दरअसल, बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का लक्ष्य सिर्फ बिहार की सरकार चलाना नहीं, बल्कि आने वाले 2029 के लोकसभा चुनाव में राज्य से अपना आधार और सीटें और मजबूत करना है। 2019 के चुनाव में पार्टी और उसकी सहयोगी जदयू ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन 2024 में जो हल्की गिरावट दिखी, उसने बीजेपी आलाकमान को यह सोचने पर मजबूर किया कि बिहार में संगठन के साथ-साथ सत्ता में भी सहजता का माहौल बनाकर जनता का भरोसा दोबारा अर्जित किया जाए। इसके लिए विनिंग कॉम्बिनेशन यानी विजयी फॉमूर्ले को न छेड़ना ही सबसे व्यावहारिक रास्ता है।

ऐसा इसलिये है क्योंकि अक्सर राज्य स्तरीय राजनीति में बदलाव संगठनात्मक विचलन लाता है। अगर बीजेपी अपने डिप्टी सीएम या सरकार में चेहरों में बदलाव करती, तो इसका संदेश नीचे के स्तर पर यह जा सकता था कि पार्टी फिर से प्रयोगों के दौर में है। बिहार के मतदाता प्रयोगों से ज्यादा परिणाम देखना चाहते हैं। एक स्थिर सरकार को वे पसंद करते हैं, जो काम में निरंतरता दिखाए। आलाकमान यह समझता है कि बिहार में जो संतुलन नीतीश कुमार और बीजेपी के बीच तैयार हुआ है, उसी के भरोसे 2029 तक राजनीतिक जमीन तैयार की जा सकती है। नीतीश कुमार का चेहरा अभी भी बिहार की राजनीति में संतुलनकारी माना जाता है। हालांकि उनकी लोकप्रियता पहले जैसी नहीं रही, लेकिन वे अभी भी सामाजिक समीकरणों को संभालने वाले नेता के तौर पर स्वीकार्य हैं। बीजेपी को उनकी यही छवि चाहिए, ताकि वह बड़े पैमाने पर वोटों का ध्रुवीकरण किए बिना ही सत्ता और संगठन दोनों को मजबूत रख सके। यह रणनीति 2029 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसलिए भी अहम है क्योंकि बीजेपी को केंद्र में अपना जनाधार मजबूत रखने के लिए बिहार जैसे बड़े राज्य से कम से कम 35 से अधिक सीटों का लक्ष्य चाहिए। पार्टी जानती है कि इसके बिना उत्तर प्रदेश पर ज्यादा दबाव बढ़ जाएगा। इसलिए बिहार में यदि गठबंधन स्थिर और प्रभावी रहता है, तो लोकसभा में सीटों की गारंटी लगभग तय मानी जाती है।

इसके अलावा, बिहार से जुड़े अन्य समीकरण भी बीजेपी नेतृत्व के ध्यान में हैं। जातीय जनगणना, आरक्षण और समाज के कमजोर वर्गों की भागीदारी जैसे मुद्दों पर नीतीश कुमार के माध्यम से सॉफ्ट पोलिटिकल हैंडलिंग की जा रही है। अगर बीजेपी इन मुद्दों को सीधे अपने नेतृत्व में संभालती, तो संभव है विपक्ष इसे ध्रुवीकरण के एजेंडे से जोड़ देता। नीतीश कुमार का रहना इसीलिए बीजेपी के लिए एक कुशन का काम करता है। दूसरी ओर, पार्टी का लक्ष्य राज्य संगठन को मजबूत करने का भी है। सरकार में पुरानी टीम के बने रहने से शीर्ष स्तर पर कोई असंतुलन नहीं होगा, जिससे संगठन जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर चुनावी तैयारियों पर पूरी ऊर्जा लगा सकेगा। जब सरकार और संगठन दोनों में टकराव न्यूनतम होता है, तब लोकसभा चुनाव के लिए ग्राउंड मैकेनिज्म अधिक परिणामकारी बनता है।

बीजेपी की यह रणनीति यह भी दशार्ती है कि वह अब बिहार को सिर्फ सहयोगी दल की राजनीति का मैदान नहीं मान रही। आलाकमान की कोशिश है कि धीरे-धीरे अपना वोट आधार स्वतंत्र रूप से इतना मजबूत किया जाए कि भविष्य में नीतीश कुमार जैसे सहयोगियों पर निर्भरता कम की जा सके। लेकिन फिलहाल, पार्टी के लिए नीतीश के साथ स्थिर रिश्ते बनाए रखना फायदेमंद सौदा है। कुल मिलाकर, बीजेपी ने यह निर्णय लेकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका फोकस अल्पकालिक राजनीतिक लाभ पर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक मजबूती पर है। वही पुरानी विनिंग टीम बनाए रखना सिर्फ सत्ता की निरंतरता का प्रतीक नहीं, बल्कि 2029 के लक्ष्य की दिशा में बिछाई जा रही राजनीतिक बिसात का हिस्सा है। बिहार में स्थिरता का यह फॉमूर्ला अगर अगले कुछ वर्षों तक कायम रहता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को इसका सीधा लाभ मिलने की पूरी संभावना है।

# चुनाव आयोग पर हमलावर राहुल पर भड़के बुद्धिजीवियों की नसीहत

समाज जागरण

स्वदेश कुमार ,लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार



देश के राजनीतिक माहौल में एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान ने नई विवाद की लपटें उठा दी हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ह्लचोरह्व कहकर संबोधित किया था, जिसके बाद देश की लगभग 250 जानी-मानी हस्तियों ने उनके इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। इन हस्तियों में करीब सवा सौ पूर्व नौकरशाह, कुछ पूर्व जज, पूर्व सैन्य अफसर, शिक्षाविद, कलाकार और वरिष्ठ वकील शामिल हैं। इन सभी ने संयुक्त रूप से एक पत्र जारी कर राहुल गांधी के बयान को ह्लोकतांत्रिक संस्थाओं पर असंवैधानिक हमलाह्व करार दिया है। उनका कहना है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है, चाहे वह आम आदमी हो या किसी बड़े राजनीतिक दल का शीर्ष नेता। पत्र में यह भी कहा गया है कि राहुल गांधी जैसे स्थापित नेता जब सार्वजनिक मंचों से इन संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, तो इससे देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचता है और जनता के विश्वास को ठेस लगती है।

पूर्व नौकरशाहों और बुद्धिजीवियों के समूह ने यह भी कहा है कि विपक्ष का काम सवाल करना जरूर है, लेकिन वह आलोचना सभ्य संवाद की सीमा में रहकर होनी चाहिए। पत्र में लिखा गया है कि राहुल गांधी का यह बयान न केवल चुनाव आयोग की साख को धूमिल करता है, बल्कि यह चुनाव प्रक्रिया में अविश्वास का माहौल भी पैदा करता है, जो किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए घातक है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में एक जनसभा के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि आयोग सत्तारूढ़ दल के इशारों पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने भाषण में आरोप लगाया कि आयोग का व्यवहार निष्पक्षता की सीमाओं से बाहर जा चुका है और विपक्षी दलों को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा। राहुल गांधी के इस बयान के बाद राजनीति के गलियारों में हड़कंप मच गया। सत्तापक्ष के नेताओं ने इसे लोकतंत्र की मूल संस्थाओं का अपमान बताया। वहीं विपक्ष ने राहुल के बचाव में कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है और संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठाना नागरिक अधिकार है।

हालांकि, जिन बुद्धिजीवियों ने यह विरोध पत्र लिखा है, उनका मानना है कि राहुल गांधी की टिप्पणी ह्लोकतंत्र के बुनियादी आदर्शों के विपरीतह्व है। उनके मुताबिक, लोकतंत्र में संस्थाएं किसी राजनीतिक लाभ या हानि से ऊपर होती हैं और उन पर इस प्रकार के आरोप लगाना जनता को भ्रमित करता है। एक पूर्व कैबिनेट सचिव ने कहा कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक विमर्श में नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब चुनाव निकट हों। इन हस्तियों में से कई ने पहले भी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान की वकालत की है। कुछ पूर्व जजों का कहना है कि चुनाव आयोग ने अब तक देश में कई कठिन परिस्थितियों में भी निष्पक्ष चुनाव कराए हैं, और इस संस्था पर सवाल उठाना बिना ठोस सबूत लोकतंत्र को कमजोर करने के बराबर है। वहीं, कुछ पूर्व राजनयिकों का मानना है कि जब सार्वजनिक जीवन के बड़े नेता ऐसी टिप्पणियां करते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की लोकतांत्रिक छवि को भी क्षति पहुंचती है।

इन हस्तियों ने अपने पत्र में कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए ह्लसंविधान बचाओ, संस्थाएं बचाओह्व (एस-ाआईआर) अभियान पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह अभियान एक तरह से संवैधानिक संस्थाओं की कार्यशैली पर सामूहिक अविश्वास जताने जैसा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी संस्था से असहमति है तो उसके खिलाफ सबूतों के साथ कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए, न कि सार्वजनिक मंचों से संस्थाओं को ह्यजनता का दुश्मनह्ल बताने का अभियान चलाया जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आज जब भारत विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नेताओं को जनता में भरोसा और एकता का संदेश देना चाहिए, न कि उन्हें संस्थाओं के खिलाफ भड़काना चाहिए। समूह ने यह अपील की है कि सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का सम्मान करें और उन्हें राजनीतिक विवादों से दूर रखें, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो सकें।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस कभी संस्थाओं के खिलाफ नहीं रही है, बल्कि उसने हमेशा उनकी जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी का बयान सत्ता पक्ष द्वारा चुनाव आयोग को अपने हित में उपयोग करने के संकेतों पर आधारित था, जो लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब संस्थाएं सरकार के दबाव में काम करती दिखती हैं, तो जनता का विश्वास पुनः स्थापित करने के लिए प्रश्न पूछना भी लोकतांत्रिक कर्तव्य है। इस पूरे विवाद ने राजनीतिक गलियारों में एक बड़ा विमर्श खड़ा कर दिया है क्या संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना लोकतंत्र की सेहत के लिए आवश्यक है या यह उसकी जड़ों को कमजोर करती है? कई विशेषज्ञ इसे ह्यदो धार वाली तलवारह्ल मानते हैं। उनके अनुसार, लोकतंत्र में संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठाना जरुरी है, लेकिन उसे व्यक्तिगत या अपमानजनक शब्दों में रूपांतरित करना अनुचित है।

पत्र जारी करने वाले समूह ने अंत में यह अपील भी की है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों को शब्दों की मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए। जब देश के नेता या बड़े राजनीतिक चेहरे खुले मंच से संज्ञात्मक हमले करते हैं, तो समाज में नकारात्मकता फैलती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भाषणों से नहीं, बल्कि संस्थाओं के प्रति विश्वास और सम्मान से मजबूत होता है। अब यह विवाद किस दिशा में बढ़ेगा, यह आने वाले समय में ही तय होगा। लेकिन यह साफ है कि राहुल गांधी के बयान ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दे दी है जहां एक तरफ संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और गरिमा पर बहस तेज है, वहीं दूसरी ओर सत्तापक्ष और विपक्ष अपने-अपने दृष्टिकोण से लोकतंत्र की रक्षा की बात कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने यह जरूर दिखा दिया है कि भारत के लोकतंत्र में बहस और मतभेद की परंपरा जिंदा है, लेकिन उसे संयम और जिम्मेदा-री के दायरे में रखना ही समाज के हित में है।

# शेख हसीना प्रत्यर्पण विवाद: भारत की कूटनीतिक रणनीति और कानूनी आधार




– महेन्द्र तिवारी

भारत द्वारा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित न करने का मुद्दा दक्षिण एशिया की राजनीति में ऐसे समय उभरकर सामने आया है जब क्षेत्र पहले से ही अस्थिरता, शक्ति-संतुलन और वैश्विक दबावों के बीच एक निर्णायक चरण से गुजर रहा है। यह मामला सिर्फ एक कानूनी प्रक्रिया या द्विपक्षीय औपचारिकता भर नहीं है; इसके भीतर कानून, नैतिकता, रणनीतिक हित और क्षेत्रीय भू-राजनीति के कई स्तर एक-दूसरे में उलझे हुए हैं। शेख हसीना पर बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में मृत्युदंड सुनाया गया है, लेकिन यह फैसला जिस तरह उनकी अनुपस्थिति में, पक्षपात और राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों के बीच आया, उसने इसे एक सामान्य न्यायिक फैसले से कहीं अधिक राजनीतिक बना दिया है। भारत के लिए यह मुद्दा संवेदनशील इसलिए भी है, क्योंकि शेख हसीना न केवल पड़ोसी देश की एक पूर्व प्रधानमंत्री हैं, बल्कि पिछले डेढ़ दशक में भारत-बांग्लादेश संबंधों की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला भी रही हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच 2013 की प्रत्यर्पण संधि तथा 2016 के संशोधन ने दोनों देशों को अपराधियों के आदान-प्रदान का कानूनी ढांचा दिया, पर साथ ही इसमें ऐसे प्रावधान भी जोड़े गए जो राजनीतिक या पूर्वाग्रहपूर्ण मामलों में प्रत्यर्पण से इनकार की स्पष्ट अनुमति देते हैं। संधि के आर्टिकल 6 और आर्टिकल 8 भारत को वह आधार प्रदान करते हैं जिसके अनुसार यदि किसी मामले का चरित्र राजनीतिक हो, या यदि आरोपी को अपने देश में निष्पक्ष न्याय मिलने की संभावना संदिग्ध हो, तो उसे प्रत्यर्पित करना आवश्यक नहीं है। शेख हसीना के मामले में यही प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण है–क्या उनका ट्रायल न्यायिक प्रक्रिया का पालन करता है या फिर यह एक राजनीतिक प्रतिशोध का विस्तार है? अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, विद्वानों और क्षेत्रीय विश्लेषकों की बड़ी संख्या का मत है कि यह मामला न्यायिक संतुलन की जगह राजनीतिक बदले की भावना से अधिक संचालित प्रतीत होता है। ऐसे में भारत के लिए यह कहना कठिन नहीं कि यह मुकदमा निष्पक्षता के मानकों पर खरा नहीं उतरता।

भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक चिंता इससे भी गहरी है। शेख हसीना के शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंधों ने अभूतपूर्व मजबूती हासिल की। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद पर नियंत्रण, सीमा प्रबंधन, नदी जल बंटवारा, व्यापार सुगमता, कनेक्टिविटी परियोजनाएँ और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित रखने का काम–ये सब शेख हसीना के नेतृत्व में संभव हुआ। उन्होंने न केवल भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान किया बल्कि कई ऐसे कदम उठाए जिन्हें बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में काफी जोखिमपूर्ण माना जाता था। उनके इस सहयोग से भारत को न केवल सीमा पर स्थिरता मिली बल्कि दक्षिण एशिया में अपने प्रभाव को भी बनाए रखने में मदद मिली। ऐसी स्थिति में यदि भारत उन्हें प्रत्यर्पित कर देता, तो यह उसके अपने दीर्घकालिक हितों को चोट पहुंचाने जैसा होता। इसके साथ ही यह संदेश भी जाता कि भारत अपने मित्र राष्ट्रों के नेतृत्व को राजनीतिक अस्थिरता के क्षणों में संरक्षण देने में हिचकिचाता है, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं के लिए प्रतिकूल संकेत होता।

हालांकि भारत का यह निर्णय जोखिमों से मुक्त नहीं है। बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता प्रतिष्ठान और भारत-विरोधी समूह इस कदम को आंतरिक राजनीति में भारतीय हस्तक्षेप का प्रमाण बताने की कोशिश कर सकते हैं। सीमा पर अवैध गतिविधियों में वृद्धि का खतरा भी बना रहेगा, क्योंकि राजनीतिक तनाव अक्सर उन तंत्रों को कमजोर कर देता है जिनके बल पर सीमा नियंत्रण होता है। व्यापार, ऊर्जा साझेदारी और कनेक्टिविटी परियोजनाओं की गति धीमी पड़ने की संभावना भी है। चीन और पाकिस्तान के लिए यह एक नया अवसर उत्पन्न करेगा कि वे बांग्लादेश में अपना प्रभाव बढ़ाएं और भारत की क्षेत्रीय रणनीति को चुनौती दें। यह एक ऐसा परिदृश्य होगा जिसे भारत को सावधानी से संतुलित करना होगा।

फिर भी यह तथ्य अपनी जगह कायम है कि भारत की आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक स्थिति अब इतनी कमजोर नहीं कि ऐसे दबाव उसके दिशा-निर्देश तय करें। दक्षिण एशिया में राजनीतिक गठबंधन अक्सर आदर्शवाद से ज्यादा वास्तविकता और पारस्परिक हितों के आधार पर टिके होते हैं। भारत जानता है कि बांग्लादेश के साथ संबंधों में अस्थायी उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन दोनों देशों के बीच भौगोलिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समीकरण इतने गहरे हैं कि स्थायी दूरी किसी के हित में नहीं है। भारत यह भी भली-भाँति समझता है कि बांग्लादेश के भीतर लोकतांत्रिक स्थिरता और कट्टरपंथ पर नियंत्रण तभी संभव है जब वह संतुलित, सहायक और संवेदनशील पड़ोसी की भूमिका निभाए।

भारत सरकार के आधिकारिक बयान, जिसमें कहा गया कि निर्णय “बांग्लादेश के लोगों और क्षेत्रीय स्थिरता के सर्वोत्तम हितों” को ध्यान में रखकर लिया जाएगा, इसी संतुलन और संवेदनशीलता की झलक है। भारत न तो इस मामले को केवल दो देशों के बीच कानूनी प्रक्रिया के रूप में देख सकता है और न ही इसे पूरी तरह राजनीतिक मानकर मनमर्जी से निर्णय ले सकता है। यह फैसला क्षेत्र की स्थिरता, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों के व्यापक संदर्भ में लेना होगा।

समग्र रूप से देखें तो भारत द्वारा शेख हसीना को प्रत्यर्पित न करने के पीछे कानूनी आधार जितना स्पष्ट है, उससे कहीं अधिक गहरे राजनीतिक और सामरिक कारक भी काम कर रहे हैं। यह सिर्फ एक व्यक्ति की सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया में संतुलन, सहयोग और स्थिरता बनाए रखने की कोशिश का हिस्सा है। इसलिए निकट भविष्य में उनके प्रत्यर्पण की संभावना न के बराबर दिखती है, और भारत फिलहाल उनके लिए सुरक्षित आश्रय का स्थान बना रहेगा–यही निर्णय आज की परिस्थितियों में भारत के हितों और क्षेत्रीय शांति दोनों के अनुकूल प्रतीत होता है।

## नेटवर्क नरभक्षी...!

डॉक्टर नाम सुनते ही हमें
दिखाई देता है ईश्वर,
इलाज होते ही लम्बे समय तक
हो जाते नश्वर।
इन्हें दुआओं की जरूरत बताता
रहता डॉक्टर,
कभी ना बंद होने देता वह
जिन्दगी का चैप्टर।

शाहीन-ये ऊंचाई पर उड़नेवाला
शिकारी पक्षी,
मुल्कों में आतंकी डॉक्टरों के
नेटवर्क नरभक्षी।
न जाने महिला होते हुए आ गई
कितनी शक्ति,
स्थापित नेटवर्क दुरूपयोग किया
डूबी कश्ती।

जिंदगी देने वालों के फेहरिस्त में
ऊपर डॉक्टर,
अब जिसके शब्दों में होता है
जबरदस्त असर।
चंद सिक्कों की खातीर क्यों?
किया पेशा बेनूर,
न पसीजा दिल तुम्हारा मर गए
कितने बेकसूर।
(संदर्भ -डॉ.शाहीन ने बनाया
था आतंकी डॉक्टरों का
नेटवर्क)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

# बिहार चुनाव में अपराधियों की जीत: एक गहरी चिंता का विषय

*लेखक: चंद्रकांत सी पूजारी, गुजरात*

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के नतीजे आ चुके हैं। एनडीए ने एक बार फिर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। लेकिन जीत की इस खुशी के बीच एक कड़वा सच सामने आया है जो लोकतंत्र के माथे पर कलंक की तरह चस्पाँ हो गया है। इस बार चुने गए 243 विधायकों में से 53 प्रतिशत यानी पूरे 130 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह चौंकाने वाला आंकड़ा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच की ताजा रिपोर्ट से सामने आया है। चुनाव नतीजों के तुरंत बाद इन दोनों संस्थाओं ने सभी 243 विजेता उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों का गहन विश्लेषण किया। नतीजा हमारे सामने है - आधे से ज्यादा विधायक अपराध के आरोपों से घिरे हुए हैं। एडीआर के अनुसार, वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में यह आंकड़ा और भी भयावह था - 241 में से 163 यानी 68 प्रतिशत विधायक आपराधिक पृष्ठभूमि के थे। इस बार यह प्रतिशत घटकर 53 पर आया है, जो मामूली राहत तो देता है, लेकिन चिंता को कम नहीं करता।

रिपोर्ट में और गहरी चिंता की बात यह है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे विधायकों की संख्या भी कम नहीं है। 243 में से 102 यानी 42 प्रतिशत विधायक गंभीर धाराओं (मर्डर, अटेम्प्ट टू मर्डर, रेप, किडनैपिंग आदि) के आरोपी हैं। 2020 में यह आंकड़ा 51 प्रतिशत था। यानी गंभीर अपराधों में कमी तो आई है, पर अभी भी स्थिति विकट है।

**खास बातें जो दिल दहला देती हैं:**
- 6 विजयी विधायकों पर हत्या के मामले दर्ज हैं
- 19 विधायकों पर हत्या के प्रयास के मामले
- 9 विधायकों ने अपने हलफनामे में महिलाओं के खिलाफ अपराध (बलात्कार, छेड़छाड़ आदि) का जिक्र किया है

**### कौन-सी पार्टी में कितने “दागी” विधायक?**
- भाजपा: 89 में से 43 (48%)
- जदयू: 85 में से 23 (27%)
- राजद: 25 में से 14 (56%)
- लोजपा (रामविलास): 19 में से 10 (53%)
- कांग्रेस: 6 में से 3 (50%)
- एआईएमआईएम: 5 में से 4 (80%)
- अन्य छोटी पार्टियाँ और निर्दलीय: लगभग सभी में 50-100% तक

इन आंकड़ों से साफ जाहिर है कि अपराध और राजनीति का गठजोड़ अब भी ज़िंदा और मजबूत है। कोई भी बड़ा दल इससे अछूता नहीं है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय लोक अदालत का 13 दिसंबर को होगा आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 19 नवंबर 2025: उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के निर्देश पर आगामी 13 दिसंबर 2025 को जिला गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील स्तरों पर एक साथ संपन्न होगा। अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में ऐसे मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें समझौते की संभावना हो तथा आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण संभव हो।

**इन मामलों का होगा निस्तारण**

राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्य रूप से निम्न वादों का निस्तारण किया जाएगा–

आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम से जुड़े दावे, बिजली एवं पानी से संबंधित विवाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट के चेक बाउंस मामले, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी वाद, प्री-लिटीगेशन वाद

अन्य ऐसे विवाद जिनमें पक्षकार आपसी सद्भावना से समझौते हेतु तैयार हों

अधिकारी ने बताया कि लोक अदालत में मामलों के शीघ्र, सरल एवं सुलभ निस्तारण के लिए विशेष तैयारी की गई है। इच्छुक पक्षकार अपने-अपने मामलों को सूचीबद्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बादलपुर में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ शक्ति संवाद कार्यक्रम

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 19 नवंबर 2025: उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला के नेतृत्व में आज जिले में महिला कल्याण और बाल सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुए। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बादलपुर (दादरी) में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, अध्यापिकाओं और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. भराला ने बालिकाओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य सेवाओं की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "बालिकाओं का आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जागरूकता ही सशक्तिकरण का पहला कदम है।"



शक्ति संवाद के बाद डॉ. भराला बिसरख ब्लॉक के सभागार पहुंचीं और वहां महिला जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं और बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा, ḷस्वस्थ मातृत्व और सुरक्षित बचपन समाज की प्रगति का आधार हैं।"

कार्यक्रम में उपायुक्त पुलिस महिला सुरक्षा वैशाली गंगवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, सीडीपीओ इफ्तिखार अहमद खान, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर नोएडा की प्रबंधक रिंकी रानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी आयोजित करेगी 7 दिसंबर को जन संवाद एवं सम्मान समारोह

ग्रेटर नोएडा 19 नवंबर 2025: सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों में जन संवाद एवं सम्मान समारोह के निमंत्रण पत्र वितरित कर ग्रामीणों को सादर आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायतन, मैन कासना रोड, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा। पार्टी की तीन टीमों ने अलग-अलग गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को आमंत्रित किया। प्रथम टीम ने ग्राम चंद्रावल और शाहपुर खुर्द का दौरा कर लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित किया।

दूसरी टीम ने ग्राम पतला खेड़ा, चिरसी, पंचायतन, रौनी और गिरधरपुर का दौरा किया। तीसरी टीम ने ग्राम रामपुर, सलेमपुर, बुलंद खेड़ा और बिलासपुर शाहिद का दौरा कर ग्रामीणों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यह कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय के हित में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जन संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं पर विचार और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और उपस्थित रहने का आश्वासन दिया।

# स्वर सरिता के सौजन्य से स्वर स्मार्ट अवॉर्ड द्वारा 2 दिसंबर को होगा गीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

समाज जागरण

लोनी, 19 नवंबर: आगामी 2 दिसंबर को स्वर सरिता के सौजन्य से स्वर स्मार्ट अवार्ड द्वारा लाजपत भवन, निकट मूलचंद मेट्रो स्टेशन पर भव्य गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होना तय किया गया है। कार्यक्रम के संदर्भ में आयोजक राजा भार्गव व निदेशक रवि काजल कसाना ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी ईशा सक्सैना होंगी। तथा तिलक खेरा, शो मैनेजर हुमा खान, दिल्ली पुलिस से इंद्रपाल सिंह, शो एंकर पायल कंकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जबकि मीडिया पार्टनर के रूप में शान मोहम्मद की सहयोगी कंपनी– MCPL, NDN24, फेस ग्रुप, स्वदेश प्रेम न्यूज, VIP न्यूज इंडिया, CPL, गीतांजलिवी आर्ट वेलफेयर सोसाइटी आदि शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अपने आप में एक ऐतिहासिक होगा।

# सभासद गुलजार अल्वी पर हुआ राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का मुकदमा दर्ज

लोनी, 19 नवंबर: नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या 35 से सभासद गुलजार अल्वी ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान कर पूरी कोम को बदनाम करने जैसा काम किया है। जिसके विरुद्ध राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला लोनी बोर्डर थाने में दर्ज हुआ है। गौरतलब है कि बीती रात सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें गुलजार अल्वी द्वारा घर पर चल रहे पुताई कार्य के दौरान राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग घर में रखे सामान को ढकने के लिए किया गया, जो स्पष्ट दिखाई दे रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तस्वीरें सामने आने के बाद पुलिस ने वायरल फोटो को आधार बनाकर सभासद गुलजार अल्वी के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मुकदमा पंजीकृत किया है। दरअसल घटना का यह मामला सोशल मीडिया पर फैल जाने के बाद अब यह चर्चा तेज हो गई है। यदि मामले में उचित कार्यवाही करने में कोई कोताही बरती गई तो यह कोई बड़ा रूप धारण कर सकती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशभर के किसानों को जारी की 21वीं किसान सम्मान निधि की किस्त

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 19 नवंबर 2025: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज 19 नवंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लाइव प्रसारण के माध्यम से देशभर के किसानों को योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में विकास भवन सूरजपुर परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधि, किसान और अधिकारीगण उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री का भाषण लाइव देखा।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सीधे लाभान्वित करना तथा उन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, नवाचारों और उन्नत कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक करना था। इसी कड़ी में सब मिशन ऑन ऐग्रिकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनांतर्गत जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि**

सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, इफको जिला प्रबंधक भूपेंद्र चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. विपिन कुमार, डॉ. बोनिका पंत, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधि ऋचा शर्मा, अन्य विभागीय अधिकारी, किसान एवं गणमान्य नागरिक

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत और प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण की तैयारी से हुआ। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण, तकनीकी उन्नयन और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योजना के तहत लाखों किसानों के खातों में 2,000 रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई।



इसके पश्चात आत्मा योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, इफको, जैविक खेती एवं कृषि उपकरण निर्माण कंपनियों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। विभागीय विशेषज्ञ किसानों को कृषि परामर्श प्रदान कर रहे थे। कार्यक्रम में विकासखंडों और ग्रामों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया, योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की ओर से सभी अतिथियों, किसानों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन किसानों के लिए सूचना परक, प्रेरणादायक और लाभकारी साबित हुआ, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिला और तकनीकी दृष्टिकोण से सशक्त बनने की दिशा में मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# गौमाता सुरक्षा को लेकर गौरक्षा दल ने सौंपा एसडीम को ज्ञापन

लोनी, 19 नवंबर: नगरपालिका क्षेत्र व दिल्ली-सहारनपुर रोड व अन्य स्थानों पर बने अधिकांश नाले खुले होने के कारण प्रतिदिन कई गौमाताएँ उनमें गिरकर हादसों की शिकार हो रही हैं। दिन में चार से पाँच गायों के



नालों में गिरकर घायल होने और उपचार के बावजूद भी कुछ घायल गौमाताओं के मृत्यु तक पहुँच जाने की घटनाएँ गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। इसी समस्या को देखते हुए गौमाता की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रवि धामा अपनी टीम के साथ उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल से मिले और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के अधिकतर बड़े नाले बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी से सभी संबंधित विभागों, चाहे वह नगरपालिका हो या पीडब्ल्यूडी. को तुरंत नालों को ढक कर कवर कराने के निर्देश पारित करने के लिए मांग की हैं। रवि धामा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो गौरक्षा दल के सभी सदस्य मिलकर उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल ने गौ रक्षकों को आश्वासन दिया कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे ताकि कोई भी नाला ऐसी स्थिति में न रहे जिसमें गौमाता के घायल होने की संभावना रहे।

# क्षमता वर्धन कंपटीशन का आयोजन किया गया

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोयलरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद पदाधिकारियों द्वारा,क्षमता वर्धन हुए कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल अधिकारों, टोल फ्री नंबर, नेतृत्व क्षमता विकसित करना विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।



देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट पवन कन्नोजिया ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने। आज के कार्यक्रम में वढर विद्यालय से प्र0अ0 रश्मि सिंह,स0 अ0 सुषमा गौतम अनु0 तेजवीर सिंह,देहात संस्था से पवन कन्नोजिया,बाल संसद मंत्री, सपना,सौम्या मिश्रा, संजना यादव नीरज, पूनम, कुलदीप, अनीता देवी, फरीन, निशु, आदित्य, आदि उपस्थित रहे।

# सहावर नगर पंचायत में एसआईआर फार्म भरवाने का लगा शिविर।

**अध्यक्ष नाशी खान ने अपने नेतृत्व में सभासदों के सहयोग से फार्म भरवाए।**

सहावर ।विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर फार्म भरने में हो रही दुश्वारियों को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नाशी खान ने नगर पंचायत कार्यालय में एसआईआर शिविर लगवा कर कस्बे के लोगों के फार्म भरवाने में सहयोग किया। नगर पंचायत अध्यक्ष नाशी खान ने कस्बे में लाउडस्पीकर से ऐलान कराकर फार्म सही भरने के लिए सूचना दिलवाई ।कस्बे के अनेकों मतदाताओं का आरोप था कि उनका नाम 2003 के मतदाता सूची में नाम होने के बावजूद 2025 के मतदाता सूची में नाम नहीं है। जब कि वह हमेशा से मतदान करते चले आ रहे हैं। सहावर तहसीलदार संदीप चौधरी ने उक्त शिविर का निरीक्षण कर बीएलओ के फॉर्म को चेक किया।

# तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया

जनपद बलरामपुर में, दिनांक 18 नवंबर को नीति आयोग के वरिष्ठ सहायक श्री कृष्णकांत शर्मा जी ने श्रीदत्तगंज परियोजना के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों– देवरिया मुबारकपुर, बायभीत और सहदेइया का निरीक्षण किया। इस दौरे



का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ECCE), पोषण सेवाओं तथा केंद्रों की दैनिक गतिविधियों की स्थिति का अवलोकन करना था।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने प्री-स्कूल गतिविधियों, बच्चों की वृद्धि निगरानी, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता व्यवस्था तथा रिकॉर्ड-रखरखाव की जानकारी दी। कुछ केंद्रों में शिक्षण-सामग्री तथा बुनियादी ढाँचे की कमी को प्रमुख चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया गया। श्री शर्मा ने कार्यकताओं के समर्पण की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि आवश्यक सुधार हेतु मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुँचाया जाएगा।

इस दौरे का समन्वय रॉकेट लर्निंग की सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अर्पिता सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव कुमार मिश्रा, विजय कुमार चौधरी, जिला समन्वयक रेनू और टीम द्वारा किया गया। उन्होंने डिजिटल शिक्षण साधनों, सामुदायिक सहभागिता और एउउए की गुणवत्ता बढ़ाने पर चर्चा की। चर्चा के पश्चात जिलाधिकारी महोदय डॉ॰ विपिन कुमार जैन जी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक उपकरण व सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, जिसके बाद सभी अधिकारी केंद्रों का व्यापक निरीक्षण करेंगे और विस्तृत अवलोकन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। श्री कृष्णकांत शर्मा जी ने कहा कि, आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण बाल विकास की नींव हैं और इन्हें संसाधनों व सहयोग से और मजबूत किया जाना चाहिए।

# सरकारी योजनाओं हेतु एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया

## माता-पिता व देखभालकताओं हेतु बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व और सरकारी योजनाओं पर परामर्श सत्र आयोजित

समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती देहात इंडिया संस्था के अन्तर्गत सुरोखित शैशव परियोजना के तहत साईं गांव के ग्राम पंचायत के मल्हीपुर खुर्द में माता-पिता व देखभालकताओं हेतु बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व और सरकारी योजनाओं हेतु ।एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र का उद्देश्य वा कार्यक्रम का संचालन सरोज कुमार जी के द्वारा किया गया ।जिसमें ग्राम के माता-पिता, अभिभावक तथा देखभालकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।इस परामर्श सत्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व को प्रोत्साहित करना और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के साथ-साथ उन्हें उपलब्ध सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराना था। सत्र में उपस्थित काउंसलर आशा शकुंतला जी व आंगनवाड़ी सुशीला मिश्रा ने बच्चों के संपूर्ण विकास में अभिभावकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ संवाद करना, उन्हें सही मूल्य और संस्कार देना, उनकी शारीरिक व मानसिक जरूरतों को समझना अभिभावक की महत्वपूर्ण भूमिका है ।सत्र में विशेष रूप से यह भी बताया गया कि बच्चों के पोषण, शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सरकारी योजनाएं जैसे कि बाल विकास योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्वास्थ्य कार्ड योजना इत्यादि का लाभ कैसे उठाया जा सकता है। कार्यक्रम में श्रीपाल जी ने उपस्थित अभिभावकों को इन योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया ।परामर्श सत्र में यह संदेश भी दिया गया कि अभिभावक केवल अपने बच्चों के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी जिम्मेदार हैं। बच्चों को सही दिशा में प्रेरित करके हम समाज को सशक्त बना सकते हैं।



जिसमे देहात इंडिया के कार्यकर्ता सरोज देवी हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दिया। आशा, आंगनबाड़ी व समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

समाज जागरण

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेशानुसार दिनांक 01.11.2025 से 30.11.2025 तक मनाये जाने वाले यातायात माह के अंतर्गत दिनांक 19.11.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी



यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा जनपद के थाना को0 भिनगा क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले "पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सम्हार पुरवा,श्रावस्ती" विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं,शिक्षकों व विद्यालय के अन्य कर्मचारीगण को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही राह-वीर योजना व राह-वीर योजना के अन्तर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे मे विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों/जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती श्री मुकेश कुमार उत्तम, क्षेत्राधिकारी अपराध श्री आलोक कुमार सिंह व साइबर थाना प्रभारी श्री सन्तोष कुमार व समस्त यातायात पुलिस मौजूद रहे इसके अलावा जनपद के विभिन्न चौराहो, तिराहों व स्थानीय बाजारों आदि मे आमजन को एकत्र कर यातायात के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यातायात के विभिन्न मापदंडों में चालान की कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया`

# बाल अधिकार दिवस पर विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन

समाज जागरण

जनपद अमरोहा उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स (UPCEG) द्वारा बाल अधिकार सप्ताह के तहत चल रहे 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' अभियान के अंतर्गत आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शहरी अमरोहा में बाल अधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में जागरूकता सत्र, समुदाय-आधारित गतिविधियाँ और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य बच्चों और किशोरियों के लिए सुरक्षित, समर्थ और समान वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का नेतृत्व - महेश ग्रामीण सेवा संस्थान, अमरोहा संस्था की टीम ने बच्चियों और समुदाय के सदस्यों को बाल अधिकार, किशोर कल्याण, स्वास्थ्य-शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं तथा सुरक्षा तंत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

मुख्य अतिथि: बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री हेमराज सिंह साथ ही विद्यालय की वार्डन, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मंजू रानी, सचिव श्री महेश सिंह, स्टाफ सदस्य एवं समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






कार्यक्रम के दौरान एक किशोरी ने बताया कि उसके माता-पिता के निधन के बावजूद उसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित किसी भी सरकारी सहायता का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर मुख्य अतिथि और संस्था के प्रतिनिधियों ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभाग से समन्वय कर सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

**मुख्य अभिव्यक्तियाँ:**

◇ संस्थान के सचिव श्री महेश सिंह ने UPCEG के विजन, सामुदायिक सशक्तिकरण और बाल अधिकारों को मजबूत करने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

# कासगंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए मतदाता सहायता केंद्र स्थापित

समाज जागरण

कासगंज 19 नवंबर 2025: भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार, अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर कासगंज जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि गणना अवधि दिनांक 04 नवंबर 2025 से जिला निर्वाचन कार्यालय कासगंज और विधानसभा स्तर पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, ताकि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सुविधा और सहायता प्राप्त कर सकें।



**निर्वाचक नामावलियों से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ इस प्रकार हैं:**

आलेख्य प्रकाशन: 09 दिसंबर 2025, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि: 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक

नोटिस सत्यापन, सुनवाई और निस्तारण: 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक

निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन: 07 फरवरी 2026 जिला निर्वाचन कार्यालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मतदाता विवरण की जांच अवश्य करें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर तय समय सीमा के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज कराएँ। सौजन्य : जिला निर्वाचन कार्यालय, कासगंज

# नोएडा सेक्टर-62 स्थित राज होम पीजी में महिला संचालक की गुंडागर्दी

## सिक्योरिटी मनी मांगने गई युवती से की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित राज होम पीजी में एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सिक्योरिटी मनी वापस मांगने गई युवती के साथ महिला PG संचालक द्वारा बदसलूकी और मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि युवती शांतिपूर्वक अपनी सिक्योरिटी राशि वापस मांग रही है, तभी महिला संचालक अचानक गाली-गलौज करती हुई युवती को धक्का देती है और उसके साथ हाथापाई करती है। आसपास मौजूद लोग भी इस घटना को रोकने में असमर्थ दिखे।

**पीड़ित युवती का आरोप है कि—**

"मैंने कई दिनों से अपनी सिक्योरिटी मनी वापस मांग रही थी, लेकिन संचालक लगातार टालमटोल कर रही थी। जब मैं आज पैसे लेने गई, तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।"

घटना के बाद स्थानीय निवासियों और सोशल मीडिया उपयोगकताओं में आक्रोश फैल गया है। लोग PG संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सरदार पटेल जयंती पर दवोई कला से भाजपा की विशाल पदयात्रा, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में असमोली क्षेत्र के गांव दवोई कला से भव्य पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा दवोई कला से रवाना होकर असमोली कस्बे तक पहुंची। कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

पदयात्रा में संभल जिलाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, परमेश्वर लाल सैनी, जिलाध्यक्ष हारेंद्र चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव, हरिओम शर्मा, रोहित पवार, सोनू चाहल सहित अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों



कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यात्रा के दौरान राष्ट्रनिर्माण में सरदार पटेल के योगदान को याद किया गया और एकता, सद्भाव व जनसंपर्क का संदेश दिया गया।

सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मार्ग पर पुलिस टीम ने लगातार निगरानी रखते हुए मोर्चा संभाला और पदयात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराया।

# सरिया सीधी करते समय ग्यारह हजार की लाइन से छूने पर राज मिस्त्री की मौत युवती सहित तीन जख्मी

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव कन्हुआ के जंगल में जयपाल के खेत में देवी देवताओं की मठिया का निर्माण कर रहे राज मिस्त्री रामकुंवर पुत्र मंसूरी उम्र 55 वर्ष निवासी गांव कुहेरा नगारिया राज मिस्त्री का काम कर रहे थे थे। जिसमें खेत स्वामी जयपाल दो बेटा राहुल, प्रमोद व बेटी पिंकी को छोड़कर कर गुन्नौर से रोडी बदरपुर लेने चले गए। वही खेत के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार की बिजली की लाइन से सरिया छू गई ।जब राज मिस्त्री रामकुंवर सहित तीनों बच्चे जमीन पर गिर पड़े ।वही आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने देखों तो परिजनों व पुलिस



को घटना की सूचना दी । मौके पर पुलिस के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान मय पुलिस के साथ घटना स्थल पर पहुचें और निजी गाड़ी से सीएचसी अस्पताल में लेकर जहां चिकित्सक ने घायल राज मिस्त्री रामकुंवर को मृत घोषित कर दिया ।वही परिजनों ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया वही वही परिजनों के रो रोकर बुरा हाल है ।मृतक पर दो बेटा व तीन बेटी है जिन्हें छोड़कर कर चला गया है।

# छह माह से लापता बच्चा तमिलनाडु से बरामद
## असमोली थाना पुलिस की सफलता

**दैनिक समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली थाना पुलिस ने छह माह से लापता बच्चे को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। बच्चा असमोली क्षेत्र के गांव शाहपुर डासर से करीब छह महीने पहले लापता हुआ था। बच्चे के पिता जगसरन पुत्र गंगाराम की तहरीर पर पुलिस ने 05 मई 2025 को मुकदमा दर्ज कर तलाश के लिए टीम गठित की थी। क्राइम इंस्पेक्टर संजीव गिरी के अनुसार तहरीर के आधार पर पुलिस लगातार सुराग जुटाने में लगी रही। कई माह की मेहनत के बाद असमोली पुलिस को सफलता मिली और बच्चा तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) से बरामद कर लिया गया।



बच्चे की बरामदगी में क्राइम इंस्पेक्टर संजीव गिरी और हेड कांस्टेबल योगेश तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

असमोली पुलिस ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# श्री मद् भागवत कथा समाप्ति दी हवन के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर के आदर्श नगर स्थित चल रही श्री मद् भागवत कथा 19/11/25 दिन समाप्ति के दि हवन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं अपने हवन में बैठकर आहुति दी श्री मद् भागवत कथा में महिलाओं, युवतियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्री मद् भागवत कथा में अमृतवाणी में भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य



प्रेम,असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। श्री मद् भागवत कथा का शुभारंभ 12 नवंबर को हुआ और 19 नवंबर को श्री मद् भागवत कथा सम्पन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान किरन बीना सुजाता,मधु, अंकुर,रीना, शैली, प्रीति, दीपा, मनीष, दीपक, दीपा, सविता,शीला,सुमन,सोनम सहित अनेक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिव का पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद बिजनौर के विकासखण्ड सभागार अल्हैपुर धामपुर पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था` जिसमे सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय



हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वंय की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा ,तालाबों का पट्टा , पार्कों में ओपनें जीम बनाकर , पुस्तकालय कर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा फैमिली आईडी एवं इसके लाभ तथा बनाने के तरीके को समझाया गया। जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस,टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज जी के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वलम्बी बना सकती है` प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे

**एस आई आर में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव करें सहयोग-- एसडीएम स्मृति मिश्रा**

एमडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने एस आई आर में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांव में जाकर एस आई आर का कार्य पूर्ण रूप से कर ले। और जो शिक्षित युवा है। उनका भी सहयोग प्रदान करें। एस आई आर का डाटा पूर्ण नहीं होगा तो देश की नागरिकता भी खत्म हो सकती है। मतदाता इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए अपना एस आई आर का डाटा पूर्ण कर ले। और दूसरों को भी सहयोग प्रदान करें। ताकि कोई छूट न जाए।

# इंदिरा गांधी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी, 19 नवंबर 2025 जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी चंदौसी के नेतृत्व में आज भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न सम्मानित श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की



शुरूआत इंदिरा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके योगदान और त्याग को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इसी अवसर पर चंदौसी में रोडवेज स्थित डॉ. राकेश चौधरी के हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकताओं व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# सीओ व थाना परिसर में ली राष्ट्रीय एकता व अखंडता की ली शपथ

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना कार्यालय व थाना परिसर पर राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाते हुए इस अवसर पर सीओ व थाना प्रभारी



नगीना द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

बुधवार को सीओ कार्यालय व थाना परिसर पर कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजंनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा सीओ कार्यालय पर तथा थाने पर थाना प्रभारी अवनीत मान द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई , पुलिस कर्मियों द्वारा इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने का संकल्प लिया गया, इस अवसर पर सीओ कार्यालय विजय कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, ऋतु चौधरी, रीता, अश्वनी कुमार व प्रिंस कुमार तथा थाना परिसर थाना प्रभारी अवनीत मान, एसएसआई दीपक कुमार, एसआई सोहन पुंडीर, सरवेज खान, अजीत तोमर, सुभाष तोमर, शुक्रमपाल सिंह, रामचंद्र सिंह सहित सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर निकाली गई विशाल एकता यात्रा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूरे देश में विधानसभा स्तर पर लौह पुरुष, भारत रत्न देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर नजीबाबाद में एकता यात्रा के प्रमुख जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी की अध्यक्षता, चौधरी ईशम सिंह के संचालन में शिक्षक विधायक सदस्य विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लों के मुख्य आतिथ्य में विशाल एकता यात्रा नजीबाबाद क्रीडा स्थल (स्टेडियम) से प्रारंभ हुई शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह , पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, यात्रा विधानसभा प्रभारी जिला मंत्री बलराज त्यागी विधानसभा यात्रा के आईटी प्रमुख भाजपा सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा के जिला प्रमुख रितेश सैन,मंडल अध्यक्ष गणों एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों, क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायत गणों की उपस्थिति में एकता रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने झंडी दिखाकर किया एकता रैली रेलवे स्टेशन, माल गोदाम चौराहा, कृष्ण टॉकीज चौराहा, जगन्नाथ चौराहा चौक, बाजार कल्लू गंज, आचार्य आर एन



केला, मौ जब्तागंज, मंडी समिति होते हुए लगभग 5 किलोमीटर निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर में एक जनसभा के उपरांत संपन्न हुई जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरदार पटेल के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश को अनेक रियासतों का विलय कराकर एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया था आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक विधान एक संविधान एक निशान का कार्य चल रहा है जिसका जीवंत उदाहरण कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाए जाना है 500 वर्षों के बाद नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में दिव्या और भव्य श्री राम मंदिर पर जल्द ही भागवत ध्वज फहराएगा। जनसभा को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, बृज कुमार अध्यक्ष गन्ना समिति, जिला मंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय, डॉ भूपेंद्र सिंह राजपूत, नकुल अग्रवाल, संदीप तायल, चौधरी ईशम सिंह, आशु अग्रवाल, नमन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर भुईयार, विक्रांत चौधरी, राजकुमार प्रजापति, रितेश सेन, जुगनेश कुमार,आर्य विरेन्द्र शर्मा, अभिषेक यादव, कलवा शेख मंसूरी, प्रमोद गिरी, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, वरुण कौशिक, ओमकार आजाद, मोहित चौहान, शिवम चौहान, तपेश्वर सिंह, एड सरदार कुलवंत सिंह, सरदार सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष प्रधान संघ प्रशांत चौधरी, राहुल हुड्डा, दिलीप कुमार, धीर सिंह, सत्यपाल सिंह, संचालक गन्ना समिति सुधीर चौधरी, बाबूराम तालान ,विक्रम सिंह खोवे, एड ब्रजराज सिंह, ओंकार सिंह, मुकेश गुप्ता, बिट्टू भटनागर, संजय सैनी, गायत्री निराला, हिमांशु तायल अंकित राजपूत, आशीष राजपूत, रमजान कुरैशी, नीरज पाल राजेंद्र सिंह संजीव राठी रामलाल सैनी दिनेश खन्ना लोकेंद्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान सतीश चौहान संजय चौहान कपिल राजपूत नरपाल सिंह, एडवोकेट संदीप कुमार, शोभित चौधरी, योगेंद्र सिंह, गीता राज, मनीषा सैनी, पूजा सैनी, आदि ने लिया एकता यात्रा में प्रतिभाग करने के लिए यात्रा के संयोजक बलराज सिंह त्यागी ने यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया

# असली किन्नरो ने नकली किन्नर को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद के कलहेड़ी गांव में एक नकली किन्नर को असली किन्नरों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया किन्नरों को सूचना मिली थी कि कलहेड़ी गांव में एक व्यक्ति खुद को किन्नर बताकर लोगों से पैसे मांग रहा है ।सूचना मिलने पर किन्नरों के एक समूह ने मौके पर पहुंचकर उस व्यक्ति को पैसे मांगते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उन्होंने उसे तुरंत नजीबाबाद थाने पहुंचाया ।थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस ने नकली किन्नर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# बिहार में नीतीश कुमार ने सीएम पद से दिया इस्तीफा, 10वीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, राज्यपाल से नई सरकार बनाने का पेश किया दावा

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

नई दिल्ली,19 नवंबर ।बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली जीत के बाद अब नई सरकार बनाने की औपचारिकता की जा रही है। इस बीच, एनडीए विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार बुधवार को राजभवन पहुंचे और सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही उन्होंने राज्यपाल से सरकार बनाने का भी दावा पेश किया।



नीतीश कुमार एनडीए के नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद उन्होंने एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें सभी नवनिर्वाचित विधायक और कई बड़े नेता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नेता चुनने पर बधाई दी ।नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस समारोह में आम आदमी से लेकर वीआईपी के जुटने की संभावना को देखते हुए उसी तरह की तैयारी की जा रही है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है ।एक दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को गांधी मैदान पहुंचकर नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंच पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था एवं अन्य उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली ।बता दें कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को कुल 202 सीटें मिली हैं। भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ है। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति (आर) ने 19 पर जीत दर्ज की, जो एनडीए में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी और पूरे बिहार में चौथे नंबर की पार्टी रही। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटों पर जीत मिली है।

# आदिवासी गौरव दिवस पर दुर्घटना सुनियोजित साज़िश: नागेश्वर प्रसाद गोंड़

**समाज जागरण/ आदिवासी**
**सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनजातीय आदिवासी गौरव दिवस के दिन हुए भीषण खनन हादसे ने पूरे जनपद को झकझोर दिया है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस घटना को सरकार की छवि खराब करने की सुनियोजित कोशिश बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद खनन माफिया ने नियमों की खुली अनदेखी कर आदिवासी मजदूरों को मौत के मुंह में धकेल दिया। आरोपों के अनुसार कृष्णा माइनिंग पट्टा धारक ने प्रतिबंधित क्षेत्र में, वह भी लीज क्षेत्र से बाहर अवैध तरीके से खनन कराया। जहां हादसा हुआ वह क्षेत्र पहले से खनन प्रतिबंधित बताया जा रहा है, फिर भी वहां खनन गतिविधि शुरू की गई। नियमों के अनुसार खनन कार्य प्रतिदिन सुबह 7 बजे शुरू होना चाहिए, लेकिन हादसे वाले दिन यह कार्य अचानक दोपहर



12:30 से 1:00 बजे के बीच शुरू कराया गया और डेढ़ से दो घंटे के भीतर यह भीषण दुर्घटना घट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों को अधिक मजदूरी का प्रलोभन देकर जोखिम भरी परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि खनन माफिया का कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ अवैध गठजोड़ है, और यदि इसकी निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़ा आर्थिक व प्रशासनिक खुलासा संभव है। श्री गोंड़ का कहना है कि यह पूरी घटना एक सोची-समझी चाल है, ताकि आदिवासी गौरव दिवस जैसे पवित्र अवसर पर माहौल खराब किया जा सके और प्रदेश सरकार व प्रशासन की छवि को धूमिल किया जा सके। इसी बीच कुछ लोग घटना पर घड़ियाली आंसू बहाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा है कि ह्लकोई दोषी कितना भी चालाक या प्रभावशाली क्यों न हो, उसकी जगह सिर्फ जेल में होगी। जनता ने यह भी याद दिलाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं आदिवासी बहुल जनपद सोनभद्र में उपस्थित होकर आदिवासी समाज के सम्मान, सुरक्षा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर चुके हैं। उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए लोगों ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर उनके आगमन से आदिवासी समाज का मान-सम्मान बढ़ा है। हादसे के बाद पूरे जिले में निष्पक्ष, व्यापक और उच्चस्तरीय जांच की मांग तेज हो गई है। जनमानस की अपेक्षा है कि खनन माफियाओं, अवैध गठजोड़ और लापरवाही में शामिल सभी जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाए।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू को कठोर उम्रकैद

**- एक लाख रुपए अर्थदंड, न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

**- अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी**

**- करीब 9 माह पूर्व 4 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**



**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। करीब 9 माह पूर्व 4 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 20 फरवरी 2025 को सायं 6 बजे बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू पुत्र रमाशंकर यादव निवासी बहुआरा, टोला औरहवा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र उसकी 4 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ गेहूं के खेत में लेजाकर दुष्कर्म कर रहा था। बेटी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां बेटी की दादी पहुंची तो वह भाग गया। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने 20 फरवरी 2025 को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। मेडिकल जांच में पीड़िता की उम्र 4 वर्ष के आसपास बताई गई। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू (23) वर्ष को कठोर उम्रकैद एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, नीरज कुमार सिंह व ज्वाला प्रसाद एडवोकेट ने बहस की।

# अर्श सच्चर ने बलतेज पन्नू को आप का प्रदेश महासचिव नियुक्त होने पर बधाई दी

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो, 19 नवंबर :आम आदमी पार्टी पंजाब ने पार्टी के निष्ठावान, अनुभवी और जमीनी स्तर से जुड़े नेता बलतेज पन्नू को प्रदेश महासचिव नियुक्त करके एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय लिया है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए, आम आदमी पार्टी फरीदकोट के वरिष्ठ नेता अर्श सच्चर ने पार्टी की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि मैं बलतेज पन्नू को इस नई और ज़िम्मेदारी भरी भूमिका के लिए बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि बलतेज पन्नू की जनता के प्रति दीर्घकालिक सेवा, पार्टी के प्रति निरंतर समर्पण और निष्ठापूर्वक किए गए कार्यों ने हमेशा आम लोगों का दिल जीता है। उनकी नवीनतम नियुक्ति निश्चित रूप से पार्टी की संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करेगी और पंजाब के हर हिस्से में जमीनी स्तर पर काम करने में नई चेतना का संचार करेगी। अर्श सच्चर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा पन्नू को दी गई यह ज़िम्मेदारी सिर्फ.एक पद नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों का विश्वास पत्र है। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुभव और ईमानदारी से पार्टी की लोक-केंद्रित राजनीति को और मजबूत करेंगे तथा पंजाब के हकों के लिए अग्रिम पंक्ति में रहकर मजबूती से संघर्ष करते रहेंगे।

## उधारी के रुपये मांगने पर घर में घुसकर हमला

**समाज जागरण**

कैराना। मोहल्ला दरबारकलां निवासी नेमचंद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जोड़वा कुआं पर उसके बेटे अर्जुन की रेडीमेड की दुकान है। करीब छह महीने पहले मोहल्ले का ही आशीष चार हजार रुपये के कपड़े उधार लेकर गया था। बाद में उसने जब पैसे मांगे, तो वह टरकाने लगा। रुपये वापस नहीं आने पर उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी थी, जिस कारण आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे थे। नौ नवंबर सुबह करीब साढ़े दस बजे मोहल्ले के ही श्याम सिंह, सन्नी, कीनू , कालू, प्रिंस, रवि और मुंशी हाथों में लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि एक इंस्टाग्राम आईडी से उसकी बहन के आपत्तिजनक फोटो और मैसेज वायरल कर दिए थे। इस संबंध में उसने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी थी। बाद में उसे पता चला की फोटो वायरल करने वाला यमन निवासी निकट राजा रानी मैरिज होम थानाभवन है, जिस पर उसने यमन और उसके पिता से बात की, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## किशोरी को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि थाना रमाला के गांव बूढपुर निवासी मन्नू, सोनू, श्यामो और उसके पति बेदू तथा बेटी सोनिया का उनके घर आना-जाना है। सात नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे घर पर उसकी 15 वर्षीय बेटी और बेटा थे। इस दौरान आरोपी उनके घर पर आए तथा उसके बेटे को नाश्ते का सामान लेने के लिए बाजार भेज दिया। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी को अपने साथ ले गए। वापस आने पर जब उसे पता चला, तो उन्होंने आरोपियों से बात की जिस पर आरोपियों ने उसे धमकी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

## 23 नवंबर को होगा पुरुष व महिला शूटिंग बाल चैंपियनशिप का ट्रायल

**समाज जागरण शामली।**

शामली शूटिंग बॉल एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य पुरुष व महिला शूटिंग बाल चैंपियनशिप के लिए राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन शामली में 23 नवंबर को सुबह 9 बजे ट्रायल होगा। ट्रायल से चयनित खिलाड़ी 25 नवंबर को सन शाइन कॉलेज आफ होम्योपैथिक फामेर्सी निनाना बागपत में शूटिंग बॉल फर्स्ट जॉन के लिए प्रतिभा करेंगे। जो टीम जॉन पर प्रथम द्वितीय या तृतीय आएगी वह 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल स्टेट के लिए 6- 7 दिसंबर को एसडी पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में प्रतिभा करेंगें।

## झिंझाना में हुई मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**समाज जागरण शामली**

गत 23 अक्टूबर को थाना झिंझाना क्षेत्र में जनपद पुलिस और बदमाशों के बीच हुई कथित सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश फैसल उर्फ शाहफैसल की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट शामली ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी ऊन को जांच अधिकारी नामित किया है। मृतक की पहचान फैसल उर्फ शाहफैसल पुत्र अकील
उर्फ अकील अहमद , निवासी मोहल्ला खादरवाला थाना खालापार मुजफ्फरनगर तथा मूल निवासी गली नंबर 4, समर गार्डन, फतेउल्लापुर, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई थी। उप जिलाधिकारी ऊन के अनुसार मुठभेड़ के सभी तथ्यों की मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई तथ्यात्मक जानकारी, साक्ष्य या बयान उपलब्ध हो,

तो वह उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसील ऊन में उपस्थित होकर अपना लिखित या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

## चैयरमेन ने किया अस्थायी गौशाला का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**



शामली। नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने बुधवार को नवीन मंडी स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और कई आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। चेयरमैन ने पाया कि गौवंश के खाने के लिए बनी खोरें पुरानी हो चुकी हैं तथा पानी पीने की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस पर उन्होंने नई और बेहतर खोर बनवाने के आदेश दिए, ताकि गोवंश को स्वच्छ पानी और उचित आहार उपलब्ध कराया जा सके। गौशाला में गोवंश की संख्या अधिक होने के बावजूद शेडों की कमी सामने आई। इस समस्या के समाधान के लिए अध्यक्ष ने दो नए शेड बनवाने के निर्देश दिए। जिनमें लगभग 40 गौवंश रखे जा सकेंगे। निर्माण विभाग के जूनियर अभियंता श्रीकांत राणा ने बताया कि इन कार्यों पर लगभग 20 से 22 लाख रुपये की लागत आएगी। एस्टीमेट तैयार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और देखभाल से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। बीमार अथवा कमजोर गायों की निगरानी के लिए कैमरों की आवश्यकता पाई गई। चेयरमैन ने पांच हाईटेक कैमरे लगाने के निर्देश दिए। पालिका ने सीसीटीवी कंपनी को मौके पर बुलाकर तुरंत कार्य प्रारंभ कराने के आदेश दिए।

## धूमधाम के साथ मनाई गई स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती

**समाज जागरण**



शामली। शहर के कांग्रेसजनो ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही स्व इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। कांग्रेसियों ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्व इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस ओमप्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि जमींदारी प्रथा उन्मूलन, हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश की मुक्ति उनके ऐसे फैसले थे। जिनके लिए जब तक यह दुनिया और दुनिया का इतिहास हैं। देश उन्हें सम्मान के साथ याद करता रहेगा। स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करके उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकताओं ने केक काटा और एक दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किया। मौके पर मौजूद कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में देश ने तरक्की के नई इबारत लिखी। इस दौरान कांग्रेसियों नें केक काटा और मिठाई वितरित की। इस अवसर पर प्रवीण तरार, वैभव गर्ग, ज्योति प्रसाद शर्मा, आदेश कश्यप, डा. श्रीपाल सिंह, विनोद कुमार अत्री, शेखरपाल, सुरेश पाल सैनी, मास्टर नरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्रपाल वर्मा, रविन्द्र मुखिया आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस ने किया गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत ट्रेफिक पुलिस द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं का जागरूक किया। एसआई अशोक कुमार, कुन्दन सिंह, राजीव कुमार, बलबीर सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाये बिना आपको बाइक तथा अन्य वाहन नही चलाने चाहिए। बाइक का प्रयोग करे, तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इससे आपका जीवन सुरक्षित रहता है। सड़क पर ग्रुप बनाकर नही चलना चाहिए। वाहन को निर्धारित स्पीड़ से चलाना चाहिए। वाहन आने व जाने के साधन है न कि स्टंटबाजी करने के है। उन्होने कहा कि सड़क पर रील्स आदि बनाने से भी बचना चाहिए। इस अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जिसमे जूनियर वर्ग में वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अवनी और राधिका क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में शगुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि निधि शर्मा और वंशु बंसल द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सभी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धित नियमो के पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, मनोज शर्मा, मनोज भारद्वाज, रामनाथ, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, अंजली जैन, भावना शर्मा मौजूद रहे।

## वेस्ट मेटेरियल से निर्मित उपयोगी वस्तुओं की विषेश प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। हिंदू महिला महाविद्यालय में बुधवार को वेस्ट मटेरियल से निर्मित उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य घर में पड़ी बेकार वस्तुओं को पुनः उपयोगी बनाने के तरीकों को प्रदर्शित करना तथा छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।
प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग ने दीप प्रज्वलन कर किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने आंतरिक परीक्षा के साथ-साथ इस प्रदर्शनी में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने प्लास्टिक की बोतलों, पुराने अखबारों, गत्ते, टिन के डिब्बों, कपड़ों की कतरन एवं अन्य परित्यक्त सामग्री का उपयोग कर सुंदर एवं उपयोगी वस्तुऐं तैयार कीं। प्रदर्शनी में उनकी रचनात्मकता और कला-कौशल की झलक स्पष्ट दिखी, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनः उपयोग की भावना को भी मजबूती दी। प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग ने कहा कि वेस्ट मटेरियल को केवल कचरे के रूप में देखने के बजाय एक संसाधन के रूप में उपयोग करना सीखना आवश्यक है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्रजभूषण संगल ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाली छात्राओं को जागरूक किया और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा की जाती है गरीब असहाय लोगों की मदद, कुशाक चौहान

**समाज जागरण**




शामली। रेडक्रॉस सोसाएटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष डा. अरूण सिंह ने जनपद शामली में गतिविधियों को बढावा देने के लिए दौरा किया। इस दौरान उन्होने जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और टीबी रोगियों को खादय किट प्रदान की। रेडक्रॉस सोसाएटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष डा. अरूण सिंह गत मंगलवार देर रात्रि नोएडा, गाजियाबाद का दौरा करने के बाद शामली पहुंचे।उन्होने जिला अस्पताल में आयोजित रेडक्रॉस सोसाएटी के कार्यक्रम का मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिले के रेडक्रॉस सोसाएटी के चेयरमैन कुशांक चौहान ने पूरे वर्ष किए गए कार्यो का ब्योरा रखा। उन्होने बताया कि किस प्रकार सोसाएटी द्वारा असहाय लोगों की मदद की गई। डा. अरूण सिंह ने जिले में गतिविधयों को और अधिक बढाया जाये और मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिले में रेडक्रॉस सोसाएटी का भवन न होने पर डा. अरूण सिंह ने जल्द ही भवन तैयार कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाएटी के 15 नये सदस्ये शामिल हुए। तत्पश्चात सोसाएटी द्वारा गोद लिए 23 टीबी रोगियों को खादय किट प्रदान की गई। इस अवसर पर सचिव डा. अथर जमील, वाईस चेयरमैन हरिओम पाठक, कोषाध्यक्ष डा. रश्मिकांत जैन, आलोक चौहान एडवोकेट, पंकज गुप्ता, प्रभात भार्गव, डा. अक्षय कुमार, वंश दीवाना, अर्जुन वर्मा, विपिन चौहान, सुरेन्द्र चौहान, बीना अग्रवाल, डा. गुंजन चौधरी, अफसरून, डा. नदीम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की पत्नी ने पति पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण**



शामली। शामली पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही पर उसकी पत्नी, जो स्वयं भी महिला कांस्टेबल है, ने दूसरी महिला से संबंध रखने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों का खुलासा उस समय हुआ जब महिला कांस्टेबल मंगलवार रात मौके पर पहुंची और पुलिस बुलाकर दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलते ही पति और घर में मौजूद एक अन्य महिला मिली। जिसके बाद हंगामा खडा हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काकानगर में पुलिस लाईन में तैनात सिपाही संदीप कुमार किराये के मकान में रहता है। गत मंगलवार देर रात्रि जब सिपाही किराये के मकान में था तो पत्नी महिला कांस्टेबल जो वर्तमान में मुजफ्फर नगर में तैनात है पहुंच गई। महिला ने बताया कि उसकी शादी संदीप से 3 दिसंबर 2017 को हुई थी। दंपती का साढ़े छह वर्ष का एक बेटा है, जो मां के साथ रहता है। महिला कांस्टेबल का आरोप है कि उसके पति संदीप का शामली में रहने वाली एक अन्य महिला से संबंध है और वह महिला गर्भवती भी है। इसी सूचना की पुष्टि करने के लिए वह रविवार रात मोहल्ला काकानगर स्थित घर पहुंची। महिला के अनुसार, घर का दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद उसने पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की मौजूदगी में जब दरवाजा खोला गया, तो कांस्टेबल महिला का पति बाहर निकला। दरवाजा खुलते ही कथित रूप से पति ने पत्नी से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान घर से अन्य महिला भी बाहर आ गईं। इसके बाद पति, पत्नी और एक महिला के बीच कहासुनी बढ़कर मारपीट में बदल गई। हंगामा बढता देख शहर कोतवाली पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। महिला ने बताया पति के साथ विवाद चल रहा है तो कोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन पीठ पीछे अन्य महिला के साथ रह रहा है। संदीप कुमार ने बताया कि पत्नी के पूर्व में किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध थे। यही नही माता के साथ भी मारपीट की गई थी। दोनों के तलाक को लेकर कोर्ट में वाद चल रहा है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**
**शामली(फुरकान जंग)**




जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।किसान दिवस किसान दिवस में सुनील पॅवार निवासी नाला द्वारा मॉग की गई कि यमुना नहर के पटरी के किनारे खरपतवार हैं। जिसके कारण चलने में कठिनाई आ रही है। साफ कराने की माँग की गई। और नाला ग्राम की सड़क पर गडढे है जिसे सही करने की माँग की गयी। विदेश मलिक ग्राम चुनसा द्वारा मॉग की गई कि गन्ना मिल ने गन्ना तोल वजन की लिमिट कम कर दी गयी है जिसे पूर्व की भांति करने की माँग की गयी। कालेन्द्र मलिक द्वारा मॉग की गई गन्ना मिल द्वारा गन्ने ट्रान्सपोर्ट का किराया बढ़ाया गया जिसे कम करने की मॉग की गयी। निराश्रित गॉवंश को पकडकर गौशाला में भिजवाया जाये। कपिल खाटियान निवासी ग्राम पिण्डौरा द्वारा मॉग की गई कृषकों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र कराया जायें और ग्राम बिडौली में नकली सीमेन सेंटर बन्द कराने की माँग की गयी। अजय सिंह निवासी ग्राम पिण्डौरा द्वारा रियल टाईम खतौनी में बड़े स्तर पर नाम मिस्मैच की समस्या है जिसे सही कराने की मांग की गई। ऋषिपाल निवासी ग्राम कुड़ाना द्वारा माग की गयी गाँव के चारागाह को कबजा मुक्त कराया जाये। कुलदीप पवॉर ग्राम नाला द्वारा बताया गया कि शहर में चीनी मिल से छाई की समस्या रहती है जिसका निदान कराया जाये।किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक, आर० एस० कुशवाहा, जिला गन्ना अधिकारी, शामली, सतेन्द्र मान, जिला उद्यान अधिकारी, तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक सजीव राठी ग्राम गोहरपुर, राजन जावला निवासी डॉगरोड, ऋषिपाल सिंह ग्राम कुडाना आदि किसान उपस्थित रहें।

## कोलकाता पुलिस ने झिंझाना में छापेमारी कर वांछित आरोपी को दबोचा

**समाज जागरण**

झिंझाना। मेरठ करनाल हाईवे स्थित वैष्णो ढाबा पर बुधवार देर शाम कोलकाता पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर एक चेन स्नेचर बाइक चोरी सहित कई वारदातों के आरोपी को गिरफ्तार किया। कोलकाता पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई। बुधवार को कोलकाता के थाना उल्टाडांगा (वेस्ट बंगाल) टीम लीडर काजोल घोष व धनंजय घोष थाना पहुंचे तथा अपनी आमद कराकर स्थानीय पुलिस की मदद से चेन स्नेचिंग का आरोपी प्रदीप पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मोहल्ला खालसा झिंझाना जनपद शामली को मेरठ करनाल हाईवे स्थित वैष्णो ढाबे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रदीप को कोलकाता के उल्टाडांगा क्षेत्र में हुई कई आपराधिक घटनाओं में वांछित घोषित किया गया था। उस पर बाइक चोरी, चैन स्नैचिंग सहित कई वारदातों को अंजाम देने के आरोप हैं। कोलकाता पुलिस पिछले काफी समय से उसकी तलाश में थी। कोलकाता पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले जाएगी, जहां उससे अन्य मामलों में भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि उसकी गिरफ्तारी से कई चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं का खुलासा होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना ने बताया कि कोलकाता पुलिस आई थी तथा चेन स्नेचिंग के एक आरोपी को स्थानीय पुलिस की मदद से हिरासत में लिया है। कोलकाता पुलिस पकड़े गए आरोपी को अपने साथ ले गई है।

## ग्रामीण की पिकअप गाड़ी हुई चोरी,मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण की किसी चोर ने पिकअप गाड़ी चोरी कर ली पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र वीरसैन ने बताया कि उसका गांव में ही सड़क के किनारे एक प्लाट खाली पड़ा हुआ है। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी पिकअप गाड़ी विगत मंगलवार की रात को अपने प्लांट में खड़ी की थी। किसी चोर ने मौका पाकर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ली जब सुबह सवेरे पीड़ित अपने खाली पड़े प्लाट में पहुंचा तो उसकी गाड़ी गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी गाड़ी का कहीं सुराग नहीं लगा पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर अज्ञात में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में अभियोग दर्ज करते हुए पिकअप गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है।

## ससुरालियों पर मारपीट कर पत्नी को ले जाने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी है कि व्यक्ति ने अपने ससुराल के आधा दर्जन लोगों पर मारपीट करते हुए उसके पत्नी को ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी फरीद ने बताया कि वह घर पर बैठा हुआ था तभी उसके ससुराल के आधा दर्जन महिला पुरुष घर पर पहुंचे और पीड़ित के साथ आते ही गाली गलौज करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसकी पत्नी को अपने साथ ले गए। पीड़ित ने आरोपी ससुरालियो के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 99 जोड़े पवित्र बंधन में बंधे

**समाज जागरण**



कांधला।(फुरकान जंग)विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित रॉयल पैलेस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कांधला एवं कैराना विकासखंड क्षेत्र के 99 नवविवाहित जोड़ों का विवाह वैदिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सामूहिक विवाह में हिंदू व मुस्लिम दोनों समुदायों के जोड़ों ने एक ही मंच पर परिणय सूत्र में बंधकर सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।समारोह के दौरान समाज कल्याण विभाग के अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा सरकार की अन्य लोक-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है, जिससे समाज में सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को सामाजिक उत्थान और संवेदनशील शासन का प्रतीक बताया। इस मौके पर, विकासखंड अधिकारी रोहतास कुमार, कृषि एग्रीकल्चर, जयदेव सिंह, विनोद मलिक, पंकज प्रधान, सहित विकासखंड के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से यूपी पुलिस के जवान की मौत

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी यूपी पुलिस के जवान की कमरे में सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।गांव नाला निवासी 32 वर्षीय विभोर पंवार जनपद मेरठ के सिविल लाइन थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात था। परिजनों के अनुसार रोज की तरह वह रात में अपने कमरे में सोने चले गए थे, तभी देर रात अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किसी तरह शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब विभोर पंवार का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो घर में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके आवास पर एकत्र हो गए। परिवार में पत्नी अंशु (28), बेटा शिवांश (6), बेटी वर्णिका (8), मां सुमन, पिता जयकुमार, छोटे भाई निखिल और आशीष (फौजी) का रो-रोकर बुरा हाल है। बहन शालू की शादी हो चुकी है।अंतिम यात्रा में जनपद पुलिस और मेरठ पुलिस के अधिकारियों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। श्मशान घाट पर विभोर पंवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पुत्र शिवांश ने पिता को मुखाग्नि दी। उनकी असामयिक मौत से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर का युवती संग डांस वीडियो वायरल

**समाज जागरण कांधला।**

धरती के भगवान कहे जाने वाले सरकारी अस्पताल के एक डॉक्टर का अस्पताल के ही कमरे में युवती के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वायरल फुटेज में डॉक्टर युवती के साथ अर्धनग्न अवस्था में जमकर डांस करते हुए दिखाई दे रहा है, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।वीडियो वायरल होते ही चिकित्सा अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए संबंधित डॉक्टर को नोटिस जारी कर तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है। अस्पताल प्रशासन ने वीडियो को अस्पताल की गरिमा के खिलाफ बताया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल जनता की सेवा के लिए है, ऐसे में डॉक्टर का अस्पताल परिसर में इस तरह की हरकत करना न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि अस्पताल की छवि को धूमिल करने वाला भी है। कस्बे में यह वीडियो चर्चा में बना हुआ है और लोग स्वास्थ्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल तो सरकारी अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी मैं मामले में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

# विनोद मान बने सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य

**समाज जागरण बड़ौत।**



बुधवार को हुए सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव में विनोद मान एडवोकेट सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य बने है। तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने उनको बधाई देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अपने बधाई संदेश पर उन्होंने कहा कि वह रेवेन्यू बार एसोसिएशन में दो बार, कनिष्ठ सदस्य पद पर भी चुनाव जीते है। सह सचिव एक बार, वरिष्ठ सदस्य दो बार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर भी रहकर कार्य किया है। 2025-2026 के चुनाव में वरिष्ठ सदस्य चुने गए है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा। विनोद मान एडवोकेट अपने चेंबर पर चुनाव जीतने के बाद मीडिया के साथ रूबरू हो रहे। सादिकपुर सिनोली गांव के रहने वाले विनोद मान लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है। एकता भाईचारे के साथ सभी के दुख सुख में आना-जाना उनका महत्वपूर्ण कार्य है। तहसील परिसर में भी समाज सेवा करने में कभी पीछे नहीं रहते।

# कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती

**समाज जागरण बड़ौत।**



नगर में कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकताओं ने देश की आयरन लेडी प्रथम महिला भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी महान स्वतंत्रता सेनानी निडर साहसी वीरागना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती के शुभ अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया ने किया। पूर्व प्रदेश महासचिव चौ० रामकुमार सिंह ने कहा इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल मे देश मे किसान, मजदूर, गरीबों, दलितो, शोषितो वंचितों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडकों, बिजली, पानी, नहरों पर विशेष ध्यान दिया। रोजगार के दरवाजे खोले। चोदह बैंको का राष्ट्रीयकरण किया। मरने से पूर्व उन्होंने कहा था मेरे खून का एक एक कतरा मेरे देश को मजबूत बनाने के काम आयेगा तो मुझे मरने की कोई परवाह नहीं। अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें मा दुर्गा की उपाधि भी दी। ऐसी निडर महिला इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है। वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया ने कहा इदिर गांधी ने देश को नई दिशा दी देश को शिखर पर पहुंचाया 101 देशो की राष्ट्राध्य भी रही। हमे उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा इंदिरा गांधी ने देश के विकास की मजबूत नीव रखी। कड़ी मेहनत दुरद्रष्टि पक्का इरादा अनुशासन कुशलता उनकी उपलब्धियों का प्रेरणात्मक नारा था। आज युवाओं को उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है। काग्रेस ही किसान, मजदूर, गरीबों, युवाओं का भला करने मे सक्षम है। इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह, शोकेन्द्र तोमर, बिजेन्द्र शर्मा, औमबीर दुहण, डा सुभाष शर्मा, रविन्द्र तोमर, देवेन्द्र शर्मा, मामचन्द शर्मा, सोमपाल शर्मा, बीबी रूहेला, आदिल, वसीम, विकास, औकर दत्त आदि रहे।

# राजकीय हाई स्कूल बसौद में लगाया गया कैरियर मेला

**समाज जागरण बागपत।**



राजकीय हाई स्कूल बसौद बागपत में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को भविष्य के लिए कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर डॉ सत्यवीर सिंह (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), नीतू कुमरा (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), एसआई गायत्री व गोपाल सिंह (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से फीता काटकर तथा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को बैंक के क्षेत्र में, पुलिस, अध्यापक, चिकित्सा, सेना (आर्मी) आदि से संबंधित जानकारी दी और सभी से लक्ष्य बनाकर अपनी पढ़ाई-लिखाई करने की बात कही। उसके पश्चात उन्होंने कैरियर मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और उनसे सवाल-जवाब पूछे। स्कूल के अध्यापकों ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व गुलाब के फूल देकर अभिनंदन किया। कैरियर मेले को सफल बनाने में अंतरिक्ष कुमार, आभा राज सिंह, बिंदिया ब्रिज, प्रिया रानी, नरेश कुमार भारद्वाज, मनोज कुमार, कालूराम, सुप्रसिद्ध समा जसेवी मास्टर सत्तार अहमद व आदिल हुसैन आदि सभी का सहयोग रहा।

# ईपीई पर खड़े ट्रक से स्कॉर्पियो टकराई, दो की दर्दनाक मौत, सपा नेता समेत चार गंभीर

**समाज जागरण बागपत।**



ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से स्कॉर्पियो की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व प्रधान मास्टर तेजपाल समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों का उपचार सर्वोदय अस्पताल में चल रहा है। मंगलवार रात करीब सवा 11 बजे बागपत के बड़ागांव क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। अंधेरे में खड़े ट्रक से स्कॉर्पियो के टकरा जाने पर दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व प्रधान समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बली निवासी पूर्व प्रधान मास्टर तेजपाल अपने परिजनों के साथ गाजियाबाद के छजा गांव में शादी समारोह से स्कॉर्पियो वाहन से लौट रहे थे। इसी दौरान बड़ागांव के पास अंधेरे में खड़े ट्रक से उनकी गाड़ी जोर से टकरा गई। हादसे में बली गांव के निशांत(24) पुत्र सत्यवीर सिंह और सुमन पत्नी राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं सपा नेता और पूर्व प्रधान मास्टर तेजपाल, राजकुमार, मीनू और मीनू की डेढ़ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# सैटेलाइट की निगरानी में पकड़े गए चार किसान, पत्ती जलाने पर कार्रवाई

**समाज जागरण कांधला।**




क्षेत्र में गन्ने व धान की कटाई के बाद खेतों में पराली या पत्ती जलाने की पुरानी प्रवृत्ति अब किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त हो चुका है। इसी कड़ी में सैटेलाइट की हाई-टेक निगरानी में चार किसानों द्वारा पराली जलाने की घटना चिन्हित होते ही प्रशासनिक मशीनरी हरकत में आ गई। लगातार हो रही कार्रवाइयों से क्षेत्र के किसान सहमे हुए हैं और खेतों में आग लगाने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हैं।थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी किसान हरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार पुत्र महावीर, गुड्डू पुत्र धर्मेंद्र और बबीता पत्नी धर्मेंद्र के खेतों में गन्ने की फसल कटाई के बाद अवशेष जलाए जाने की सूचना सैटेलाइट प्रणाली से प्राप्त हुई। एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए बनाई गई यह निगरानी प्रणाली धुएं के उठते गुबार को तुरंत ट्रैक कर लेती है।सूचना मिलते ही लेखपाल विजय कुमार तथा प्राविधिक सहायक विशु कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर किए गए निरीक्षण में पराली जलाने की पुष्टि होने पर लेखपाल ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह को प्रेषित कर दी। प्रशासन ने नियमों के तहत चारों किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई आरंभ कर दी है। कृषि अधिकारी जयदेव सिंह ने किसानों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किसी भी हालत में खेतों में आग न लगाएं, अन्यथा सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। लगातार बढ़ रहीं ऐसी घटनाओं पर अब पूरा क्षेत्र प्रशासन की पैनी नजर में है।

# कन्नौज: कन्नौज में यूनिटी मार्च आज

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। कल सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण होंगे वही कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित पार्टी हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।यूनिटी मार्च का शुभारंभ निमार्णाधीन रोमा स्मारक से10:30 बजे होगा, जो शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों से होते हुए बोर्डिंग ग्राउंड में समापन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने नगर के नागरिकों से बड़ी संख्या में इस मार्च में भाग लेने की अपील की है।

# बड़ौत में चमका खेलों का सितारा, जाट कॉलेज में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आगाज, हजारों खिलाड़ी होंगे शामिल

**समाज जागरण बड़ौत।**



बड़ौत के जाट कॉलेज में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री केपी मलिक और बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान ने संयुक्त रूप से किया। जैसे ही मंच से तीनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित किया, पूरे परिसर में जोश और उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में जिले के सैकड़ों युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दौड़, कुश्ती, फुटबॉल सहित कई प्रमुख खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खेल मैदानों में सुबह से ही खिलाड़ियों की तैयारियों और अभ्यास की तस्वीरें आयोजन की भव्यता का अहसास करा रही थीं। उद्घाटन समारोह में जनपद के नेशनल और स्टेट लेवल पर सहभागिता कर चुके खिलाड़ियों, शूटरों और पहलवानों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले खिलाड़ियों ने कहा कि ऐसे आयोजन उनके मनोबल को बढ़ाते हैं और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है। सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत सरकार गांव-शहर के हर कोने में खेल संस्कृति को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी खेलों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य का निर्माण करती है, बल्कि समाज और देश को नई दिशा भी देती है। वहीं प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी और राज्यमंत्री केपी मलिक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में बागपत जिला खेल प्रतिभाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। आयोजकों के अनुसार, तीन दिनों तक प्रतियोगिताएं सुबह से देर शाम तक चलेंगी और अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव में हजारों दर्शकों और प्रतिभागियों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। खेल मैदानों में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत थी कि क्षेत्र में खेलों के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह लोहडडा योगेंद्र सिंह सोलंकी सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव, एडीएम विनीत उपाध्याय, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, अमन कुमार, रोहित धनकड़, विशाल राय, भूपेंद्र चौधरी, सोनू धनकड़ सहित कई अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# 19 नवम्बर से 27 नवम्बर तक होंगे धनसिंह कोतवाल जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**




1857 के क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जी को समर्पित जन्मोत्सव सप्ताह (19 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक) पर आयोजित कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जी के प्रपोत्र एवं शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि 1814 ई में 27 नवंबर को क्रांति नायक धनसिंह कोतवाल जी का जन्म हुआ था उसी उपलक्ष्य मे शोध संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों में जन्मोत्सव सप्ताह 19 नवंबर से 27 नवंबर तक मनाया जाता है। इस वर्ष विशेष बात यह है कि क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जी के जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों के द्वारा 1857 से 1867 तक 10 वर्षों में भारत माता पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले एक करोड़ शहीदों, देशभक्तों, क्रांतिकारियों को नमन किया जाएगा। जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों के दौरान धनसिंह कोतवाल महिला शोध समूह द्वारा गांव, कस्बों, मोहल्लों एवं नगरों में महिला गीत,संगीत, भजन, कीर्तन, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएँ धनसिंह कोतवाल जी को नमन करेंगी। शोध संस्थान द्वारा जन्मोत्सव के अवसर पर देशभर से शोधार्थियों, इतिहासकारों, प्रोफेसर्स, प्रशासनिक एवं गैर प्रशासनिक अधिकारियों, समाज के प्रबुद्ध एवं प्रमुख समाजसेवी को संस्थान के कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष भारत के लगभग 15 राज्यों की प्रबुद्ध जन जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर धनसिंह कोतवाल जी को नमन करेंगे। प्रेस वार्ता में धन सिंह कोतवाल जी के प्रपोत्र तस्वीर सिंह चपराना, राष्ट्रपति पदक से अलंकृत श्री सरबजीत सिंह कपूर, पूर्व प्रोफेसर देवेश शर्मा, महिला संयोजिका श्रीमती सुगम सिंह धामा, डॉक्टर अशोक कुमार चौधरी, विनय कुमार, संजय कुमार धामा आदि उपस्थित रहे।

# सर्वजातीय सर्वखाप ऐतिहासिक कार्यक्रम शोरम में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**समाज जागरण बागपत।**

बालियान खाप के सौजन्य से एक कार्यक्रम 16 नवंबर से 18 नवंबर तक ग्राम शोरम जिला मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया। इसमें बागपत से भी काफी लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में सर्वजातीय सर्वखाप चौधरियों व थांम्बा चौधरी के साथ- साथ महत्वपूर्ण विशिष्ट सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई।



चौधरी गजेंद्र सिंह कुंडू, कुंडू खाप चौधरी (प्रधान) उ प्र द्वारा बताया गया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में सभी के सुझाव आने के बाद महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य रूप से मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, भ्रूण हत्या, लीव इन रिलेशन, लव मैरिज, शिक्षा, गोवंश संरक्षण, खाप में युवा व महिलाओं की भागीदारी, पर्यावरण व जल संरक्षण पर निर्णय सुनाये गये। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह ने उपरोक्त सभी निर्णय का स्वागत किया। अगला महासम्मेलन 10 वर्ष बाद 2035 में ग्राम शोरूम में ही आयोजित किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर कभी भी आयोजित किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में बालियान खाप चौधरी नरेश टिकेत द्वारा सभी को कीमती समय देने पर उनका आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने समाज कल्याण के निदेशक को पत्र लिखकर छात्रों की समस्या से अवगत कराया

**समाज जागरण बागपत।**



स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ ने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशकों को पत्र लिखकर छात्रवृत्ति के आवेदन करने में आ रही परेशानी के सुधार के लिए अनुरोध किया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव गुप्ता ने निदेशकों को लिखे पत्र में लिखा कि छात्रो द्वारा आवेदन करते समय सम्पूर्ण चरण पूरे करने के बाद ओटीआर नम्बर प्राप्त नहीं होता है, ओर एरर आ जाता है, इस समस्या के चलते बड़ी संख्या में पात्र छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, ना ही तो नवीनीकरण हो पा रहा है ओर ना ही नवीन आवेदन हो रहे है, उन्होंने यह भी लिखा कि ओटीआर सुबह 6 बजे तक या कुछ समय रविवार को अथवा देर रात्रि में हो रहा है जनपदों के अधिकांश छात्र-छात्राएं साइबर कैफे पर आश्रित है और ओटीआर करने के लिए ओटीपी की आवश्यकता होती है जो की देर रात अथवा बहुत सुबह छात्रा से प्राप्त करना साइबर कैफे संचालक के लिए संभव नहीं है इसके चलते उनका ओटीआर नहीं हो पा रहा है, छात्र-छात्राएं आवेदन के लिए वंचित हैं यह समस्या सभी वर्गों के आवेदन करने में आ रही है, इसका स्थाई समाधान बेहद आवश्यक है, उन्होंने छात्रहित में अनुरोध किया कि ओटीआर के लिए सुगम व्यवस्था कराने के लिए संबंधितो को निर्देशित कराने का कष्ट करें, उन्होंने यह पत्र प्रदेश के सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को भी प्रेषित करते हुए अनुरोध किया कि वह भी अपने स्तर से इस समस्या को निदेशालय को अवगत करायें।

# लीडर ट्रेलर डॉ. बी. इस्लाम कैरानवी की योग जगत की सेवा को सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

18 नवंबर को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड के मुख्यालय, गोल मार्केट महानगर लखनऊ में प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत ने डॉ. बी. इस्लाम (कैरानवी) से उनकी लिखी और भारत सरकार एनसीईआरटी द्वारा



प्रकाशित पुस्तक भेंट स्वरूप स्वीकार की। डॉ. कैरानवी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 1985 से वैज्ञानिक अप्रोच के साथ इंटीग्रेटेड योग सिखा रहे हैं। वे भूतपूर्व ट्रेनिंग कमिश्नर केवीएस और एल.टी. भारत स्काउट एंड गाइड हैं।

# धन सिंह कोतवाल जन्मोत्सव को लेकर हुआ दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**



धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा विश्व प्रसिद्ध 1857 की जनक्रांति के महानायक धनसिंह कोतवाल जी को समर्पित जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों के तहत क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल मंडलीय दौड़ प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किसान डिग्री कॉलेज सिंभावली में हुआ। मंडलीय दौड़ प्रतियोगिता चार वर्गों में थी बालिका वर्ग, जूनियर वर्ग, मिडिल वर्ग और सीनियर वर्ग। दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 200 मीटर दौड में प्रथम वंशिका तंवर , द्वितीय वंशिका अधाना, तृतीय मीना गुर्जर तथा जूनियर वर्ग 200 मीटर कक्षा 6 से 8 में प्रथम रामराज , द्वितीय अंश शरब, तृतीय निखिल तथा मिडिल वर्ग 400 मीटर दौड़ कक्षा 9 से 12 में प्रथम धीरज, द्वितीय रामराज, तृतीय रणजीत तथा सीनियर वर्ग 800 मीटर में प्रथम आशुतोष, द्वितीय भुपेन्द्र एवं तृतीय स्थान मौ साहिल ने प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सम्मान प्रतीक चिन्ह, धनसिंह कोतवाल जी का चित्र, सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।मुख्य वक्ता तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि 19 नवंबर से 27 नवंबर तक क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जी के जन्मोत्सव के माध्यम से एक करोड़ ज्ञात अज्ञात क्रांतिकारियों को नमन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखीराम नागर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धनसिंह कोतवाल के प्रपोत्र एवं चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना तथा अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डा कमल मलिक, डॉ अशोक कुमार चौधरी स्वतंत्र इतिहास लेखन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। दौड़ प्रतियोगिता में ओलंपियन कोच कैप्टन अमरीश अधाना, शक्ति सिंह, भानु प्रताप सिंह और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कोच कोशिंदर अधाना ने क्रीडा प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका निभाकर खेल आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम उप संयोजक सुभाष प्रधान चेयरमैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रमुख समाजसेवी राजबल सिंह एवं प्रधानाचार्य गंगादास सिंह ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन किया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चमन सिंह चेयरमैन, धनसिंह कोतवाल महिला शोध समूह की संयोजिका सुगम सिंह धामा प्रधानाचार्या, प्रधानाचार्य डॉ जितेंद्र त्यागी, ओमेंद्र कुमार प्रबंधक इमरान गफूरी, केडी कॉलेज के प्रबंधक संदीप कुमार, महेश आर्य, प्रोफेसर डॉक्टर नीलम सिंह, हरेंद्र सिंह,मास्टर नरेंद्र सिंह आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

# कन्नौज: स्टेयरिंग फेल होने से एक्सप्रेस वे पर बस पलटी तीस यात्री घायल

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**






कन्नौज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह करीब 5 बजे एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 30 से 32 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह बस दिल्ली से गोंडा जा रही थी, जिसमें लगभग 50 लोग सवार थे। ठठिया थाना क्षेत्र के 210 किलोमीटर पर पहुंचते ही बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना मिलने पर यूपीडा की पांच एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।
हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल और सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने डॉक्टरों की टीमें लगाकर घायलों का इलाज शुरू कराया। उधर, सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह और एसडीएम तिर्वा राजेश कुमार भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। बस यात्रियों ने बताया कि बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। कई यात्रियों ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास किया। यात्रियों के अनुसार, बस एक्सप्रेस-वे पर तीन बार पलटी खाई। डबल-डेकर बस पर काफी सामान भी लदा हुआ था। यात्रियों ने बताया कि यह हादसा बस का स्टेयरिंग फेल होने के कारण हुआ। घायलों में गोंडा के जमुनापुर्वा कटरा बाजार निवासी फौजदार, मुंशीपुर्वा निवासी राजेश कुमार, ज्ञानतैहा निवासी शुभम, गैगतैहिया निवासी जानवी, कटरा बाजार निवासी अजीत कुमार, देव पलिया निवासी जितेंद्र कुमार, कुंवरपुर करनैलगंज निवासी रामसागर और सतहरी निवासी शुभी समेत कई अन्य लोग शामिल हैं।

# कन्नौज: दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में आवेदन की तारीख बढ़ी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत कक्षा 11 व 12 को छोड़कर वंचित सभी वर्गों के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई हैं उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की तिथि 20 से 26 नवम्बर 2025 तक, विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन करने की तिथि 01 दिसम्बर 2025 तक, जिला समाज कल्या अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 04 दिसम्बर तक किया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन की तिथि 20 से 26 नवम्बर 2025 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन का फाइनल प्रिन्ट संस्थान में जमा करने की तिथि 29 नवम्बर 2025 तक, शिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र को ऑनलाइन को सत्यापन करने की तिथि 03 दिसम्बर 2025 तक, विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्रां, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लाक करने की तिथि 04 से 09 दिसम्बर 2025 तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को छात्र/छात्राओं द्वारा सही करने की तिथि 11 से 18 दिसम्बर 2025 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा सही आवेदन पत्र को जमा करना तथा संस्थान द्वारा पुनः सत्यापित करने की तिथि 16 से 20 दिसम्बर 2025 तक , जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक किया जाना 16 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक, छात्र/छात्राओं के खातों में पी0एम0एफ0एस0 के माध्यम से धनराशि अन्तरण किये जाने की तिथि 12 जनवरी 2026 तक किया जायेगा।

# जंगलराज को दरकिनार कर बिहार की जनता ने विकास रूपी एनडीए को चुना: सौरभ

**समाज जागरण**

बरगवा। विधानसभा चुनाव बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं पार्षद सौरभ कोरी ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास रूपी एनडीए गठबंधन को चुना है और बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई है इसके लिए वह पूरे बिहार की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की डबल इंजन की सरकार ने लगातार बिहार में विकास कार्यों के माध्यम से बिहार को आगे बढ़ाने के काम में जुटे हैं। बिहार की



जनता ने भी जंगल राज को दरकिनार करते हुए विकास करने वाली पार्टी को चुना है। इसके लिए बिहार के प्रत्येक भाजपा कार्यकताओं की मेहनत और जनता के बीच विश्वास बनाए रखने के कारण यह ऐतिहासिक जीत मिली है। पार्षद ने बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए बधाई प्रेषित की है उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन यानी डबल इंजन की सरकार ने बिहार के हर वर्ग के लोगों के लिए अनेकों विकास की योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ वहां के लोगों को मिल रहा है और यही वजह है कि इस बार के चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिली है। बिहार की जनता ने इस विधानसभा चुनाव में साफ कर दिया कि वह अब किसी की बहकावे में ना आकर विकास करने वाली पार्टी यानी एनडीए के साथ है।

# करोड़ों का मुनारा मॉडल रेंज से लेकर आवास तक नए घोटाले की पटकथा , जुगलबंदी के खेल पर ककी मांग तेज

**समाज जागरण**

गौरेला ।जीपीएम वनमंडल में इन दिनों सिर्फ निर्माण नहीं, नया खेल चल रहा है। कैम्पा मद से 2024-25 में मुनारा निर्माण, रेंज ऑफिस, डिपो आवास और ग्रामीण सड़कों के लिए करोड़ों की स्वीकृति आई लेकिन जमीन पर काम कम, और कहानी ज्यादा दिख रही है। कहानी भी ऐसी कि निर्देश विभाग के हों, पर फैसले कहीं और लिखे जाएं। बताया जाता है कि यह पटकथा दो अतिरिक्त प्रभावशाली लोगों के हाथों में है बॉबी शर्मा और रेंजर प्रबल दुबे। आरोप है कि फाइल कौन देखेगा, भुगतान किसे मिलेगा, कौन-सा बिल पास होगा सबका हिसाब बॉबी शर्मा तय करता है। विभागीय लोग कहते हैं आदेश कोई भी दे चलता उन्हीं का है।

**जुगलबंदी का खेल किसके इशारे पर कौन नाच रहा है ?**

रेंजर प्रबल दुबे की पोस्टिंग ऐसे समय हुई जब सीसीएफ प्रभात मिश्रा सेवानिवृत्त होने ही वाले थे। चचाएं तो यहाँ तक हैं कि कृपा विशेष से ही गौरेला रेंज का रास्ता खुला। मगर आज हालत यह है कि दुबे जी, अपने रेंज ऑफिस से ज्यादा बॉबी शर्मा के संकेत-स्थल के आसपास




दिखते हैं। वनमंडल से लेकर जिला स्तर तक इस जुगलबंदी की फुसफुसाहट नहीं खुली चर्चा है।

**जाति की ढाल और पैरवी का बड़ा खेल**

जैसे ही निर्माण घोटाले की फाइलें बाहर आने लगीं, खेल अचानक काम से हटकर जाति के कवच में चला गया। लोग मजाक में कहते हैं गलती चाहे जिसकी भी हो बचाव में जाति आगे, सबूत पीछे। बताया जा रहा है कि जैसे ही बॉबी शर्मा पर मुनारा घोटाले का साया आया, दुबे जी जातिगत मैनेजमेंट में जुट गए। उन्होंने सफाई दी बॉबी तो सिर्फ सप्लायर है। लेकिन विभाग के लोग कहते हैं यही सप्लाई की आड़ में पूरा सिस्टम फैला हुआ है।

चारों नीतियाँ शाम, दाम, दंड, भेद लगाई गईं, पर खेल बचा नहीं। स्थिति यह है कि डीएफओ के चेंबर में भी बॉबी शर्मा का प्रवेश बिना किसी रोकटोक के होता है। मानो निर्णय बाहर नहीं उसी कमरे में तैयार होते हों।

**निर्माण कार्यो में बड़ा घोटाला कागज पर किला, जमीन पर खंडहर**

वनमंडल मरवाही में यही ठेकेदार मुनारे, रेंज ऑफिस, आवास और सड़कें बना रहा है। स्थानीय कर्मचारी और ग्रामीण साफ कहते हैं कागज में सब मजबूत जमीन पर आधा-अधूरा। रेंज के अंदरूनी लोग बताते हैं जिन पर विभाग की मेहरबानी है, वजह सबको पता है लेकिन बोलने का साहस किसी में नहीं।

जांच और FIR की मांग तेज मुनारा कितना भी ऊँचा हो, कहानी उससे ऊँची स्थानीय संगठन, कुछ कर्मचारी और जागरूक नागरिक अब पूरे प्रकरण की वित्तीय ऑडिट, विभागीय जांच और FIR की मांग कर रहे हैं। अब सवाल सिर्फ इतना है क्या विभाग कार्रवाई करेगा या मुनारे की ऊँचाई की तरह घोटाले की कहानी और ऊँची होती जाएगी?

# गुड सेड का काम अधूरा लेकिन रेलवे प्रशासन ने प्रारंभ कराया गुड सेड में लोडिंग अनलोडिंग

**समाज जागरण**

अमलाई। अमलाई रेलवे स्टेशन से महज 50 मीटर की दूरी पर रेलवे प्रशासन द्वारा ठेकेदार के माध्यम से गुड सेट का निर्माण कराया जा रहा है बताया जाता है कि यह निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाया है और वहां भवन निर्माणअधीन है और पानी टंकी का निर्माण भी नहीं कराया गया है इसके बावजूद वहां कोयले की लोडिंग अनलोडिंग प्रारंभ कर दी गई है जिससे स्टेशन में आने जाने वाले यात्री एवं इंदिरा नगर के लोग परेशान हो रहे हैं। बताया जाता है कि अभी तक अच्छा सेट में भवन निर्माण अधूरा है और इसप्रिंगलर चालू करने के लिए पानी टंकी का निर्माण भी नहीं हो पाया है जब पानी टंकी का निर्माण ही नहीं हुआ है तो स्प्रिंगलर प्रारंभ कैसे होगा। ऐसे में कोयले की लोडिंग अनलोडिंग से पूरा क्षेत्र कोयले के डस्ट से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से लोग परेशान हो रहे हैं। जिस स्थान से कोयले से लगे भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है वहां रहवासी बस्ती है और मुख्य गेट के सामने ही सरस्वती शिशु मंदिर स्थित है जहां सैकड़ो नौनिहाल अध्यनरत हैं। पूर्व में कोयला प्रदूषण से परेशान हो रहे लोगों द्वारा आंदोलन भी किया



गया था और हाई कोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। हाई कोर्ट के निदेशों एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदंडों को पूर्ण भी नहीं किया जा रहा है गुड सेड के किनारे एक दर्जन से भी कम पेड़ लगाए गए हैं। जब पेड़ नहीं लगाए गए, पानी टंकी के काम चालू नहीं हुआ ऐसे में स्पिंगलर मात्र दिखावा साबित हो रहा है। जन चर्चा यह भी है कि पूर्व में यह बताया गया था कि निर्माण कार्य इसलिए कराया जा रहा है कि इसमें ओरिएंट पेपर मिल में आने वाला नमक इत्यादि रेट के माध्यम से अनलोड किया जाएगा लेकिन यहां तो पूर्व की तरह कोयले की अनलोडिंग कराई जा रही है। रेलवे प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मनमानी तरीके से गुड सेड में अनलोडिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**रेलवे का मार्ग ही नहीं**

बताया जाता है कि गुड सेड में आवागमन करने के लिए रेलवे प्रशासन का कोई निजी मार्ग नहीं है वहीं प्राइवेट व्यक्तियों के मुख्य द्वार से ही गाड़ियों का आवागमन रेलवे प्रशासन की मिली भगत से किया जा रहा है।

**आंदोलन के मूड में जनता**

सवाल यह उठता है कि क्या रेलवे प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को जनता के हितों का ध्यान नहीं है और कोयला प्रदूषण से जो भी प्रतिकूल असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड रहा है उसकी जिम्मेदारी किसकी है। अब जनता के पास आंदोलन के सिवाय कोई हल नहीं निकल रहा है क्योंकि जब हाई कोर्ट के निदेशों का ही पालन रेलवे प्रशासन के अधिकारी नहीं कर रहे हैं तो जनता के हितों का ध्यान कैसे रखेंगे।

# उमरिया जिला कार्यकारिणी की घोषणा कब?

**समाज जागरण**

उमरिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल संभाग के अंतर्गत शहडोल एवं अनूपपुर भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुए लगभग डेढ़ से दो माह हो गए लेकिन अभी भी शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले उमरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा नहीं कर पाई है। जन चर्चा के मुताबिक पहले कहा गया कि दीपावली के बाद और उसके बाद यह भी कहा गया कि बिहार चुनाव के बाद जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी लेकिन अभी तक उमरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा नहीं की है। जिला कार्यकारिणी की घोषणा नहीं होने से जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल एवं कोईलांचल क्षेत्र के भाजपा नेताओं में जन चचाओं का दौर शुरू हो गया है। ऐसी खबर है कि जिला कार्यकारिणी में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं दोनों विधायकों के मध्य सामंजस्य न होने के कारण इस प्रकार की देरी हो रही है और ऐसी भी जन चर्चा है कि पूर्व जिला अध्यक्ष भी कुछ अपने समर्थकों को जिला कर समिति में देखना चाह रहे हैं। वैसे भी देखा जा रहा है कि कुछ पूर्व जिला पदाधिकारी जो की पार्षद का चुनाव तक हार चुके हैं और वर्तमान में दोबारा इस पद का सपना देख रहे हैं।

# खुशियों की दास्तां! डॉक्टरों के अथक प्रयासों से राजवती कोल को मिला स्वस्थ जीवन

**समाज जागरण**

शहडोल जिला चिकित्सालय शहडोल में केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से लगातार बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इनमें सीटी स्कैन, दवाइयां, नवजात शिशुओं का उपचार सहित अनेक सेवाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराना है।

शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम मरतला निवासी श्रीमती राजवती कोल को पेट में तेज दर्द एवं सूजन की शिकायत पर 12 नवम्बर को जिला चिकित्सालय शहडोल में भर्ती किया गया। चिकित्सालय में किए गए विभिन्न जांच में पता चला कि उनके पेट में लगभग 5 किलोग्राम का बड़ा गाठानुमा ट्यूमर विकसित हो गया था, जिसके कारण उन्हें अत्यधिक परेशानी हो रही थी।

जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अथक प्रयास कर सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर इस जटिल गठान को निकाल दिया। ऑपरेशन सफल रहने के बाद अब श्रीमती राजवती कोल पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य महसूस कर रही हैं।

सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने बताया कि डॉक्टर अंजू झा, अपूर्व पाण्डेय, सुहानी पाण्डेय सहित अन्य स्टाफ सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी सफल हो सकी। उन्होंने कहा कि टीम ने समर्पण के साथ कार्य करते हुए श्रीमती राजवती कोल को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इकलौते लिपिक के अन्यत्र संलग्नीकरण से शिक्षकों की परेशानीयां चरम पर (लिपिक विहीन एन.के.जे.संकुल का हाल-बेहाल)

**समाज जागरण**

कटनी /संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला न्यू कटनी जंक्सन में कार्यरत कायार्लीन लिपिक अनिल कुमार पाण्डेय को विभाग की तथाकथित गैर जिम्मेदाराना पूर्ण कार्यवाही के चलते जिला शिक्षा अधिकारी कटनी में संलग्न कर देने से वर्तमान में इस विद्यालय के कार्यालय में ताला लग गया है। जिसके कारण संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले सैंकड़ों विद्यालयों के शिक्षकों के सामने अपने आर्थिक और अनार्थिक प्रकरणों के निराकरण का द्वार एक दम बंद सा हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा संकुल केंद्र एन.के.जे.विद्यालय में पदस्थ लिपिक को अन्यत्र कार्यालय में चलता कर देने से यहाँ पर कार्यालय में डाक लेने से लेकर उच्च



अधिकारीयों तक आवश्यक डाक बनाकर पहुँचाने तक की बिषम परिस्थितियां संकुल केंद्र पर निर्मित हो गयी हैं। ताज्जुव की बात है, कि उक्त घटनाक्रम की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद भी उन्हें शिक्षकों के हित से जुड़ा यह अत्यंत संवेदनशील मामला नजर नहीं आ रहा है।संकुल केंद्र पर शिक्षक संवर्ग अपने आर्थिक-अनार्थिक प्रकरणों के निपटारे सहित जी.पी.एफ.पास बुक और सेवपुस्तिकाओं में आवश्यक दस्तावेज संधारण कराने से लेकर सेवानिवृत्त हो चुके और निवृत्ति के कगार पर खड़े शिक्षक संवर्ग इन दिनों अच्छा खासा परेशान नजर आ रहे हैं।जरूरतमंद शिक्षक संकुल में अपना कार्य करवाने हेतु जाकर जब संकुल से बैरंग निराश होकर लौटते हैं, तब उन्हें वेहद मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक लिपिक श्री पाण्डेय जो संकुल का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कर शिक्षको के कार्यों को प्राथमिकता पूर्वक निपटाते थे, उन्हें अचानक वरिष्ठ कार्यालय में संलग्न करने से संकुल की कायार्लीन व्यवस्था पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गयी है। संकुल स्तरीय शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं का नजदीकी से साक्षात्कार करते प्रवक्ता अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के कुंवर मार्तण्ड सिँह राजपूत द्वारा लिपिक विहीन संकुल में शिक्षकों को हो रही परेशानी को लेकर जिला कलेक्टर सहित सी.एम. हेल्पलाइन का सहारा लेकर लिपिक के वापसी की मांग की गयी है।संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किये हैं, कि यदि यथाशीघ्र लिपिक श्री पाण्डेय को उच्च अधिकारी कार्यालय से कार्यमुक्त करके उन्हें अपने मूल स्थान में पदांकित नहीं किया जाता तो, संयुक्त मोर्चा संघ के पदाधिकारियों द्वारा संकुल के समस्त शिक्षकों के हित में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले में चल रही अंखमुन्दी शिक्षा व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया जायेगा।अधिकारी-.कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संस्थापक सरमन तिवारी, जिलाध्यक्ष आर.के. बत्रा, महामंत्री सुनील मिश्रा, सचिव हरप्रीत सिँह ग्रोवर, उपाध्यक्ष अखिलेश मेहरा और पूर्णेश उइके ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस मामले में गंभीरता का रूख अख्तियार कर लिपिक की वापसी पर विशेष बल दिया गया है।

# भू-माफिया की मंडल अध्यक्ष पद पर नजर! क्या भाजपा आरोपों से घिरे राजा तिवारी को देगी जिम्मेदारी

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अगर आपको अपने काले करनामें और अपराध को छिपाना है तो आप नेता बन जाइए जी हां यदि आप अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और आपके काले करनामें और धंधे चलते हैं तो उन्हें बचाने के लिए आपको किसी न किसी राजनीतिक संरक्षण में जाना होगा ऐसा ही एक उदाहरण अनूपपुर में भी देखने को मिल रहा है जहां पर अनूपपुर निवासी राजा तिवारी के ऊपर दर्जनों ऐसे केस दर्ज हैं जो अब तक सुलझे नहीं है बल्कि उनके ऊपर धोखाधड़ी कर जमीन बेचने के साथ साथ दर्जनों अन्य तरह के आरोप लगे हैं और इन आरोपों के बीच वह भाजपा के मंडल अध्यक्ष की रेस में अपने आप को सबसे पहले रखने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि यदि आप अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और आप पर कई तरह के आरोप लगे हैं तो आप राजनीति का दामन थाम लो तो निश्चित तौर पर आपका बचाव होता रहेगा।

भारतीय जनता पार्टी कुछ ही दिनों में जिले में मंडल अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है ऐसे में अनूपपुर में मंडल अध्यक्ष के लिए भू माफिया राजा तिवारी भी अपना नाम सबसे पहले लेकर भाजपा के वरिष्ठों के



पास डेरा डाले हुए हैं। लेकिन भाजपा के कुछ ऐसे भी युवा कार्यकर्ता हैं जो यह बता रहे हैं कि जब पार्टी दलालों को ही जिम्मेदारी सौंपेगी तो फिर हम ईमानदारी की बात कैसे कर सकते हैं। राजा तिवारी जमीन विवाद धोखाधड़ी और ब्लैंक चेक के मामले चल रहे हैं, इनके ऊपर दर्जनों ऐसे मामले दर्ज हैं जो आज तक पेंडिंग चल रहा है। युवा मोर्चा के कुछ नेताओं ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि वर्तमान में उनके द्वारा फिर से धोखाधड़ी कर लगभग दो एकड़ जमीन को प्लाटिंग करके अवैध तरीके से बेंचा जा रहा है जिसकी भी शिकायत थाने में की गई लेकिन सत्ता पक्ष का सपोर्ट और मोटी रकम के बदले उनपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

ऐसे में भला इनके ऊपर इतने आरोप लगने के बाद भी क्या भारतीय जनता पार्टी इन्हें जिम्मेदारी सौंपना चाहेगी या फिर पार्टी को जो भी मोटी रकम देगा वही उसका पदाधिकारी बनेगा। यह तो अब एक पहेली के जैसे दिखाई दे रहा है। पूर्व में भी राजा तिवारी के द्वारा कई बार जमीन धोखाधड़ी किए गए इसके बाद कार्यवाही भी हुई लेकिन कार्यवाही से बचने के लिए वह प्रभारी मंत्री और पूर्व मंत्री विशाहुलाल सिंह के शरण में पहुंच गए और खुद को नेता बताते हुए अपने ऊपर लगे सारे आरोपों को धीरे-धीरे धुलने का प्रयास शुरू कर दिया।

राजा तिवारी जो एक भू माफिया के रूप में जाने जाते हैं इनका परिचय सिर्फ और सिर्फ धोखाधड़ी और भू माफिया के रूप में ही प्रचलित है लेकिन वह खुद को भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े नेता और जिम्मेदार होने का दिखावा करते रहते हैं वहीं वर्तमान में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष की घोषणा से पहले उनके नाम पर इस तरह की बातें हो रही है और यदि ऐसे में भारतीय जनता पार्टी उन्हें मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है तो निश्चित तौर पर पार्टी के नीति नियत पर सवाल उठाएंगे और निश्चित तौर पर लोगों का जो विश्वास है उस पर सवालिया निशान अवश्य ही खड़े होंगे।

# अवैध रेत चोरी कर परिवहन करने वालो के विरुध्द लगातार 02 कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कोतमा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक अनूपपुर व एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में लगातार 02 दिनो से अवैध रेत चोरी कर परिवहन करने वालो के विरूध्द कार्यवाहिया की जा रही है । दिनांक 15.11.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि केवई नदी के पचखुरा घाट से रेत चोरी कर एक ट्रेक्टर में लोड हो रहा है मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी की गई तो खमरौन्ध रोड पर एक नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर में अवैध रेता लोड था जिसे रूकवाकर वाहन चालक से अपना नाम पूछने पर ऋतु प्रकाश दुबे उर्फ शनि पिता रामजी दुबे निवासी सारंगगढ का होना बताया जिस से ट्रेक्टर में लोड़ रेत के संबंध में दस्तावेज चाहे गयें जो नही होना बताया एवं ट्रैक्टर स्वयं का



होना बताया ट्राली में करीबन अवैध रूप से 03 घन मीटर रेत लोड होने पर आरोपी वाहन चालक ऋतु प्रकाश दुबे के विरूध्द धारा 303(2),317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज का अपराध पंजीबध्द कर रेत लोड वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली के जप्त किया गया । दिनांक 18.11.2025 को थाना प्रभारी कोतमा को मुखबिर से सूचना मिली की केवई नदी के बमूर घाट से रेच चोरी कर एक ट्रैक्टर में लोड कर लहसुई तरफ जाने वाला है । उक्त मुखबिर की सूचना पर थाना कोतमा पुलिस द्वारा आरोपी मुकेश कुमार पाव पिता देवनाथ पाव निवासी चंगेरी के कब्जे से अवैध रेत लोड ट्रेक्टर जप्त कर आरोपी वाहन चालक मुकेश कुमार पाव, टैक्टर मालिक एवं राजा उर्फ असरफ के विरूध्द धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज का अपराध पंजीबध्द कर रेत लोड वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली के जप्त किया गया । उक्त कार्यवाहियो में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के साथ प्र0आर0 रामखेलावन यादव ,प्र0आर0 भानु प्रताप सिंह एवं अन्य स्टाप की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

# वन विभाग जतारा अंतर्गत जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार द्वारा एक ही दिन में लगातार की गई दो बड़ी कार्यवाहियां

**- भटगोरा गांव के जंगल में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण में जप्त किया गया एक ट्रैक्टर**

**- भटगोरा गांव में ही अवैध रूप से संचालित हो रही आरा मशीन को मय वनोपज के किया गया जप्त**

**- सैकड़ों की संख्या में वन मंडल टीकमगढ़ की सभी रेंजों के वन अधिकारी और कर्मचारियों के साथ पुलिस बल रहा मौजूद**

**समाज जागरण**

टीकमगढ़ जतारा वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को मिल रही लगातार शिकायतों एवं सूचना के आधार पर संपूर्ण वन अमले को साथ ले जाकर सबसे पहले भटगोरा गांव के पास के जंगल में बीट बारछी के कक्ष क्रमांक पी 338 बी नया कक्ष क्रमांक पी 522 में जिसमें विगत माह 90 हेक्टेयर एरिया में अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही की गई थी जिसमें दो से तीन व्यक्ति/अतिक्रमणकारी एक न्यू सोल्ड नीले रंग के सोनालिका 50 एच पी ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर के साथ खोदी गई खाइयों को पूरकर फिर से वन भूमि पर खेती करने का प्रयास किया कर रहे थे, जो मौके से स्टॉफ को



देखकर भाग गए उसके बाद ट्रैक्टर को मौके से एसडीओ टीकमगढ़ मनीषा बघाड़े और रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने वन अमले के साथ जप्त करके आरोपी वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध भारतीय अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1149/07 दिनांक 19/11/2025 पंजीबद्ध कर राजसात की कार्यवाही के लिए सुरक्षित जतारा परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया।

उसके बाद तत्काल दूसरी सूचना और शिकायत की कार्यवाही के लिए संपूर्ण वन अमला मय पुलिस बल के साथ भटगोरा गांव में किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा के घर और बाड़े में पहुंचे जहां पर देखा कि एक आरा मशीन जो डीजल पंप से अवैध रूप से संचालित हो रही थी कि जप्ती के लिए सबसे पहले आरोपी किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा को सर्च वारंट क्रमांक 01 दिनांक 19/11/2025 तामील कराकर सर्चिंग की गई तो एक आरा मशीन जो डीजल पंप से संचालित हो रही थी जिसमें लकड़ी चीरने के लिए ठिया के साथ लोहे और उसके एंगल से बनी ट्राली (कोयला खदानों की ट्रॉली की तरह) को उखाड़कर जप्त करते हुए अंदर बाहर पड़ी हजारों रुपए की चिरान और लकड़ी जप्त करते हुए आरोपी किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा के विरुद्ध काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1149/08 दिनांक 19/11/2025 पंजीबद्ध कर जप्त सामग्री को 8-10 ट्रैक्टरों से सुरक्षित वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर जतारा पहुंचाया गया।

आज की कार्यवाही में जहां वन माफियायों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हुई वही रेंजर की कार्यवाही जनचर्चा का विषय बन गई क्योंकि भटगोरा में कोई भी कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था जहां पर अतिक्रमण हटाने के साथ साथ एक नग ट्रैक्टर की जप्ती के साथ आरा मशीन और उसके साथ हजारों की चिरान और लकड़ी जप्त की गई।

आज की कार्यवाही वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ राजाराम परमार के निर्देशन में एसडीओ टीकमगढ़ मनीषा बघाडे की उपस्थिति में शिशुपाल अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के कुशल नेतृत्व में की गई जिसमे पुलिस बल के साथ साथ टीकमगढ़ उड़नदस्ता , टीकमगढ़ वन परिक्षेत्र, बल्देवगढ़ वन परिक्षेत्र, और जतारा वन परिक्षेत्र का संपूर्ण वन अमला शामिल रहा।



# कार्यालय नगर परिषद् बरगवां (अमलाई) जिला अनूपपुर (म०प्र०)

कमांक :- /1347/25-26

बरगंवा दिनांक- 18/11/2025

## // निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | GEM/2025/B /6905908 18/11/2025 | Tankar on Agricultural Trailer (Q2) Nagar Parisad Bargawan (Amlai) | कार्य की समयावधि- 30 days<br>2 कार्यलागत अमुमानित<br>10:00 lacks | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य<br>Rs ....<br>2. EMD RE<br>Rs. 20000:00 | 28/11/2025<br>at 18.30 PM |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् बरगंवा (अमलाई)
जिला-अनूपपुर म०प्र०

# अन्तरमहाविद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता (महिला) में राजकीय कालेज पलहीपट्टी को हराकर शिएट कालेज बना चैंपियन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी, आयर, वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता (महिला) का आयोजन किया गया'

उद्घाटन समारोह में पर्यवेक्षक डॉ. मीरा यादव, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. बीना सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. दिनेश सिंह और चयनकर्ताओं प्रमोद यादव, यशवंत लाल और वीरेंद्र यादव का स्वागत महाविद्यालय के उप - प्रबन्धक नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया '

प्रतियोगिता में मेजबान शीएट कॉलेज की टीम के अतिरिक्त महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और राजकीय कॉलेज पलहीपट्टी की टीमों ने भाग लिया ' नॉक आउट मुकाबले के तहत पहला मैच शीएट कॉलेज और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बीच खेला गया, जिसमें शीएट कॉलेज की टीम 3-1 से विजेता रही' राजकीय कॉलेज पलहीपट्टी की टीम को वॉक ओवर मिलने के कारण फाइनल मुकाबला शीएट कॉलेज और राजकीय कॉलेज पलहीपट्टी के बीच हुआ जिसमें शीएट कॉलेज की टीम 3-0 से विजेता रही' पर्यवेक्षक, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि, चयनकर्ताओं, राजकीय कॉलेज पलहीपट्टी के टीम मैनेजर डॉ. अमित और निर्णायक मंडल के सदस्यों को स्मृति चिन्ह और विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पदक और शील्ड देकर उप - प्रबन्धक नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने सम्मानित किया '



कार्यक्रम में बीपीएड विभाग से डॉ. दिनेश चंद्र अरोड़ा, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. दिग्विजय नारायण वर्मा, और , चन्द्रशेखर सिंह, डॉ. आकाशदीप सिंह, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. सुभाष सिंह यादव, मनोज यादव डॉ. दीपक चौहान के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापक/प्राध्यापिका और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे' कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया '

# भारत प्रकृति संरक्षण का हितैषी:प्रोफेसर गीता भट्ट

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर गीता भट्ट ने कहा है कि भारत का चिंतन प्रकृति पर्यावरण का समावेशी है। कहा कि पाश्चात्य जगत जहां संसाधनों का आधिकाधिक दोहन करना चाहता है वहीं भारतीय संस्कृति,सभ्यता और चिंतन संसाधनों की सुरक्षा और मनुष्य के व्यवहार में संयम चाहता है।

प्रोफेसर गीता भट्ट ने यह बातें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन सभागार में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी "काशी शब्दोत्सव-विश्व कल्याण: भारतीय संस्कृति" में कही।अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री गीता भट्ट ने मुख्य वक्ता के रूप में बेहद रोचक और प्रेरक विषय रखा। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में भारत की प्रासंगिकता विश्व बंधुत्व एवं शांति के लिए हमेशा बनी रहेगी क्योंकि भारत ही एकमात्र राष्ट्र है जो सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का बात करता है।



इस दौरान वहां राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की स्थानीय वाराणसी की प्रदेश मंत्री प्रोफेसर भावना निगम, डा० कुमुद सिंह, दीपिका सिंह, अनुराधा भार्गव, रीना वर्मा,प्रीति सिंह, आभा तिवारी, गीता गुप्ता ऋतु ओबराय शालिनी जायसवाल, सुनीता चतुर्वेदी कुमुद सिंह, शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर", आनंद कुमार सिंह, आदि ने गीता भट्ट का स्वागत और अभिनंदन किया।

# गयारतवल मे नई सहकारी समिति कुशी के गठन की स्वीकृति

**समाज जागरण वाराणसी।**

सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर बीपैक्स गयारतवल की वार्षिक सामान्य बैठक बुधवार को समिति भवन पर संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह की अध्यक्षता मे सदस्यो ने प्रस्ताव किया कि समिति गोदाम से कई गांव बहुत दूर स्थित है जहाँ के किसानो को समिति



आने मे पंद्रह बीस किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है इसलिए बैठक मे सर्वसम्मति से एक नई बीपैक्स कुशी के गठन का प्रस्ताव किया गया।

बैठक मे उपस्थित एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने उपस्थित सदस्यो के बीच सहकारी समिति के गठन , उसके उद्देश्य और कार्य कलापो के विषय मे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सहकारी समितियाँ किसानो के हर दुख हर कष्ट मे कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

बैठक मे सचिव महेंद्र सिंह पटेल ने उपस्थित सदस्यो को समिति के व्यवसाय , वित्तीय लेखो तथा समिति मे खुले धान क्रय केन्द्र के बारे मे अवगत कराया तथा सदस्यो की शिकायतो और सुझावो को दर्ज भी किया।

समिति सदस्यो और क्षेत्रीय किसानो के समक्ष प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कराया गया।इस दौरान इफको के एसएफए अवनीश पांडेय भी अपने सहकर्मियों के साथ मौजूद रहे।

बैठक मे अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, सचिव महेंद्र सिंह, संजय समेत बडी संख्या मे समिति के सदस्य और स्थानीय कृषक मौजूद रहे।

# जिला प्रबंधक नाबार्ड ने सहकारी जागरूकता पर दिया बल।

## बीपैक्स फूलपुर मे सहकारी एवं विधि साक्षरता कार्यक्रम आयोजित।

**समाज जागरण**

वाराणसी। बीपैक्स फूलपुर में आज नाबार्ड द्वारा सहकारी साक्षरता एवं विधि साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम मे जिला प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सहकारी कार्यक्रमो के प्रति साक्षरता और जागरूकता ही एक किसान को सशक्त और समृद्ध करती है ।उन्होने कहा कि ज्यादातर किसान जानकारी के अभाव मे समितियो को सिर्फ खाद व बीज की दुकान ही मानकर व्यवहार करते है जो गलत है ।सहकार से समृद्धि योजना के बारे मे किसानो की अनभिज्ञता हमारी कमी दशार्ता है।

जिला प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के परिप्रेक्ष्य मे सरकार ने अनेक योजनाये शुरू की है जहाँ एक ही छत के नीचे विविध योजनाओ से व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकता है।



उप महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक श्याम सुंदर मौर्य ने कहा कि सहकारी समितियाँ किसानो की सच्ची सहचरी है। ये हर दुख और हर कष्ट मे किसानो के साथ खड़ी है।

कार्यक्रम का संचालन नायब सिंह , शाखा प्रबंधक बड़ागांव द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीओ सहकारिता प्रियंका मिश्रा, शाखा प्रबंधक बड़ागांव नायब सिंह, शाखा प्रबंधक पिंडरा, तनवीर कुरेशी, अनुभाग अधिकारी आंकड़ा संतोष कटियार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# राष्ट्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता में चयनित छात्रा का विद्यालय में हुआ सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। क्षेत्र के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल तरना शिवपुर में पढ़ रही कक्षा सात की छात्रा अधिश्री वशिष्ठ का आल इंडिया फिनाले में चयन होने पर बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र मैनन एवं कोऑर्डिनेटर नंदकिशोर सिंह द्वारा प्रसस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान करते हुए उज्ज्वल भविष्य का कामना किया।




मालूम हो कि अधिश्री ने संगम कला ग्रुप दिल्ली की ओर से आयोजित 41वें राष्ट्रीय गायन संगीत प्रतियोगिता सुरतरंग में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई ।इस प्रतियोगिता में वाराणसी से कुल 57 प्रतिभागियों में 27 लोगों का चयन क्षेत्रीय फाइनल ऑडिशन के लिए हुआ। इस माह के 5 नवम्बर को लखनऊ के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के सभागार में संगम कला ग्रुप दिल्ली की ओर से आयोजित 41वीं राष्ट्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता में क्षेत्रीय फाइनल ऑडिशन के प्रथम चरण के बाद 24 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया और उसमें से 13 प्रतिभागियों का चयन आल इंडिया फिनाले के लिए हुआ। लखनऊ में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के सैकड़ो कलाकारों ने अपना भाग्य आजमाया। अब ये 13 सफल प्रतिभागी 21 से 23 फरवरी 2026 को दिल्ली में होने वाले आल इंडिया फिनाले में अपनी गायकी का जादू बिखेरेंगे।




वाराणसी के अशोक विहार कालोनी फेस वन पांडेयपुर में रहने वाली अधिश्री वशिष्ठ का बचपन से ही गाने का शौक रहा है । वह पिछले दिनों वाराणसी कमिश्नरेट द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करके सम्मानित हुई एवं पिछले कई वर्षों में काशी गंगा महोत्सव एवं काशी गंगा दशहरा सहित कई मंच से अपने आवाज का जादू बिखेर चुकी है।

अधिश्री ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय संगीत का शिक्षा दे रहे अपने गुरु निश्चल उपाध्याय के साथ साथ अपनी माँ रंजीता एवं पिता सुनील चौबे को दिया है। अधिश्री के इस उपलब्धि में उसकी बड़ी माँ सरिता तिवारी एवं बड़ी बहन सोनल का सराहनीय योगदान रहा है।

# जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की हालत बिगड़ी मंडलीय चिकित्सालय रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव में बुधवार सुबह आठ बजे के करीब जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में उपचार हेतु पीएचसी हलिया ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी की हालत गंभीर देखते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी नीरज तिवारी की 14 वषीर्या पुत्री श्रेया तिवारी अपने घर के पास सुबह बगीचे में किसी कार्य से गई थी उसी दौरान किसी जहरीले जंतु ने पैर में डस लिया। किशोरी ने सर्पदंश की घटना की जानकारी पर स्वजनों को दी। कुछ ही देर में किशोरी की हालत बिगड़ने लगी और अचेत हो गई। स्वजनों ने उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जहां किशोरी की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया ।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डा० अवधेश कुमार ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित किशोरी का प्राथमिक उपचार किया गया हालत में सुधार नही होने पर बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

# बिजली उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना का उठाये लाभ, करायें पंजीकरण

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने ह्यह्यबिजली बिल राहत योजना 2025-26 को लागू करने की घोषणा की है। यह योजना 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी तक तीन चरणों में लागू रहेगी। इस योजना के उद्देश्य नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देना और बिजली चोरी के सभी मामलों में राजस्व निर्धारण में छूट प्रदान कर प्रकरणों को समाप्त करना है। सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिये विभागीय खण्ड/उपखण्ड कार्यालय, कैश काउन्टर, यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर एप, विभागीय वेबसाइट, जनेसवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर या फिनटेक प्रतिनिधियों के माध्यम से पंजीकरण करा सकते है।

योजना का प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी तथा तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी तक लागू रहेगी। इसके लिये पंजीकरण करना अनिवार्य है। योजना के पात्रता में एल0एम0वी0-1 (घरेलू बत्ती एवं पंखा) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक के नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता, एल0एम0वी0-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता है। नेवर पेड वह उपभोक्ता है जिन्होने 31.03.2025 या उससे पहले संयोजन तिथि होने के बावजूद कभी भुगतान नहीं किया। लॉन्ग अनपेड वह उपभोक्ता है जिन्होने अंतिम भुगतान 31.03.2025 या उससे पहले किया हो। आर0सी0 निर्गत होने या संयोजन स्थाई रूप से विच्छेदित होने पर भी लाभ दिया जा सकता है। विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरण वाले उपभोक्ता भी पंजीकरण करा सकते है लेकिन उन्हें केस वापस लेने का घोषणा पत्र देना होगा। उपभोक्ता को पंजीकरण के समय रुपए 2 हजार का भुगतान करना होगा।

विकल्प-1 में एक मुश्त भुगतान पर पंजीकरण की तिथि तक विलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण में 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 20 प्रतिशत एवं तृतीय चरण में 15 प्रतिशत से अतिरिक्त छूट मिलेगी। विकल्प-2 में रुपए 750 की मासिक किश्त में भुगतान करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट, इसके अलावा 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में 10-10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। विकल्प-3 में 500 रुपए की मासिक किश्त में सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट, इसके अलावा 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में 5-5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। बिजली चोरी के प्रकरण में राजस्व निर्धारण धनराशि पर छूट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण शुल्क रुपए 2 हजार या राजस्व निर्धारण धनराशि का 10 प्रतिशत जो भी अधिक हो होगा। पंजीकरण के प्रथम चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 50 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी। पंजीकरण के द्वितीय चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 55 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि को सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी। पंजीकरण के तृतीय चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 60 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि को सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी।

# गोष्ठी में किसानों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ छानबे विधायक रिंकी कोल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया छानबे विधायक ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में कृषि विभाग के माध्यम से कई योजनाए चला रही है किसान योजनाओ का लाभ पाने के लिए अपने नजदीकी कृषि केंद्र पर पहुंचकर जानकारी ले सकते है आधुनिक तरीके से किसान खेती कर अपनी आमदनी दुगनी कर सकते है बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा की सरकार किसानों की आय दुगनी करने के लिए कई प्रकार की योजनाए संचालित कर रही है प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को साल में 12 हजार रुपए खाद बीज के लिए भेज रही है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 21 वी किस्त को प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के खाते में भेजी गई है प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण कार्यक्रम को ब्लॉक मुख्यालय पर एलसीडी के माध्यम से किसानों को दिखाया गया है एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरीया ने किसानों को खेती करने के तरीका को बताया है खेती से पहले किसान अपने खेत का चयन करें इसके बाद बीज का बीज को बोने से पहले बीज का सोधन अवश्य करें खेत में किसान पराली को ना जलाये पराली जलाने की निगरानी सेटलाइट के माध्यम से किया जा रहा है इस दौरान अपना दल नेता मार्तण्ड सिंह, शशिकांत पटेल, जनार्दन कोल, राजेंद्र उपाध्याय, कृषि विभाग के बीटीएम सर्वेश मिश्रा, आकाश कुमार, गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे




# डूबने से युवक की मौत के बाद परिवार को सरकार की तरफ से मिली आर्थिक मदद

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां क्षेत्र के लालता खेड़ा मजरा रामदासपुर निवासी अमृतलाल की दो सितंबर को डूबने से मौत हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद शासन-प्रशासन ने पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद स्वीकृत की है। मृतक की माता श्रीमती राजकुमारी को आपदा राहत नियमों के तहत 4 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि आपदा प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिले, जिससे वे इस कठिन समय में आर्थिक रूप से सहारा पा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करना है ।परिजनों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में मिली आर्थिक मदद उनके लिए एक बड़ा सहारा है। इससे उन्हें अपने जीवन को पुनः पटरी पर लाने में मदद मिलेगी ।इस मौके पर विधायक अमरेश रावत, मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, लेखपाल विश्वनाथ प्रताप सिंह, लेखपाल अब्बास अली, प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार पांडे सहित क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस मुश्किल समय में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश किये जारी

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकार, जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होने कहा कि यदि कोई बीएलओ चिकित्सा कारणों, मातृत्व अवकाश अथवा उपार्जित अवकाश या किसी अन्य अपरिहार्य कारणों से कार्य नहीं कर रहा है तो उनके स्थान पर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उनका चिन्हांकन कराकर उन बीएलओ का सहयोग सम्बन्धित सुपरवाइजर से शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेगें, यदि सम्बन्धित बीएलओ/सुपरवाइजर द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है तो सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाये।

समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक जितने भी गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा सम्बन्धित मतदाता को उपलब्ध करा दिया गया है इसकी भौतिक जांच सम्बन्धित सुपरवाइजर/ईआरओ/एईआरओ द्वारा रैण्डमली सम्बन्धित ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से फीडबैक लेकर दस घरों का व्यक्तिगत भ्रमण कर पता करेगें कि गणना प्रपत्र भौतिक रूप से प्राप्त हुये है अथवा नहीं तथा गणना प्रपत्र सहीं रूप से भरे जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुये इसकी जानकारी उसी दिन सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगें यदि कार्य में गलत रिपोर्ट दी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही तत्काल अमल में लायी जाये।

उन्होने कहा है कि सघन जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाये कि जो गणना प्रपत्र सम्बन्धित मतदाता को प्राप्त हुये है उसमें यह सुनिश्चित करेगें कि सम्बन्धित मतदाता द्वारा सही प्रकार से गणना प्रपत्र भरा गया है अथवा नहीं, यदि किसी भी मतदाता को गणना प्रपत्र भरने में कोई दिक्कत हो तो उस कालम में क्या भरा जायेगा इसकी जानकारी सम्बन्धित बीएलओ/सुपरवाइजर द्वारा सम्बन्धित मतदाता को प्रदान की जायेगी। जिन बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरित कर दियागया है एवं जिन बीएलओ द्वारा वितरित किया जा रहा है उसकी समीक्षा सम्बन्धित सुपरवाइज द्वारा की जायेगी तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्बन्धित सुपरवाइजर के साथ बैठक करके किसी भी दिन बीएलओ द्वारा अब तक किये गये कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

# डीएम ने किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों की सुनी समस्यायें, शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

## योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु किसान भाई अपनी जमीन की फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करायें-सीडीओ

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधअयोजन शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की समस्याओं को सुना गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने उपस्थित कृषकों एवं कृषक संगठनो के प्रतिनिधियो तथा अधिकारियो का अभिवादन किया गया तथा किसान दिवस आयोजन के उद्देश्य के संबध में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कृषको से समस्याओ एवं बहुमूल्य सुझावों को सुना जिसमें ब्लाक लक्ष्मणपुर के अभय सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जेठवारा रजबहा में पानी नही आ रहा है, जिस कारण से फसल बुबाई प्रभावित हो रही है, जिसके संबध में जिलाधिकारी द्वारा सिचाई विभाग के अधिकारियो से जानकारी प्राप्त की गयी, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नहरो की सिल्ट सफाई का कार्य चल रहा है, 30 नबम्बर तक रजबहा में पानी का संचालन शुरू हो जायेगा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सिचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे नहरो की सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण करा ले तथा समय से नहरो में पानी का संचालन सुनिश्चित कराये।

ब्लाक मंगरौरा के कृषक विपिन मिश्रा, ब्लाक सण्ड़वा चन्द्रिका के कृषक सत्य नरायण यादव व ब्लाक बाबागंज के कृषक लक्ष्मी शंकर तिवारी द्वारा सहकारी समितियो में खाद न मिलने तथा खाद का अनियमित तरीके से वितरण किये जाने की समस्या तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री किये जाने की शिकायत की गयी, जिसके संबध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता तथा जिला कृषि अधिकारी को निरीक्षण कर संबधित के विरूद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा कृषको से अपेक्षा की गयी कि यदि किसी समिति द्वारा गलत तरीके से उर्वरक का वितरण किया जा रहा तो आप तत्काल उसका फोटो एवं वीडियो बनाकर मुझे व्यक्तिगत रूप से भेज दे, जिस पर शिकायत सही पाये जाने पर तत्काल प्रभावी की जायेगी। ऐसे सचिव एवं उर्वरक विक्रेता को सीधे जेल भेजने के निर्देश संबधित अधिकारियो को दिये गये।

ब्लाक सण्ड़वा चन्द्रिका के कृषक सत्य नरायण यादव द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाये गये स्मार्ट मीटर में बहुत ही गलत तरीके से अर्थात उपभोग से अधिक बिल आ रहा है, जिससे कृषको को बहुत ही समस्या हो रही है। जिलाधिकारी अधिशाषी अभियन्ता विद्युत से उक्त के संबध में जानकारी प्राप्त की गयी, जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके संबध में संबधित अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि ऐसे स्मार्ट मीटर का तत्काल निरीक्षण कराये तथा उनमें सुधार कराये साथ ही सर्वप्रथम स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, संस्थानो तथा शहरी क्षेत्रो में लगाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने बैठक में कृषको को आश्वस्त किया कि जनपद में रबी फसलो के लिए बीज, उर्वरक एवं अन्य निवेशो की पर्याप्त उपलब्धता है, कृषको को किसी प्रकार से परेशान होने की जरूरत नही है। इसके अतिरिक्त कृषको से यह भी अनुरोध किया गया किसान भाई धान फसल के अवशेष न जलाये तथा फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्रो का उपयोग अवश्य करे। यह भी अवगत कराया गया कि जो कम्बाइन हार्वेस्टर बिना एस0एम0एस0 के कटाई करते हुए पाया जायेगा, ऐसे हार्वेस्टर को सीज कर विधिक कार्यवाही हेतु उनके द्वारा समस्त संबधित अधिकारियो को निर्देशित कर सघन निगरानी कराई जा रही है।

किसान संगठनो द्वारा की गयी मॉग एवं उनकी असुविधा को दृष्टिगत तथा जनपद के समस्त कृषको की समस्या सुगमता से प्राप्त हो। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषको को आश्वस्त किया गया अब किसान बैठक नियमित रूप से एक-एक माह के अन्तराल पर क्रमशः एक माह जनपद मुख्यालय पर विकास भवन के सभागार कक्ष में तथा दूसरे माह में कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठूॅ कालाकांकर में आयोजित किया जायेगा, जिससे कुण्डा एवं लालगंज तहसील के कृषको की समस्या भी सुगमता से प्राप्त कर उनका समाधान कराया जा सके। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों से यह भी अनुरोध किया गया कि बैठक प्रत्येक माह होती है किसान भाई अपनी समस्याओ को लिखित रूप से संकलित करके रखे और आगामी बैठक में उसे उपलब्ध करा दे, जिससे उनकी समस्याओ पर प्रभावी कार्यवाही कराकर समाधान कराया जा सके। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी कहा गया किसान भाई अपनी समस्या मुझे एवं संबधित विभाग के अधिकारी को कभी भी उपलब्ध करा सकते है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में मौजूद समस्त अधिकारियो को क्षेत्र भ्रमण कर कृषको की समस्या का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में 30 नवम्बर 2025 तक कृषको की जमीन/खेत की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु ग्रामो में कैम्प लगाया जा रहा है, जिसमें लेखपाल, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कर्मचारी द्वारा निःशुल्क फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। किसान भाई अपनी जमीन की फार्मर रजिस्ट्री अवश्य तैयार करा ले, जिससे उन्हे कृषि से संबधित समस्त योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा कृषको से खेत में पराली न जलाने तथा पराली का उचित प्रबंधन व निराश्रित गौशाला में पराली दान करने का अनुरोध किया गया।

आयोजित किसान बैठक में मौजूद कृषको एवं कृषक संगठन व एफ0पी0ओ0 के प्रतिनिधियो द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पर्याप्त समय देने तथा कृषको समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराने व वृहद् रूप से शानदार व भव्य बैठक आयोजित कराने तथा कैम्प लगवाकर गॉव में ही फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने पर सराहना की गयी और कृषको द्वारा आश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा फसल अवशेष एवं पराली को खेतो में नही जलाया जायेगा तथा समस्त कृषको को फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित एवं सूचित कर उनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

उप कृषि निदेशक द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओ एवं कृषि निवेशो की उपलब्धता के संबध में जानकारी उपलब्ध कराने के उपरान्त समस्त कृषको एवं अधिकारियो को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा सहित अधिशाषी अभियंता सिचाई, सहायक अभियंता लघु सिचाई, अधिशाषी अभियंता विद्युत, इफको प्रतिनिधि, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मत्स्य अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी दुग्ध विभाग, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, जिला प्रबन्धक फसल बीमा सहायक विपणन अधिकारी, उपस्थित रहे ।किसान दिवस कार्यक्रम के उपरान्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त का हस्तांतरण कृषकों के खाते में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा कोयम्बतूर (तमिलनाडु) से किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकास भवन सभागार से दिखाया गया।

# संदिग्ध हालत में जहर खाने से महिला की मौत

### भाई ने ससुरालीजनों पर हत्या का मढ़ा आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलाना में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिवारीजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के कलाना गांव निवासी विकास सैनी की पत्नी शिवानी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई इन्द्रजीत ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 27 नवंबर 2023 में की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे और मांग पूरी न होते देख उसकी बहन को जबरन जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतका का मायका हमीरपुर जनपद के थाना बिवांर गांव टिहिर है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कोराई में मंगलवार की रात 30 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार कोराई गांव निवासी स्व0 लक्ष्मीकांत के पुत्र अंकुर शुक्ला ने उस समय घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सोए थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और कमरे में अंकुर का फांसी पर लटका शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## गांजे के साथ युवक को दबोचा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत किशनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नरैनी रोड पर पांच किलो एक सौ चार ग्राम गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम अपने सहयोगी उपनिरीक्षक प्रवीण यादव, उपनिरीक्षक हितेन्द्र दुबे, कांस्टेबल विवेक यादव, राजेश सिंह, निर्भय सिंह के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर नरैनी रोड से असोथर थाना क्षेत्र के झाल गांव निवासी रितिक सैनी पुत्र नरेश सैनी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से पांच किलो एक सौ चार ग्राम गांजा बरामद कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

## ई-रिक्शा पलटने से चालक घायल, रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के विकास नगर के समीप ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के सेमौनी थाना क्षेत्र के गौरा जलालपुर गांव हाल मुकाम गांजीपुर थानां क्षेत्र के इन्द्रो गाँव निवासी राम गोपाल शर्मा का 42 वर्षीय पुत्र श्याम लाल शर्मा जो ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है रोज की भाँति आज भी भ सवारी छोड़कर वापस लौट रहा था। तभी गाजीपुर थाना क्षेत्र के विकास नगर के समीप उसका रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक श्याम लाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## अनियंत्रित बाइक सवार की टक्कर से तीन लोग घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। असोथर थानां क्षेत्र के सरकंडी गाँव मे घर के बाहर खड़े तीन लोगों को अनियंत्रीत तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे तीनो घायल हो गए घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे है।
जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के सरकंडी गाँव निवासी राजू पाण्डे का 20 वर्षीय पुत्र रोहित पाण्डे और कालिका प्रसाद का 15 वर्षीय पुत्र आशीष द्विवेदी उसका जोड़वाँ 15 वर्षीय भाई उदित द्विवेदी बताया जाता है तीनो घर के बाहर खड़े थे तभी तेज रफ्तार से आए बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे तीनो घायल हो गए। हादशे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर मे हड़कम्प मच गया। तुरन्त सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर सभी का इलाज कर रहे है।

## ननिहाल में खेलते समय छत से नीचे गिरकर बालक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। शदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ले में ननिहाल आया बालक घर की छत पर खेलते समय बच्चों से धक्का लगने पर छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के खैरेई पचीशा गाँव निवासी तहसीम का 7 वर्षीय पुत्र अश्शु अपने परिजनों के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ले अपनी ननिहाल आया था। आज शाम को वह घर की छत पर मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रहा था। बताते हैं तभी किसी मोहल्ले के बच्चे से धक्का लगने पर वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव और पहाड़ीपुर गाँव के बीच चार पहिया वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार रोड पर गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।
जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के झलहा गांव निवासी राम खेलावन का 35 वर्षीय पुत्र संतोष साइकिल पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। बीती रात वापस घर लौटते समय जब वह कोतवाली क्षेत्र के सनगांव और पहाड़ी के बीच पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार संतोष रोड पर गिरकर घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# बालक बाइक की टक्कर से घायल, कानपुर रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव में घर के बाहर खेल रहे बालक को रास्ते से निकले बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे बालक रोड पर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासी देश राज का 6 वर्षीय पुत्र अर्जुन घर के बाहर रोड पर खेल रहा था। तभी रास्ते से तेज रफ्तार से निकले बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से अर्जुन रोड़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तुरन्त परिजन उसको अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।
जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने बालक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज बस स्टॉप के समीप अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब मोहल्ला निवासी सुशील गुप्ता का 20 वर्षीय पुत्र राज गुप्ता आज सुबह बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज बस स्टॉप के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक राज गुप्ता रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीयो से हादशे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचकर घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# बाइकों की भिडन्त में एक बाइक सवार युवक घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो
आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव की मोड़ के समीप दो बाइकों की भिडन्त हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के मुगलाही मोहल्ला निवासी दिलशेर का 25 वर्षीय पुत्र फैजान बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गाँव की मोड के समीप पहुंची तभी दूसरी बाइक से उसकी भिडन्त हो गई।जिसमें बाइक सवार फैजान रोड पर गिरकर घायल हो गया और दूसरी बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर मौके एऐ फरार हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने घायल की हालत गम्भीर देखते हुए। प्राथमिक उपचार के बाद उसको सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# अचेत युवक को सरकारी 102 एंबुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह गोपालपुर पेट्रोल पम्प के समीप अचेत अवस्था में युवक को पड़ा हुआ देख स्थानीयो ने फोन कर पटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचवाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के किछौछा गांव निवासी बृजलाल का 25 वर्षीय पुत्र लाला किसी काम से गाजीपुर थाना क्षेत्र आया था। तभी थाना क्षेत्र के शाह गोपालपुर पेट्रोल पम्प के समीप अचेत होकर रोड किनारे पड़ा था। स्थानीयो ने उसको जब अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी 102 एंबुलेंस की ईएमटी कल्पना व पायलट शैलेन्द्र के साथ जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## बकरी को बचाने के प्रयास में बाइक गिरी, दम्पति सहित मासूम घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हुसैनगंज थानां क्षेत्र के हथगांम रोड पर अचानक रोड पर आई बकरी को बचाने के प्रयास में बाइक सवार रोड पर गिर गया। जिससे बाइक चालक दम्पति सहित मासूम बच्ची घायल हो गई। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए नजदीकी सवास्थ केंद्र पहुँचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दम्पति को घर जाने की सलाह देते हुए बच्ची को रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र के अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय शुभम अपनी 26 वर्षीय पत्नी रीता देवी और 4 वर्षीय पुत्री कब्या को बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक हुसैनगंज थानां क्षेत्र के कस्बे से हथगांम रोड पर कुछ आगे पहुंची तभी अचानक रोड पर बाइक के सामने बकरी आ गई। बकरी को बचाने के प्रयास में बाइक रोड पर गिर गई। जिससे चालक शुभम उसकी पत्नी रीता देवी और मासूम कब्या तीनो घायल हो गए। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी पहुँचाया गया।

जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दम्पति को घर जाने की सलाह देते हुए मासूम कब्या को सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहा है।

## अनियमितता की भेंट चढ़ी जहादा मुस्तहकम की कोटेदारी

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। भनवापुर ब्लॉक के ग्राम जहादा मुस्तकाम में कोटेदार द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ियां की जा रही है, जो कि ग्रामीणों के सामने एक गंभीर समस्या बनी हुई है, कुल मिलाकर बेअंदाज कोटेदार के द्वारा शासनादेश की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है,खाद्य वितरण प्रणाली में घोर अनियमित को लेकर यह कोटेदार आए दिन बदनामी की सुर्खियों में रहता है,बताते चलें कि पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाने जैसा है। क्या हो रही है गड़बड़ी सरकार द्वारा लाभार्थियों को प्रति यूनिट 5 किलो राशन निर्धारित है, पर कोटेदार अंगूठा लगवाकर, थंब इम्प्रेशन की एंट्री तो पूरी कर देता है, बाद में तौल या पर्ची में कमी करके 4 किलो के हिसाब से ही राशन देता है।ई-पॉश मशीन या रसीद पर सही यूनिट चढ़ा दी जाती है, पर असल में लाभार्थियों को हक से कम राशन मिलता है।तौल के लिए पत्थर या खराब बाट का इस्तेमाल किया जाता है और इसका विरोध करने पर लाभार्थी के साथ दुर्व्यवहार या धमकी भी संभव है। फिल हाल कोटेदार की मनमानी से ग्रामीण त्रस्त हैं,और जिम्मेदार अधिकारी मस्त हैं।

# पीएम किसान निधि की 21 वीं किस्त में देश के किसानों को 18000 करोड़ की सम्मान राशि हस्तांतरित : सासंद

### कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना में कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के अंतर्गत देशभर के किसानों को ड्ढ18,000 करोड़ की सम्मान राशि हस्तांतरित किए जाने तथा दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 के उद्घाटन पर हृदय से आभार,डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र व जनपद सिद्धार्थनगर के किसानों के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा,इस ऐतिहासिक अवसर का सजीव प्रसारण हमारे संसदीय क्षेत्र में उत्साहपूर्वक देखा गया, जहाँ किसानों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास दिखाई दिया , किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है,माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में किसानों को लगातार सशक्त बनाने के लिए हम सभी उनकी हृदय से सराहना करते हैं,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर





सम्मानित व्यक्तियों में प्रमुख रूप से सच्चिदानंद पांडे, राजू पाल, कमलेश चौरसिया, अमरनाथ सिंह, दिनेश सिंह, आजाद सिंह, माधव सोनी (प्रधान), अभय सिंह, अमित पांडे, जगलाल, सियाराम मौर्य, दिनेश सोनी, मानिक राम चौधरी, हृदय राम चौहान, रामकुमार उर्फ.चिंकू यादव, रमेश सोनी, धनीराम यादव, रफीक, बालक राम चौधरी, हामिद (प्रधान), मुकेश मौर्य, विनोद यादव (प्रधान), मनीष यादव (प्रधान), राजकुमार कश्यप, रमेश यादव, पिंटू मिश्रा, रामतेज शुक्ला, राकेश यादव, संजय सिंह, बबलू सिंह, अखंड प्रताप सिंह, रामपाल, रामजियावन, संजय तिवारी, बबलू तिवारी और जयवर्धन तिवारी शामिल रहे,साथ ही, कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. एस. एन. सिंह, डॉ. मारकंडेय सिंह, डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, श्रीमती नीलम सिंह और जयप्रकाश द्विवेदी, राम जी मौर्य, शहाबुद्दीन खान, इमरान, मुस्ताक, इरफान, शाबान, रिहान, शत्रुहन यादव, सहित कृषि विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की,कार्यक्रम ने किसानों और अधिकारियों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

## कन्नौजः बीएलओ एप्प पर हर बीएलओ प्रतिदिन एक सौ गणना प्रपत्र फीड करेः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आज विकास खण्ड कन्नौज एवं विकास खण्ड तिर्वा में संचालित ईएफ सब मिशन सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से केंद्रों की व्यवस्थाओं, कार्य की गति तथा की जा रही प्रविष्टियों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों से संबंधित गणना प्रपत्रों का कार्य प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक बिना किसी विलंब के पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रों में शुद्ध पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित रहे तथा



प्रत्येक कार्य बीएलओ ऐप के माध्यम से ही किया जाए। विकास खण्ड तिर्वा के ईएफ सब मिशन सेंटर में विद्युत व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिर्वा को तत्काल प्रभाव से जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए, जिससे कार्य प्रभावित हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुपरवाइजरों एवं मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देशित किया कि वे बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें कार्य के प्रति प्रोत्साहित करें। प्रत्येक बीएलओ द्वारा प्रतिदिन कम से कम 100 प्रपत्र गुणवत्तापूर्ण रूप से भरे जाने चाहिए। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रपत्र में त्रुटि न हो तथा किसी व्यक्ति का फॉर्म दो बार न भरा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन बीएलओ द्वारा अभी तक अपेक्षित कार्य नहीं किया गया है, उन्हें चिन्हित कर उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि समग्र प्रगति में सुधार लाया जा सके।
निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्नौजः कौमी एकता सप्ताह आयोजन और किसान सम्मान निधि वितरण समारोह सम्पन्न

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। विकास भवन स्थित हर्ष वर्धन सभागार में आज कौमी एकता दिवस (19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह) एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भाजपा सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कोयम्बटूर, तमिलनाडु से प्रधानमंत्री द्वारा पी.एम. किसान योजना की 21वीं किश्त के राष्ट्रीय स्तर पर किए गए हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इस अवसर पर सरसों मिनीकिट के लिए चयनित 12 कृषकों को निःशुल्क मिनीकिट एवं 06 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द तथा किसान कल्याण पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि कौमी एकता दिवस देश की अखंडता,




भाईचारे और पारस्परिक सम्मान का संदेश देने वाला प्रेरणादायी अवसर है। उन्होंने पीएम किसान योजना को किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया।
विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने विविधता में एकता की भारतीय भावना को राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह का मूल आधार बताते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाएँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।
जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सभी को कौमी एकता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सप्ताह सामाजिक समरसता, सहयोग और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि जनपद के पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का भुगतान पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया गया है। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के अंतर्गत जनपद कन्नौज के 2,17,570 कृषकों के बैंक खातों में कुल 43 करोड़ 51 लाख 40 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है।
कार्यक्रम में पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, पूर्व पार्टी जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला कृषि अधिकारी सन्तलाल गुप्ता, भूमि संरक्षण अधिकारी आर.के. वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी सहित लगभग 150 किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की सखियों ने प्रतिभाग किया।

## कन्नौज : कागज चेक करने के लिए वाहन न रोकें पुलिसकर्मी

### मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद डीजीपी के निर्देश, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों का केवल डीएल करें चेक, आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। वाहन चेकिंग के दौरान वसूली की बढ़ती शिकायतों के बाद आखिरकार डीजीपी राजीव कृष्ण को पुलिसकर्मियों की हदें तय करनी पड़ीं। डीजीपी ने निर्देश दिया है कि पुलिसकर्मी कागज चेक करने के लिए वाहन नहीं रोकेंगे। पुलिसकर्मी हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के सिर्फ डीएल चेक करेंगे। डीजीपी ने सभी एसएसपी/एसपी को इन निदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पूर्व संभी एडीजी जोन के साथ हुई बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चेकिंग के नाम पर लोगों को रोककर उनका उत्पीड़न किए जाने की बढ़ती शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई थी। ऐसा करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिये थे। दरअसल, वाहन चेकिंग के दौरान प्रदूषण, आरसी (पंजीकरण प्रमाणपत्र) व बीमा जैसे कागज चेक करने के नाम पर पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली की। एक्ट में जुमार्ने की राशि बढ़ाए जाने के बाद पुलिसकर्मियों के भारी जुमार्ने का हवाला देकर वाहन चालकों का उत्पीड़न करने के कई मामले भी सामने आये। ऐसी बढ़ती शिकायतों पर डीजीपी ने अधीनस्थों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

**एम-परिवहन एप पर मौजूद दस्तावेज भी मान्य**

डीजीपी ने कहा है कि पुलिसकर्मी चेकिंग के दौरान डिजिटल लॉकर अथवा एम-परिवहन एप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेखों को वैध मानें। यह भी निर्देश दिया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ समान, निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई की जाये। वसूली या उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कन्नौजः जिले के बेसिक स्कूलों में बच्चो को मिल रहा पोषक मध्यान्ह भोजन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विद्यालयों में पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना अत्यंत सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। बच्चों को पौष्टिक, स्वच्छ और संतुलित भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हें-मुन्नों का स्वास्थ्य निरंतर बेहतर होता रहे। उन्होंने बताया कि जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 250 उच्च प्राथमिक विद्यालय,
194 कम्पोजिट विद्यालय, 30 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं 60 इंटर कॉलेज, इस प्रकार कुल 1576 विद्यालयों में बच्चों को मानक एवं मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के अनुमोदन के पश्चात प्राथमिक स्तर पर ₹6.78 तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर ₹10.17 प्रति छात्र की निर्धारित दर से कुल ₹5,35,94,172/- (रु. पाँच करोड़, पैंतीस लाख, चौरानवे हजार, एक सौ बहत्तर मात्र) की धनराशि सभी विद्यालयों



के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। यह व्यवस्था इस बात को सुनिश्चित करती है कि बच्चों के पोषण में किसी प्रकार की बाधा न आए और योजना का लाभ नियमित रूप से उन तक पहुँचता रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आगे बताया कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, विकास और ऊर्जा स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक बुधवार को पी.एम. पोषण योजना के अंतर्गत अतिरिक्त पोषण दिवस मनाया जाता है। इस दिन मौसमी सब्जियों एवं सोयाबीन बड़ी से तैयार विशेष तहरी के साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों को 150 मि.ली. दूध व उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों को 200 मि.ली. दूध वितरित किया जाता है। इसी क्रम में आज जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को ताजा दूध वितरित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खास उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। उन्होंने कहा कि बुधवार को दूध उपलब्ध कराने की यह व्यवस्था बच्चों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा उन्हें अधिक सक्रिय, आत्मविश्वासी और ऊजावान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद के सभी विद्यालयों में इस व्यवस्था का अनुशासनपूर्वक और शत-प्रतिशत पालन कराया जा रहा है।

# "विश्व बाल दिवस" 2025 के अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिला अंतर्गत 17 से 20 नवम्बर 2025 तक मनाए जा रहे विश्व बाल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत प्रताप मध्य विद्यालय लाइन में बालिकाओं के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, आत्मविश्वासतथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। संवाद कार्यक्रम में विद्यालय की बालक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, मध्यान भोजन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, स्थापना, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोचाधामन एवं टेढ़ागाछ मुख्य रूप से उपस्थित रहे व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति में कहा गया है–

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः।**

यानि जहाँ नारी की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। परंतु दुख की बात है कि आज भी समाज के कई हिस्सों में बेटियों को वह सम्मान, वह अधिकार, और वह सुरक्षा नहीं मिल पाती जिसकी वे हकदार हैं।

बेटियाँ बोझ नहीं होतीं।

बेटियाँ परिवार की शान होती हैं, समाज की पहचान होती हैं, और देश की प्रगति की मुख्य आधारशिला होती हैं।

बेटियाँ डॉक्टर बनकर, इंजीनियर बनकर, वैज्ञानिक बनकर, सैनिक बनकर–हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रही हैं।

लेकिन यह तभी संभव है जब हम उन्हें सुरक्षित वातावरण, बराबरी का मौका और शिक्षा दें।

"बेटी बचाओ" का मतलब है उन्हें गर्भ में मारने से बचाना, भेदभाव से बचाना, और हिंसा व अत्याचार से बचाना।

और "बेटी पढ़ाओ" का अर्थ है उन्हें शिक्षित बनाना, आत्मनिर्भर बनाना, और इतना मजबूत बनाना कि वे अपने सपनों को खुद पूरा कर सकें।

शिक्षित बेटी सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि एक पूरा समाज बदल सकती है।

एक पढ़ी-लिखी लड़की दो परिवारों को शिक्षित करती है–अपने मायके को और अपने ससुराल को।

**इसलिए आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि–**

- बेटियों को समान अवसर देंगे,
- उन्हें पढ़ाएँगे,
- उन्हें आगे बढ़ने का पूरा अधिकार देंगे,
- और उनके सपनों को उड़ान देने में पूरा साथ देंगे।

बेटी है तो कल है, बेटी है तो संस्कार है,
बेटी है तो जीवन है, बेटी है तो संसार है।

संवाद कार्यक्रमें कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी ने बेटियों की बेहतर भविष्य के लिए अपना-अपना मानतव्य दिया एवं बालिकाओं से उनके सपनों से जुड़ी सभी सवालों का उत्तर दिया उक्त संवाद कार्यक्रम में मंच संचालन प्रीति कुमारी महिला पर्यवेक्षिका द्वारा किया गया, कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, जेंडर विशेषज्ञ, प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे '

# पटना पुलिस ने किया पूर्व लोकसभा उम्मीदवार को हत्या मामले में गिरफ्तार

## एआईएमआईएम पार्टी के नेताओं ने निर्दोष करार देते हुए किया निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए टॉप-10 सूची में शामिल ए आई एम आई एम नेता फारूक रजा उर्फ डब्लू को नोहसा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। इमारत-ए-शरिया के पास 19 मई 2025 को दिन दहाड़े हुए चर्चित अनवार दिराहा हत्याकांड में वह मुख्य अभियुक्त के रूप में नामजद था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। फारूक रजा उर्फ डब्लू पूर्व में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से ए आई एम आई एम के टिकट पर चुनाव लड़ चुका है। इससे पहले वह कई वर्षों तक राष्ट्रीय जनता दल से भी जुड़ा रहा था। हाल ही में फारूक रजा उर्फ डब्लू के पिता मो. सलाउदीन का निधन हूआ है। जमीन कारोबारी अनवर आलम उर्फ अनवर दिराहा की हत्या के बाद से वह फरार था। हत्या के बाद अनवार आलम की पत्नी ने 15 लोगों को नामजद किया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या एवं लाइनर को तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में साजिश कर्ता के रूप में इमत्याज



खां को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा था कि हत्या की साजिश रचने के बाद इम्तयाज एक योजना बना कर स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती हो गया था। वहीं इस मामले में पूर्व लोक सभा प्रत्याशी फारूख रजा डब्लू फरार चल रहे थे। अनवर आलम को उस वक्त अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था जब वह मोटरसाइकिल से अपने भतीजा के साथ इमारत शरिया के पास से गुजर रहे थे। इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। वहीं उनकी गिरफ्तारी की सूचना पा कर बड़ी संख्या में लोग थाना पहुंचे। एआईआईएम नेताओं ने आरोप लगाया है कि इनकी गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन की नाकमी एवं राजनीत साजिश का हिस्सा है। एआईआईएम नेता मोहम्मद सोनू ने कहा कि हमारे नेता फारूख रजा निर्दोष हैं। हत्या के इस मामले में कई लोगों को जानबुझ कर जमीनी विवाद में फंसाया गया है जिस का हत्या से कोई लेना देना नहीं। सोने ने इस हत्या कांड की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ करवाई करने की मांग किया है।पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के अनुसार मृतक अनवार आलम के परिजनों के आवेदन पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम उसकी लगातार तलाश में थी।पटना सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि फारूक रजा उर्फ डब्लू लंबे समय से पुलिस की निगाह से दूर था। गुप्त सूचना मिली कि फारूक रजा उर्फ डब्लू अपने गाँव नोहसा मोड़ के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने तत्काल छापेमारी दल का गठन कर दबिश दी। मौके से फारूक रजा को दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। फारुख रजा के खिलाफ फुलवारी शरीफ को गर्दनीबाग थाना में कई मामले दर्ज थे।

# पटना जंक्शन पर चला वाहन जांच अभियान, यात्रियों की ली गयी तलाशी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में सोमवार को होने वाले मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए शहर में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। गांधी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होने वाले हैं, इसलिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई गई है। इसी क्रम में पटना जंक्शन पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें यात्रियों से लेकर उनके सामान और परिसर में मौजूद वाहनों तक की बारीकी से जांच की गई।नीतीश कुमार के दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इस कार्यक्रम में उच्च स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और केंद्रीय नेतृत्व के शामिल होने की संभावना है। इसी वजह से स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पटना जंक्शन पर सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर संयुक्त अभियान चलाया, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे। पटना जंक्शन पर रविवार देर शाम से आरपीएफ इंस्पेक्टर शंकर अजय पटेल और जीआरपी थानेदार राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ। इस अभियान में डॉग स्क्वॉड, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और फील्ड स्टाफ की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम ने प्लेटफॉर्म से लेकर टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम और स्टेशन परिसर से सटे क्षेत्रों तक व्यापक जांच की। रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस ने अपने-अपने स्तर पर पड़ताल की और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के




निर्देश जारी किए।सुरक्षा ऑपरेशन के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 10 तक मौजूद सभी यात्रियों के बैग, झोले और अन्य सामान की जांच की गई। हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर और लगेज स्कैनर का उपयोग कर संदिग्ध वस्तुओं की खोज की गई। जंक्शन परिसर में मौजूद वाहनों को भी जांच के दायरे में लाया गया। पार्किंग क्षेत्र और स्टेशन के आस-पास खड़ी गाड़ियों की तलाशी ली गई। पुलिस को आशंका थी कि किसी वाहन में संदिग्ध सामग्री छुपाई जा सकती है, इसलिए पार्किंग एरिया की जांच अत्यधिक सतर्कता के साथ की गई। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने जंक्शन क्षेत्र से करीब तीन दर्जन कछुए बरामद किए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये कछुए अवैध रूप से ले जाए जा रहे थे। इस मामले में संबंधित विभागों को सूचना दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पटना जंक्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। सुरक्षा कर्मी कंट्रोल रूम में बैठकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं, ताकि किसी भी असामान्य हरकत का तुरंत पता लगाया जा सके। आने-जाने वाली ट्रेनों के डिब्बों में भी जांच की गई, और यात्रा कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की कोशिश की गई। अभियान के दौरान न केवल प्लेटफॉर्म, बल्कि स्टेशन परिसर में स्थित हनुमान मंदिर, होस्टल, मुसाफिरखाना और आसपास के होटलों तक की तलाशी ली गई। यहां आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की गई और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई।आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा की हर परत को मजबूत किया गया है। उनका कहना है कि किसी भी यात्री का बैग या सामान बिना जांच के प्लेटफॉर्म पर प्रवेश नहीं कर सके, इसके लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं।

# राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल झारखंड का प्रतिनिधि मंडल

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 19 नवम्बर 2025: बुधवार को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल जमशेदपुर झारखंड का प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर आगमन पर राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर उन्हें शॉल ओढ़ा एव मंडल का स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया और व्यापार मंडल द्वारा हो रहे कार्यों को बताया। साथ ही ये भी बताया कि इस संस्था में नारी शक्तियों को भी काफी प्राथमिकताएं दी जा रही है।



प्रदेश अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने राज्यपाल से ज्ञापन सौप दुकानदारो की समस्याओं से अवगत कराया और साथ ही निवेदन किया कि जल्द ही उनकी समस्या का निदान हो। साथ ही उपाध्यक्ष चंचल भाटिया ने सरकार द्वारा बच्चों एव महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया । संस्था प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष पवन अग्रहरि , उपाध्यक्ष चंचल भाटिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता जायसवाल, उपाध्यक्ष एकता जायसवाल, सागर झा, यश साव, गौतम आखुली एव अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पटना पुलिस ने किया अलग-अलग मामलों में तीन आरोपीयो को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना की पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गौरीचक थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पहले मामले में धमरी दास और कैलेंद्र दास को विधिवत गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरे मामले में टेंपो चोरी के आरोप में राजू कुमार, पिता सुरेश राय, ग्राम मौजीपुर, थाना नदी, जिला पटना को पकड़ा गया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना अध्यक्ष अमित ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ चल रही है और आवश्यक विधिक प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

# आदिवासी जमीन और रोजगार पर टाटा स्टील पर उठे गंभीर सवाल

**संवादाता परमबीर पात्रों समाज जागरण**

बिष्टुपुर : जमशेदपुर में टाटा स्टील द्वारा अनुसूचित जनजाति और आदिवासी समाज के लिए आयोजित चार दिवसीय संवाद को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। स्थानीय जमीन मालिकों और उनके वंशजों का आरोप है कि इस संवाद का उद्देश्य केवल दिखावा करना था, असली मुद्दों को दबाने और आदिवासी समाज को बहलाने-फुसलाने का काम किया गया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों पहले टाटा स्टील ने आदिवासियों से उनकी जमीनें अधिग्रहित की थीं, लेकिन आज तक न तो उन्हें उचित सम्मान मिला और न ही उनके जमीनों से जुड़े वंशजों को रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए। सवाल उठता है कि आखिर टाटा स्टील के पास वास्तविक रूप से जमीन थी या आदिवासियों से ठगी कर उसे हड़प लिया गया।

जमशेदपुर के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों का आरोप है कि टाटा स्टील ने जमीन दाताओं या उनके परिवार के लोगों को कंपनी में नौकरी देने की कोई ठोस पहल नहीं की। नतीजतन, जमीन दाताओं और उनके परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति आज भी कमजोर बनी हुई है। स्थानीय समाजसेवी और भूमि मालिकों ने कहा कि इस तरह के संवाद आयोजन सिर्फ दिखावे के लिए हैं, वास्तविक समस्या को छुपाने और समाज को भ्रमित करने के लिए। उनका कहना है कि टाटा स्टील ने आदिवासी समाज के साथ कोई न्यायपूर्ण व्यवहार नहीं किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस मुद्दे को लेकर उचित पारदर्शिता, रोजगार और सम्मान की गारंटी न दी गई तो भविष्य में आदिवासी समाज में असंतोष और विरोध की लहर बढ़ सकती है। आदिवासी समाज का यह कहना है कि अब सिर्फ बातचीत या संवाद से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस कदम और जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है।

# साकची में आजाद समाज पार्टी की बैठक: "संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ" पर जोर

**समाज जागरण संवाददाता परमबीर पात्रों**

साकची। आजाद समाज पार्टी ने "संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ" विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक फैशन वर्ल्ड, साकची में आयोजित की। बैठक में 30 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष परवेज खालिद ने की। इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष शमीम अक्राम, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष माजहर खान, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फैयाज आलम और जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान संगठन प्रभारी एवं सह जिला मीडिया प्रभारी परमबीर पात्रो ,जिला प्रभारी सनत सिंह सरदार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा सदस्य पर्वेज अली, सदस्य जेमेल, सदस्य रोनी खान, सदस्य रजाक, सदस्य ओसामा, सदस्य सालाउद्दीन, जिला सचिव आफताब अली उर्फ लाडले, सदस्य साहिद, मिशन 78 अध्यक्ष दिनेश गौतम, मीडिया प्रभारी अनस खान, राशिद अली सदस्य राजू मुखी और सदस्य मोहम्मद मुकिम भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, प्रतिभागियों की सूची, मीडिया कवरेज और प्रचार कार्यों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही पार्टी के सामाजिक और संगठनात्मक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

जिला अध्यक्ष परवेज खालिद ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज में भाईचारे को मजबूत करना और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वह आगामी कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें और इसे सफलता पूर्वक संपन्न करें।

बैठक के अंत में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया और सभी उपस्थित सदस्यों ने इसे सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# पटना में नदी में डूबने से हुई बच्चा की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय बच्चे की नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे शोक में डाल दिया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संवेदना और चिंता का माहौल बना दिया है। घटना मंगलवार देर शाम के समय हुई जब नसरतपुर गांव का सात वर्षीय बच्चा सौरभ नदी किनारे खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक नदी के गहरे हिस्से में चला गया और पानी की तेज धारा में बह गया। जैसे ही लोगों को बच्चे के डूबने का पता चला, आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। उन्होंने उसे बचाने की पूरी कोशिश की। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे को बाहर निकालने के लिए कई लोग नदी में उतरे। लेकिन जब तक वे उसे खोज पाते तब तक डूबने से सौरभ की मौत हो चुका था। वही धनरूआ थाना प्रभारी आलोक कुमार ने घटना की आधिकारिक पुष्टि की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बच्चे की मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। हालांकि प्राथमिक दृष्टि में यह मामला डूबने से हुई मौत का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना की सही जानकारी मिल पाएगी।

# ग्राम केरहा में बड़े पैमाने पर जुआ का संचालन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र ग्राम केरहा में अवैध जुए का बड़ा अड्डा संचालित होने की खबर है। सूत्र बताते हैं कि तबरेज और सुनील नामक व्यक्ति लंबे समय से बड़े पैमाने पर जुआ खिला रहे हैं, जहां रोजाना कई बाहरी लोग भी पहुंचकर जुआ खेलने में शामिल होते हैं। बताया जाता है कि संचालन के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रात के समय जुआरियों की भीड़ जमा होने से आए दिन विवाद, गाली-गलौज और झगड़े की स्थिति बनती रहती है। इससे आसपास के परिवारों और किसानों को सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।ग्रामवासियों का कहना है कि कई बार अवैध गतिविधियों की सूचना देने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि जुआ अड्डा खुलेआम चल रहा है और स्थानीय युवाओं को भी इसकी चपेट में ले रहा है।ग्रामीणों ने सिंहपुर थाना पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र का माहौल बिगड़ सकता है और अपराध बढ़ने का खतरा भी बना रहेगा।

# दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के गतिरोध के बावजूद अतिथि शिक्षको शोधार्थियों ने दिया धरना

## ए. पी. आई. और आवेदन शुल्क हटाने की मांग

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः आज दिल्ली विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षक एवं शोधार्थियों ने संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन धरना देना शुरू कर दिया। ये वही शिक्षक एवं शोधार्थी हैं जिन्होंने अपनी मेहनत से नई शिक्षा नीति को सफल बनाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन इन सभी को स्थायी नियुक्ति हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया से जबरन वंचित कर दिया है। ये सभी अतिथि शिक्षक एवं शोधार्थी पिछ्ले वर्षों तक साक्षात्कार में शामिल हो रहे थे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने अचानक चलती भर्ती प्रक्रिया के बीच काल्पनिक मेरिट का आधार बनाकर सहायक प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया नियम में ऐसा



परिवर्तन कर दिया जोकि यूजीसी शिक्षक पात्रता नियम 2018 और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। इस बाबत अतिथि शिक्षको और शोधार्थी कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन से अपनी मांग आंदोलन और पत्राचार के माध्यम से कर चुके हैं। लेकिन अब तक इनके माँग पर कोई विचार नहीं हुआ है। दुर्भाग्य की बात है कि इन शिक्षकों को धरना देने से प्रशासन रोकने का पूरा प्रयास करता है जोकि इनके मौलिक अधिकारों को दबाने जैसा है, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरंदाज करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में डॉग लवर आंदोलन करने में पूर्ण सहयोग करते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन का यह दोहरा व्यवहार समझ से परे है। इन शिक्षकों का आंदोलन कल भी जारी रहेगा। इनकी मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन जब तक हमारी प्रमुख मांगों को मान नहीं लेगा हम आंदोलन को जारी रखेंगे।

# कन्नौज: एसआईआर का दो जगहों से फॉर्म भरा तो एक साल की सजा होगी

**समाज जागरण**

कन्नौज। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता दो-दो स्थानों से गणना प्रपत्र न परें। अगर ऐसा किया तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-31 के तहत एक वर्ष तक की सजा दी जा सकती है या जुमार्ना लगाया जा सकता है। ऐसे में गांव या शहर और दो-दो राज्यों की मतदाता सूची में नाम है तो भी सिर्फ एक जगह से ही गणना प्रपत्र भरकर जमा करें। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग दो-दो जगह से गणना प्रपत्र भर जमा करने वालों को आसानी से पकड़ लेगा। डिजिटल माध्यम से इसकी फूलपुफ व्यवस्था की गई है। आप पुश्तैनी गांव में मतदाता बुनकर वोट डालना चाहते हैंतो वहां से फॉर्म भरकर जमाकरें। या शहर में रहना चाहते है तो वहां से फार्म भरें।

**यूपी में चुनाव आयोग ऐसे मतदाताओं को आसानी से पकड़ लेगा**

बीते 27 अक्तूबर को मतदाता सूची फ्रीज की गई है। वर्तमान में इस सूची में जहां नाम है, वहीं से फॉर्म भरें। यूपी का जिसका रहने वाला कोई दूसरे राज्य मुंबई, दिल्ली या फिर अन्य राज्य में रह रहा है और वहां वोटर है तो फिर यहां गणना प्रपत्र न भरे। क्योंकि एसआईआर मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम बाहर करने व जिन मतदाताओं के दो-दो जगह नाम हैं, उनके नाम एक जगह से हटनि इत्यादि के लिए किया जा रहा है।

**फर्जी और मृत वोटरों का एआई से पता लगाएगा निर्वाचन आयोग**

एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग ने फर्जी या मृत मतदाताओं को शामिल होने से रोकने के लिए एआई आधारित सत्यापन प्रणाली शुरू करने का फैसला किया है। एआई प्रणाली मतदाता डाटाबेस में तस्वीरों में चेहरे का विश्लेषण कर कई स्थानों पर पंजीकृत व्यक्तियों की पहचान में मदद करेगी। अधिकारी ने बताया, मतदाताओं की तस्वीरों के दुरुपयोग के संबंध में शिकायतें बढ़ी हैं। कई स्थानों पर एक ही मतदाता की तस्वीर पाए जाने की घटनाओं का पता लगाने के लिए एआई फेशियल मैचिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

इसी बीच कन्नौज के जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की ओर से एक पम्पलेट भी वितरित कराया जा रहा है इसका शीर्षक है समस्त मतदाताओं एवं बूथ लेविल अधिकारियों हेतु आवश्यक सूचना 1-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के अन्तर्गत किसी निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण या शुद्धि के, अथवा किसी प्रविष्टि के किसी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित या उसमें अपवर्जित किए जाने के संबंध में, ऐसा कथन या ऐसी घोषणा लिखित रुप में करेगा जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का या तो उसे ज्ञान है या विश्वास है या जिसके सत्य होने का उसे होने का विश्वास नहीं है. तो वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुमार्ने से, या दोनों से, दंडनीय होगा।

# राष्ट्रीय चेतना का विषय महारानी लक्ष्मीबाई के अद्वितीय बलिदान से प्रेरित है: श्रीमती सुनीता वैंसला

**समाज जागरण**

वीरता,त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में रणरागिनी नामक भव्य सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक श्रीमती सुनीता बैंसला, शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार अनेजा तथा प्राचार्य प्रो. लता शर्मा ने दीप प्रज्वलित करने के साथ वीरांगना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया।



स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर लता शर्मा ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से संघर्ष की प्रेरणा व जीवनपर्यंत उस पर अमल करने को छात्राओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दूसरे भाग में संगीत विभाग की छात्राओं ने बलिदानी लक्ष्मीबाई पर आधारित भावपूर्ण गीत और एनसीसी की छात्राओं ने महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इतिहास विभाग द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और अवदान पर आधारित एक उत्कृष्ट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता बैंसला ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रनिर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा लक्ष्मीबाई को भारतीय महिलाओं का अमर आदर्श बताया। वक्ता के रूप में शासी निकाय अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार अनेजा ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए बलिदानी लक्ष्मीबाई के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने पर बल देते हुए कार्यक्रम के सफलता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन डॉ. सुनील कुमार मिश्र द्वारा किया गया ।

उक्त अवसर पर प्रो. सीमा शर्मा कौशिक जी प्रो.सुनीता अरोड़ा जी, प्रो. सबरिना, डॉ. प्रमिला जी, डॉ॰ ललिता जी, डॉ॰ मनराज गुर्जर जी, डॉ. विनय कुमार मिश्रा जी, श्रीमान राजेश कुमार जी, डॉ. मीनाक्षी जी, डॉ. रेखा जी, डॉ. सुमित कुमार मीना जी, डॉ. रवींद्र जी सहित सैकड़ों की संख्या में अध्यापक व छात्राएं उपस्थित थे।

## कासगंज में आबकारी विभाग ने लॉन्च किया UP Excise Citizen App, अब QR कोड से मदिरा का पूरा विवरण मिलेगा

समाज जागरण

कासगंज 19 नवंबर 2025: कासगंज में जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी विभाग ने उपभोक्ताओं को पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **UP Excise Citizen App** नामक मोबाइल ऐप तैयार किया है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।



इस ऐप के माध्यम से बोतलों, कैन और टेट्रा पैक पर चस्पा दफस्टिकर को स्कैन करते ही संबंधित मदिरा के ब्रांड का नाम, MRP और अन्य विवरण तुरंत मोबाइल स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेंगे। इससे उपभोक्ता यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उन्हें मानक और प्रमाणित मदिरा ही प्राप्त हो रही है।

जिला आबकारी अधिकारी ने यह भी बताया कि उपभोक्ताओं को किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 14405 पर संपर्क करने की सुविधा है। ऐप में Greivance Option भी उपलब्ध है। इसके अलावा, जिले की सभी फुटकर मदिरा दुकानों के बाहर 2 फुट X 3 फुट साइज के बोर्ड पर ऐप और QR कोड से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की गई है। इस पहल से जिले में देशी और विदेशी मदिरा की बिक्री में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सकेगी। सौजन्य : जिला आबकारी विभाग, कासगंज

## कासगंज में महिला जनसुनवाई, राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया

समाज जागरण

कासगंज 19 नवंबर 2025: उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित महिला जनसुनवाई आज तहसील सभागार में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने की। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। ये प्रकरण महिला अपराध, शोषण, दहेज उत्पीड़न, प्रॉपर्टी विवाद, घरेलू हिंसा और बलात्कार से संबंधित थे।



सदस्या ने गंगेश्वर कॉलोनी की बाल्मीकि बस्ती में विद्युत कनेक्शन के लिए उप जिलाधिकारी को मौके पर बुलाकर कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्ती में एफआईआर के मामलों को सुलझाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके साथ ही सदस्या ने पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए निर्देशित किया कि उन्हें राशन कार्ड, बच्चों की शिक्षा, न्याय और रोजगार में पूरी मदद मिले। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से महिलाओं को जोड़कर उनका सशक्तिकरण और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

सदस्या ने संयुक्त जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं, वैण्टीलेटर, महिलाड्पुरुष वार्ड, बच्चों के वार्ड, बैड, दवाओं की उपलब्धता, पेयजल और परिसर की सफाई का बारीकी से जायजा लिया। मरीजों से बातचीत कर उपचार और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। अस्पताल में नाश्ते में खामियां मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार और मेन्यू के अनुसार नाश्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्य : जिला महिला आयोग, कासगंज

## कासगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस एवं 21वीं किस्त किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

कासगंज 19 नवंबर 2025: कासगंज में जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस और प्रधानमंत्री द्वारा 21वीं किस्त किसान सम्मान निधि की वितरण प्रक्रिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय सदर विधायक देवेन्द्र राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मंडी सचिव, कृषि वैज्ञानिक, अधिशासी अभियंता विद्युत, सिंचाई और नलकूप, एआरओ कोऑपरेटिव, जिला गन्ना अधिकारी और फसल बीमा प्रतिनिधि सहित कई अधिकारी एवं कृषक संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि सखी एवं अन्य कृषकों को मृदा नमूना लेने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। किसानों ने बाजरा और मक्का के क्रय केन्द्रों की स्थापना, राजस्व खतौनी में हिस्सा खोलने, नहरों में समय पर पानी छोड़े जाने, डीएपी एवं यूरिया की बिक्री की रसीद न मिलने, अलसी के बीज की उपलब्धता जैसी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने मौके पर कई समस्याओं के निर्देश जारी किए और किसानों को कार्यालय में मिलकर अपनी समस्याएँ अवगत कराने का अवसर देने की बात कही।

जिलाधिकारी ने सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद में 1,80,000 से अधिक किसानों के खातों में 2,000 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का कोयम्बटूर से लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किसानों ने देखा।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों के उत्पादन की दिशा में किसानों को मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम का समापन उप कृषि निदेशक द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों एवं किसानों का धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

सौजन्य : जिला प्रशासन, कासगंज

## कासगंज में भाजपा नगर टीम ने मोक्षदा एकादशी पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

समाज जागरण

कासगंज` 19 नवंबर 2025: सोरों कस्बे में आगामी मोक्षदा एकादशी (1 दिसंबर) को होने वाली पंचकोसी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर भाजपा नगर टीम ने परिक्रमा मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया।

नगर अध्यक्ष आदित्य काकोरिया ने कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि "परिक्रमा मार्ग पर कई जगह सड़क अब तक पक्की नहीं हो सकी है। केवल मिट्टी डालकर काम पूरा मान लिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा न हो, इसके लिए तुरंत सड़क को पक्का कराया जाए।"

भाजपा नेता आशुतोष त्रिवेदी ने परिक्रमा मार्ग पर सांकेतिक चिन्ह और दिशासूचक बोर्ड लगाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि मार्ग विस्तृत है, इसलिए चिन्हों की मौजूदगी से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी।

भाजपा नेता मनीष शर्मा ने सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई हिस्सों में झाड़-झंखाड़ बढ़े हुए हैं और समय पर सफाई नहीं कराई गई। मार्ग के दोनों ओर सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं, भाजपा नेता मनोज भारद्वाज ने सिंगल वाले बाबा परिसर के शौचालय की दयनीय स्थिति का मुद्दा उठाया और तत्काल मरम्मत एवं सफाई की मांग की। निरीक्षण टीम में नगर महामंत्री नानकचंद गुप्ता, सभासद विजय गोस्वामी, अतुल गुप्ता, मयंक भारद्वाज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार मे विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें।

## सत्यार्थ प्रकाश की महत्ता विषय पर गोष्ठी सम्पन्न: सत्यार्थ प्रकाश में हर समस्या का समाधान-आचार्या विमलेश बंसल

*गाजियाबाद,बुधवार 19 नवम्बर 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान मे "सत्यार्थ प्रकाश की महता " विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 748 वाँ वेबिनार था।*

समाज जागरण

वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश एक अमर ग्रन्थ है क्योंकि यह एक महान दूर द्रष्टा और समाज सुधारक महर्षि दयानंद की अनुपम देन तो है ही,इसमें लिखा हुआ एक - एक शब्द चिर काल तक प्रत्येक प्राणी मात्र के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में काम आएगा।इन शब्दों की न कोई एक्सपायरी (काल वाहिका) है और न ही इनकी उपादेयता कभी कम होने वाली है।यह ग्रन्थ ईश्वर की अजर अमर वेद वाणी पर आधारित होने से सार्वजनीन,सार्वकालिक, सार्वभौमिक है।महर्षि दयानंद भक्त गुरुदत्त विद्यार्थी ने कहा था - इस ग्रन्थ को खरीदने के लिए यदि सारी संपत्ति भी बेचनी पड़े तो भी वह मूल्य इस पुस्तक के लिए कम होगा।



संपूर्ण ब्रह्मांड के प्रत्येक व्यक्ति को इस अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश को अवश्य पढ़ना चाहिए जिससे वह अपने साथ स्व परिवार,समाज,राष्ट्र व समस्त जगत के कल्याण के लिए अपना सार्थक योगदान सुनिश्चित कर सकें।

मुख्य अतिथि राजश्री यादव व अध्यक्ष सुधीर बंसल ने भी इसे क्रान्तिकारी ग्रंथ बताया।परिषद् अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, शोभा बत्रा, संतोष धर, प्रवीना ठक्कर, जनक अरोड़ा, रविन्द्र गुप्ता एवं कमला हंस आदि ने मधुर भजन सुनाए।

## सलाम नमस्ते में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 का आयोजन हुआ। बुधवार को स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य पहल सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित यह पहल जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (गौतमबुद्धनगर) के सक्रिय सहयोग से संचालित की जा रही है।




सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना एवं एक स्वस्थ, नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के दौरान युवाओं को तम्बाकू सेवन के नुकसान, नशा छोड़ने के उपाय तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही जागरूकता गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को तम्बाकू मुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित किया गया।

आईएमएस के प्रसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू किसी भी रूप में शरीर, मन और समाज तीनों के लिए हानिकारक। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना ही सशक्त भविष्य की कुंजी है। तम्बाकू का सेवन रोकना केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। देश का हर युवा यह संकल्प ले कि वह न केवल खुद तम्बाकू से दूर रहेगा, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि तम्बाकू का उपयोग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा असर डालता है। युवाओं को सही दिशा और जागरूकता प्रदान करना बेहद आवश्यक है, वे ही आने वाले समय में नशा मुक्त और स्वस्थ भारत बनाने की शक्ति रखते हैं।

जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (गौतमबुद्धनगर) की प्रभारी डॉ. श्वेता खुराना ने भारत सरकार के तंबाकू मुक्त भारत 3.0 अभियान के तहत संबोधित करते हुए कहा कि नशा सीधा मस्तिष्क को प्रभावित करता है। तम्बाकू में मौजूद निकोटिन मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को कमजोर करता है, जिससे निर्णय लेने की क्षमता, स्मरण शक्ति और मानसिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। युवाओं में तम्बाकू सेवन का बढ़ना भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है, इसलिए समय पर जागरूकता और हस्तक्षेप बेहद आवश्यक है।




In Loving Memory Of

Sh. S. Krishnamurthy

26 October 1943 - 13 November 2025

Your warmth, wisdom, and steady presence has shaped our lives in ways we'll carry forever. You may be gone, but the imprint of your love stays with us.

Fondly Remembered By:

Jayalakshmi (Wife)
Arunachalam-Lakshmi (Son-Daughter in Law), Vidya-Sanjay (Daughter-Son in Law),
Sriram-Anusha (Son-Daughter in Law)
Grandchildren- Kanishkaa, Kinshuk, Aditya, Srisha, Aaradhya


## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आमंत्रण पर उद्यमी, संवाद में टीएमयू के कुलाधिपति ने की शिरकत

**केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल बोले, 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का दारोमदार श्री अक्षत जैन सरीखे ऊजार्वान युवाओं के कंधों पर, जीवीसी श्री मनीष जैन ने बताई टीएमयू की विकास यात्रा**

समाज जागरण

मुरादाबादः केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के आमंत्रण पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन उद्यमी एवम् व्यापारी संवाद में शामिल हुए। यूपी कैबिनेट में औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में आयोजित इस अति महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए उद्यमियों के संग-संग टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की भी भागीदारी रही। दिल्ली के वाणिज्य भवन में हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य इंडस्ट्रीज प्रमोशन के अलावा देश-प्रदेश के उद्यमियों की दुश्वारियों को जानना रहा। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने दोनों मंत्रियों को आश्वस्त किया, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इस मुकाम तक ले जाएंगे, निकट भविष्य में देश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा। दूसरी ओर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग-संग ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के संग व्यक्तिगत वार्ता भी हुई। परस्पर जय जिनेन्द्र के अभिवादन के संग कुलाधिपति का सार्थक संवाद हुआ। श्री गोयल ईडी श्री अक्षत जैन से मिलकर गदगद नजर आए। उल्लेखनीय है, उद्यमी एवम् व्यापारी संवाद में सबसे युवा उद्यमी श्री अक्षत जैन ही थे।



कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने जीवीसी श्री मनीष जैन के साथ ईडी श्री अक्षत जैन का परिचय कराया। कुलाधिपति ने बताया, श्री अक्षत जैन विदेश से यूजी और पीजी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद यूनिवर्सिटी में अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं। वह टीएमयू को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए संकल्पित हैं। यूनिवर्सिटी हर साल करीब 25 करोड़ की राशि स्कॉलरशिप और चिकित्सा सेवा में चैरिटी करते हैं। श्री गोयल बोले, जापान की तुलना में भारत युवाओं का देश है। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का दारोमदार श्री अक्षत जैन सरीखे ऊजार्वान युवाओं के कंधों पर है। इन युवाओं पर हमारी उम्मीद टिकी है। हमें उद्योगों विशेषकर शिक्षा की उन्नति के लिए श्री अक्षत जैन जैसे युवाओं को आगे लाना होगा। यहां यह उल्लेखनीय है, श्री पीयूष गोयल और श्री अक्षत जैन की शिक्षा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से हुई है। श्री गोयल के बच्चों की शिक्षा का संबंध भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से है। श्री गोयल से गुफ्तगू में जीवीसी के संग श्री अक्षत जैन ने न केवल टीएमयू की विकास यात्रा की चर्चा की, बल्कि भविष्य का ब्लूप्रिंट भी रखा। कैबिनेट मंत्री को टीएमयू की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए श्री अक्षत जैन बोले, रिसर्च, नवाचार, स्टार्टअप्स के संवर्द्धन के प्रति हम संकल्पित हैं। अंत में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और यूपी कैबिनेट में औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को यूनिवर्सिटी आने का आमंत्रण दिया।

## टीएमयू में क्रिकेट बालिका वर्ग के सेमीफाइनल के लिए भिड़ेंगी मुरादाबाद-उत्तराखंड की टीमें

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से बालिका वर्ग की इण्टर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप, बालिका वर्ग की इस चैंपियनशिप विल्सोनिया स्कॉलर होम की प्राचार्या श्रीमती श्वेतांगना संतराम ने बतौर मुख्य अतिथि बैटिंग करके किया शुभारम्भ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इण्टर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप बालिका वर्ग में मुरादाबाद के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, जेके कॉन्वेंट स्कूल, पीएमएस स्कूल और केवी पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। क्वार्टर फाइनल्स में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने राजेंद्र अकादमी- गजरौला, जेके कॉन्वेंट स्कूल ने सेंट मीरा अकादमी- मुरादाबाद, पीएमएस स्कूल ने विल्सोनिया स्कॉलर्स- मुरादाबाद और केवी पब्लिक स्कूल ने ग्रीन मिडोज स्कूल- मुरादाबाद को मात दी। फर्स्ट क्वार्टर फाइनल में राजेन्द्र अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने 5 विकेट खोकर 10 ओवरों में 66 रन बनाकर राजेंद्र अकादमी को 67 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजेन्द्र अकादमी 5 विकेट खोकर सिर्फ 62 रन ही बना सकी और सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने 4 रनों से जीत हासिल करी। सेंट मैरी कॉन्वेंट की हिमानी प्लेयर ऑफ द मैच बनी। हिमानी ने 30 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। साथ ही 2 ओवरों में 12 रन देकर 3 विकेट भी हासिल करे। तीन दिनी इण्टर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप बालिका वर्ग का विल्सोनिया स्कॉलर होम की प्राचार्या श्रीमती श्वेतांगना संतराम ने बतौर मुख्य अतिथि बैटिंग करके शुभारम्भ किया। इस मौके पर टीएमयू के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। क्रिकेट चैंपियनशिप में मुरादाबाद कमिश्नरी और उत्तराखंड की बालिका वर्ग की लगभग 20 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

दूसरा क्वार्टर फाइनल में जेके कॉन्वेंट ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए सेंट मीरा ने 6 विकेट के नुकसान पर 10 ओवरों में 59 रन बनाकर 60 रनों का लक्ष्य दिया। जेके कॉन्वेंट ने यह लक्ष्य 2 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच खुमान रही, जिसने 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 23 रन बनाए और 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट भी चटकाए। तीसरे क्वार्टर में पीएमएस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। विल्सोनिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर विपक्षी टीम को 72 रनों का लक्ष्य दिया। पीएमएस ने यह लक्ष्य सिर्फ 7 ओवरों में 1 विकेट खोकर 9 विकेट से मैच अपने नाम किया। पीएमएस की सिमरन 25 गेंदों में 37 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच में केवी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन मिडोज ने 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाए। 58 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवी पब्लिक स्कूल ने 9 ओवरों में 3 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**



गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगाड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.